जबलपुर

शुक्रवार, 28 जून 2024
- आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-7
- वर्ष : 19, अंक : 59
- पृष्ठ : 14 , मूल्य: 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 34
न्यून. 26

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


शेयर बाजार ने रचा इतिहास

### 31 साल में दूसरी बार हुआ ये कारनामा

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार लगातार चौथे दिन तेजी के साथ बंद हुआ। जिसमें लगातार तीन दिनों तक नए रिकॉर्ड बनें। सेंसेक्स ने पहले 78 हजार के लेवल को क्रॉस किया तो उसके 24 घंटे के बाद 79 हजार अंकों के लेवल को भी पार कर गया। तीन दशकों में दूसरी सबसे तेज स्पीड के साथ निफ्टी में 1000 अंकों की तेजी देखने को मिली। निफ्टी गुरुवार को 24 हजार अंकों को पार कर गया है। 23 हजार से 24 हजार अंकों तक पहुंचने के लिए निफ्टी को इस बार सिर्फ 23 कारोबारी दिन लगे हैं।






राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए इस बात की जानकारी दी

# अब पूरे देश में दौड़ेगी बुलेट ट्रेन...केंद्र सरकार देश में इसकी संभावनाओं पर कराएगी 'अध्ययन'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अहमदाबाद से मुंबई को जोड़ने वाली बुलेट ट्रेन के प्रोजेक्ट पर तेजी से काम चल रहा है। इस बीच सरकार ने घोषणा की है कि वह पूरे देश में इसकी संभावनाओं पर विचार करेगी और उसके लिए स्टडी कराएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए इस बात की जानकारी दी है। देश में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मेरी सरकार ने देश के उत्तर, दक्षिण और पूर्व में बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए अध्ययन शुरू करने का फैसला किया है।

*राष्ट्रपति ने बताया कि 'माई भारत' में अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक युवा रजिस्ट्रेशन करा चुके*

सरकार 'डिजिटल यूनिवर्सिटी' बनाने की दिशा में भी काम कर रही



**हाईस्पीड रेल ईकोसिस्टम पर तेजी से काम हो रहा**

राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे कहा कि अहमदाबाद और मुंबई के बीच हाई-स्पीड रेल ईकोसिस्टम पर भी काम तेजी से चल रहा है। 508 किलोमीटर लंबा अहमदाबाद-मुंबई हाई-स्पीड कॉरिडोर देश का पहला ऐसा कॉरिडोर है, जिस पर बुलेट ट्रेन 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी और सूरत, वडोदरा और अहमदाबाद में सीमित स्टॉप के साथ पूरी दूरी केवल 2 घंटे 7 मिनट में तय करेगी।

### 2026 तक काम पूरा होने की उम्मीद

प्रोजेक्ट का निर्माण कर रही नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सूरत और बिलिमोरा के बीच इसके पहले चरण का काम अगस्त 2026 तक पूरा होने का ऐलान किया है। भारत की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को दुनिया में सबसे बेहतर बनाने के लिए सरकार की कोशिशों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 10 सालों में मेट्रो 21 शहरों तक पहुंच चुकी है।

### हाईवे और एक्सप्रेसवे का जाल बिछ रहा

राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत में हाईवे और एक्सप्रेसवे का जाल बिछ रहा है। नेशनल हाईवे बनाने की रफ्तार भी पहले से दोगुनी हो गई है। बता दें कि अहमदाबाद से मुंबई तक चलने वाली ट्रेन पश्चिम भारत को जोड़ेगी। इसी तरह अब कोलकाता से दिल्ली समेत कई ऐसे रूटों पर ट्रेनें चलाने का प्लान है।

### पीएम ने राष्ट्रपति के संबोधन को प्रगति और सुशासन का 'रोडमैप' बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को



राष्ट्रपति के संसद के संयुक्त सत्र में संबोधन को व्यापक बताया और कहा कि इसमें प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण की प्रशंसा करते हुए कहा कि संसद के दोनों सदनों को राष्ट्रपति जी का अभिभाषण व्यापक और प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत करता है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सभी स्मार्टफोन-टैबलेट में होगा टाइप-सी पोर्ट

**नई दिल्ली।** यूरोपियन यूनियन की तरह ही भारत में भी अब एक तरह की डिवाइस के लिए एक ही तरह



के चार्जर का इस्तेमाल होगा। यूरोपियन यूनियन में साल 2022 में यह कानून लागू हुआ था। अब भारत सरकार भी इस तरह के कानून को लागू करने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2025 से भारत में बिकने वाले सभी मोबाइल और टैबलेट में एक कॉमन टार्जर का इस्तेमाल होगा जो कि यूएसबी टाइप-सी होगा। इस कानून को लागू करने के पीछे का बड़ा कारण इलेक्ट्रॉनिक कचरे को कम करना है।

### राज्यसभा में मप्र के 3 सदस्यों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सदस्य के रूप में मप्र से निर्वाचित तीन सांसदों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने भाजपा सांसद बालयोगी उमेशनाथ, बंशीलाल गुर्जर और माया नरोलिया को



शपथ दिलाई। शपथ के बाद सांसद बालयोगी उमेशनाथ ने सभापति के गले में दुपट्टा डाला। कांग्रेस के अखिलेश प्रताप सिंह, झामुमो के डॉ. सरफराज अहमद, भाजपा के प्रदीप कुमार वर्मा को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ भी दिलाई।

**मानसून मेहरबान:** बंगाल की खाड़ी में फिर एक्टिव हो रहा सिस्टम, शाम को हुई झमाझम बारिश

# सीधी व सिंगरौली छोड़ पूरा प्रदेश कवर कल के बाद और बढ़ेगी बारिश की रफ्तार



*उत्तर पश्चिमी मध्य प्रदेश से गुजर रही ट्रफ लाइन, कुछ दिन में प्रदेशभर में आएगी बारिश की गतिविधियों में तेजी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मानसून की मेहरबानी लगातार बनी हुई है। गुरुवार को दक्षिण पश्चिम मानसून ने प्रदेश के केवल दो जिलों सहित उत्तरी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों को छोड़कर शेष पूरे प्रदेश को कवर कर लिया है। कवर करने वाले जिलों में ग्वालियर, श्योपुरकलां, भिंड, मुरैना, दतिया तथा निवाड़ी जिले शामिल हैं। केवल सीधी तथा सिंगरौली के उत्तरी हिस्सों को छोड़कर शेष प्रदेशभर में मानसून ऑनसेट हो चुका है।

- रतलाम, उज्जैन, मंदसौर सहित कुछ जिलों में आज तेज बारिश का अनुमान, भोपाल सहित दो दर्जन जिलों में मध्यम बारिश होगी
- किसानों को मौसम केंद्र ने जारी की विशेष सलाह, मध्य और दक्षिणी हिस्सों में पर्याप्त बारिश होने की स्थिति, बोवनी की तैयारी कर सकते हैं



### यहां 50 से 125 मिमी तक बारिश

घाटीगांव 129.2, गोहद 122, लटेरी 100.5, भिंड 80, मुरैना 78.6, सीहोरा 70.8, पिछोर 70, कुसमी 68, ओरछा 62, नबीबाग 61.2, पथरिया 53, पोरसा 52, ग्वालियर 51.1, बेगमगंज 49.6, दतिया 49, नरसिंहगढ़ 49 में मिमी तक बारिश हुई है।

### अब ये है मानसून की स्थिति

गुरुवार को मानसून की उत्तरी सीमा अरब सागर के शेष भागों में, गुजरात, राजस्थान के कुछ और भागों, मध्य प्रदेश के लगभग सभी भागों में आगे बढ़ा है। मप्र में सीधी तथा सिंगरौली के उत्तरी हिस्सों को छोड़कर शेष भागों में मानसून ऑनसेट हो गया है।

### दो दिन में प्रदेश कवर

अगले 2-3 दिनों के दौरान राजस्थान, मप्र, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार के शेष हिस्सों में, उप्र, चंडीगढ़ और हरियाणा के कुछ और हिस्सों,हिमाचल प्रदेश और जम्मू के हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं।

### आज यहां सामान्य बारिश का यलो अलर्ट

शुक्रवार तक भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, इंदौर, देवास, शाजापुर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडौरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला,बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, पांढुर्ना आदि जिलों में सामान्य से मध्यम बारिश होगी।

### अभी बने हैं तीन सिस्टम

वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ एक ट्रफ के रुप में सक्रिय है। पश्चिमी राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना है। मध्य गुजरात के ऊपर भी सर्कुलेशन बना हुआ है।

**सीएम ने नागरिकता प्रमाण-पत्र देकर की शुरुआत**

# पाकिस्तान व बांग्लादेश से आए तीन लोगों को मिली नागरिकता खुशी से झूम उठे लाभार्थी

मुख्यमंत्री ने कहा मूल रूप से विदेशी नहीं, अखण्ड भारत के हिस्सा थे तत्कालीन सरकार के भरोसे से वहां रह गए थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार ने गुरूवार को पहली बार पाकिस्तान व बांग्लादेश से आए तीन आवेदकों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत भारतीय नागरिकता का प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। सीएए के तहत पहले आवेदक समीर सेलवानी और संजना सेलवानी के पिता पाकिस्तान में रह रहे थे। 2012 से भारत में रह रहे हैं। इन्होंने सीएए के तहत मई में आवेदन किया था। तीसरी आवेदक राखी दास बांग्लादेश से हैं। इन्हें भी आज भारतीय नागरिकता का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### इनके जैसे और भी लोग आएंगे तो स्वागत है

मुख्यमंत्री ने कहा कि बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सरकारें उनकी सुरक्षा उपलब्ध नहीं करा पा रही थी। सीएए आने के बाद तमाम ऐसे परिवारों के लोग हमारे पास आ रहे हैं। आखिर यह सभी अपने ही तो हैं। यह अपने धर्म को बचाने के लिए अपने मूल देश में आ रहे हैं।

### आज हमारी खुशी का ठिकाना नहीं है

समीर सेलवानी व संजना सेलवानी के पिता प्रदीप कुमार सेलवानी 2012 में ही पाकिस्तान से मप्र आ गए थे। उन्होंने भोपाल के लालघाटी में अपना आशियाना बनाया और बाद में बच्चों को भी ले आए। वे बताते हैं कि आज उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रह गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जमकर तारीफ की। बांग्लादेश से यहां आई राखी बताती हैं कि पहले उन्हें बैंक अकाउंट खुलवाने में भी दिक्कतें थीं। हालांकि वे 2004 में यहां आ गई थी।

तबीयत खराब के बाद एम्स में हुए थे भर्ती


### पूर्व उप प्रधानमंत्री आडवाणी 'डिस्चार्ज' होकर आ गए घर



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी डिस् चार्ज होकर घर आ गए हैं। 96 वर्षीय आडवाणी को बुधवार देर रात दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था।

इस पर खर्च हुए थे 450 करोड़

### अचानक कार पर आ गिरा डुमना एयरपोर्ट का नया शेड



**जबलपुर।** डुमना एयरपोर्ट पर एक कार हवाई यात्री को छोड़ने के लिए पहुंची थी। इसी दौरान ड्रॉप एंड गो साइट पर कार खड़ी करके कार सवार अधिकारी और ड्राइवर बाहर उतर गए। लेकिन चंद मिनट बाद ही एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग के मेन गेट के बाहर पोर्च में खड़ी कार के ऊपर कैनोपी टेंट का हिस्सा गिर गया।

फीस बढ़ोत्तरी पर भोपाल में एक्शन

### डीपीएस, कैंपियन, सेज, चैतन्य स्कूलों से होगी फीस वसूली



**भोपाल।** राजधानी के निजी स्कूलों में मनमानी फीस बढ़ोतरी को लेकर हुई जांच में पहली बार जिला प्रशासन ने शहर के चार बड़े स्कूलों पर एक्शन लिया है। जिसके तहत डीपीएस कोलार, कैंपियन, सेज इंटरनेशनल और चैतन्य टेक्नो स्कूल प्रबंधकों से छात्रों की लिस्ट मांगी गई है।

*रवि अत्री से पूछताछ में बड़ा खुलासा*

### 'पेपर बॉक्स' तोड़ने के लिए बुलाए जाते हैं संजीव मुखिया गैंग एक्सपर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेपर बॉक्स तोड़ने के लिए संजीव मुखिया गैंग के एक्सपर्ट बुलाए जाते थे। रवि अत्री से पूछताछ में यह बड़ा खुलासा हुआ है। नीट पेपर लीक विवाद में बिहार पुलिस मुख्य आरोपी संजीव मुखिया की तलाश कर रही है।



#### पटना से मनीष प्रकाश और आशुतोष को किया गिरफ्तार

**पटना।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने पहली गिरफ्तारी की है। सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए पटना से नीट पेपर लीक मामले के आरोपी मनीष प्रकाश और आशुतोष को गिरफ्तार किया है।

केस वापस लेने किसान पर जुल्म

### पत्थर से सिर फोड़ा और काट दी तीन अंगुलियां

**गुना।** जिले में 7 साल पहले हमलावरों ने



- बेटे की पहले ही हत्या कर चुके हैं आरोपी

किसान के बेटे का भी मर्डर कर दिया था। लोअर कोर्ट से आरोपी बरी हो गए। अब केस हाई कोर्ट में है। आरोपी केस वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। इसके चलते पहले किसान का पत्थर मारकर सिर फोड़ा। इसके बाद उसके बाएं हाथ की तीन अंगुलियां काट दीं। होश में आने पर तड़के 3 बजे किसान घर पहुंचा।

**कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे के कुछ दिन बाद ही रेलवे बोर्ड को भेजा गया प्रस्ताव**

# बदलाव: वंदे भारत और गतिमान एक्सप्रेस की स्पीड अब 160 से 'घटकर' 130 किमी प्रति घंटा होगी

*रेलवे ने ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई रूटों पर कवच सिस्टम लगाने का काम तेज किया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में वंदे भारत और गतिमान एक्सप्रेस जैसी प्रीमियम ट्रेनें अपनी तेज रफ्तार के लिए पहचानी जाती हैं। लेकिन अब रेलवे इन ट्रेनों की स्पीड कम करने के बारे में विचार कर रहा है। हाल ही में उत्तर मध्य रेलवे ने कुछ ट्रेनों की स्पीड को कम करने की गुजारिश की है। दरअसल, पश्चिम बंगाल के कंजनजंगा में हुई ट्रेन दुर्घटना के बाद सुरक्षित ट्रेन परिचालन को लेकर रेलवे की चिंता बढ़ गई है।



### अब वंदे भारत समेत इन प्रीमियर ट्रेनों को 30 मिनट ज्यादा वक्त मिलेगा

उत्तर केंद्रीय रेलवे ने रेलवे बोर्ड को पत्र लिखा है। इसमें ट्रेन नंबर 12050/12049 दिल्ली-झांसी-दिल्ली गतिमान एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 22470/22469 दिल्ली-खजुराहो-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 20172/20171 दिल्ली-रानी कमलापति-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस और ट्रेन नंबर 12002/12001 दिल्ली-रानी कमलापति-दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस की रफ्तार कम कराने का सुझाव दिया गया है।




## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर विपक्ष ने जताई नाराजगी

# 49 साल बाद आपातकाल का जिक्र करना तार्किक नहीं

### इमरजेंसी की बात पर कांग्रेस ने 'शेम-शेम' करके विरोध किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के संयुक्त सदन को संबोधित किया। राष्ट्रपति के अभिभाषण के माध्यम से सरकार अपने कार्यक्रमों और नीतियों की रूपरेखा बताती है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सत्तारूढ़ दल संसद के दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पेश करेगा, जिस पर चर्चा भी होगी। राष्ट्रपति ने चुनाव में जीतने वाले सांसदों को बधाई दी है। इस दौरान विपक्षी दलों ने नीट पेपर लीक मुद्दे को राष्ट्रपति द्वारा जिक्र होने पर शोर मचाया। इसके अलावा जब राष्ट्रपति ने 1975 की इमरजेंसी का जिक्र किया तो एक तरफ जहां सत्ता पक्ष के सांसद 'शेम-शेम' करके विरोध करने लगे तो, दूसरी ओर इमरजेंसी का जिक्र करने पर कांग्रेस सांसदों ने नाराजगी जाहिर की।

कांग्रेस सांसद थरूर ने इस पर आपत्ति जताई और कहा कि इतने साल बाद बात हो रही




### कांग्रेस ने संविधान को चोट पहुंचाईः गिरिराज



संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण में आपातकाल पर की गई टिप्पणी पर भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने कहा कि अगर किसी ने संविधान को चोट पहुंचाई है तो वह कांग्रेस पार्टी है। नई पीढ़ी को उस दौर के बारे में जानने का अधिकार है।

**कांग्रेस ने संविधान की धज्जियां उड़ाई, आज साथ लेकर घूम रहेः मांझी**



आपातकाल पर राष्ट्रपति के बयान पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि आपातकाल एक काला दिन था। उस दिन को याद रखना जरूरी है क्योंकि कांग्रेस ने संविधान की धज्जियां उड़ाई थीं और आज वे संविधान की प्रतियां लेकर घूम रहे हैं। लोगों को समझना चाहिए कि संविधान को कोई खतरा नहीं है, अगर कोई खतरा है तो वो उन लोगों (कांग्रेस) से है जो 1975 में थे।

### मोदी सरकार के नाम कई उपलब्धियांः देब



*राष्ट्रपति के अभिभाषण पर भाजपा सांसद बिप्लब कुमार देब ने कहा कि इस अभिभाषण में राष्ट्रपति ने स्पष्ट रूप से नरेंद्र मोदी सरकार की पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख किया और आने वाले समय में किए जाने वाले कार्यों के बारे में भी बताया। जिस तरह से पीएम ने पिछले 10 वर्षों में काम किया है, वह आने वाले समय में भी उसी स्पष्टता और ईमानदारी के साथ काम करेंगे। इससे देश को लाभ होगा।*

### सरकार ने योजनाओं के बारे में बतायाः शांभवी



*राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोजपा (रामविलास) सांसद शांभवी चौधरी ने कहा कि मैं हमेशा कहती हूं कि विपक्ष का काम हर समय कुछ न कुछ बोलते रहना है। मेरा मानना है कि राष्ट्रपति ने बहुत ही संक्षिप्त तरीके से हमें बताया कि एनडीए सरकार ने देश के लिए क्या किया है और भविष्य में वे देश के लिए क्या करना चाहते हैं? उन्होंने हर योजना की जानकारी दी, पहली बार के सांसदों को उनके भाषणों से बहुत कुछ सीखने को मिला।*

### नीट परीक्षा या बेरोजगारी के बारे में कुछ नहीं कहाः थरूर




*राष्ट्रपति के संबोधन पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि 49 साल बाद संबोधन में आपातकाल के बारे में बात करने का कोई तर्क नहीं था। उन्हें आज के मुद्दों पर बोलना चाहिए था। हमने नीट परीक्षा या बेरोजगारी के बारे में कुछ नहीं सुना। मणिपुर शब्द राष्ट्रपति या पीएम मोदी से नहीं निकला। भारत-चीन सीमा जैसे मुद्दों को संबोधन में उठाया जाना चाहिए था।*

## खबर संक्षेप

### जुलाई महीने में 12 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** जुलाई में 12 दिन बैंकों में छुट्टी रहेगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की के अनुसार जुलाई



में पड़ रहे अवकाश में रीजनल, नेशनल हॉलिडे के साथ-साथ दूसरे और चौथे शनिवार और रविवार की छुट्टियां शामिल हैं। एमएचआईपी डे, रथयात्रा, मुहर्रम और शहीद ऊधम सिंह दिवस पड़ रहे हैं। अलग-अलग राज्यों में छुट्टी के चलते बैंक बंद रहेंगे।

### कुशवाहा को राज्यसभा भेजने की अटकलें

**नई दिल्ली।** भाजपा उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेज सकती है। अटकलें हैं कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले



कुशवाहा समाज को जोड़ने की कोशिश में भाजपा ऐसा प्लान बना रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की जमीन खिसकने का एक कारण जातीय गणित का योजनाबद्ध प्लान नहीं बना पाना था भाजपा इस गलती को दोहराना नहीं चाहती है।

### सीएम मान की पोस्ट केजरीवाल झुकेंगे नहीं

**चंडीगढ़।** पंजाब के सीएम भगवंत मान ने गुरुवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय



संयोजक अरविंद केजरीवाल पर चाहे जितने भी अत्याचार किए जाएं वह झुकेंगे नहीं। मान का यह बयान दिल्ली के मुख्यमंत्री को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद आया है।

### सिक्किम के पहले निर्वाचित सांसद नहीं रहे

**गंगटोक।** सिक्किम की सियासत का प्रमुख चेहरा रहे पहलमान सुब्बा का निधन हो गया।



लोकसभा के पूर्व सदस्य पहलमान सुब्बा का लंबी बीमारी के बाद गंगटोक के समीप एक अस्पताल में गुरुवार को निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। सुब्बा ने सिक्किम जनता पार्टी के टिकट पर 1980 का चुनाव सफलतापूर्वक लड़ा और 1984 तक सांसद रहे।

### नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने किया सुसाइड

**कोटा।** राजस्थान का कोचिंग हब कहे जाने वाले कोटा से एक और दुखद खबर है। दादाबाड़ी थाना क्षेत्र



में रहकर नीट की तैयारी कर रहे एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। हॉस्टल के कमरे में छात्र मृत पाया गया। पुलिस छात्र को लेकर एमबीएस अस्पताल पहुंची तो उसे मृत घोषित किया गया। मृतक छात्र ऋषित अग्रवाल बिहार के भागलपुर का रहने वाला था।

### राज्य सरकार ने फेरीवालों को भी नहीं बख्शा, प्रशासन ने हटा दिया

# भाजपा के कार्यालय पर भी चला बुलडोजर पुलिस और पार्टी कार्यकर्ताओं में हाथापाई

**सीएम ममता ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई तेज की**

मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कोलकाता और उसके पड़ोसी क्षेत्र साल्ट लेक में फुटपाथों पर अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। फेरीवालों पर भी रहम नहीं किया।

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता सहित राज्य के कई जिलों में मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के निर्देश के बाद अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। इसी के तहत कोलकाता में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कार्यालय तोड़ दिया। कोलकाता के तारातला के गोरागाचा में जहां भाजपा का ऑफिस तोड़ा गया, वहां जब पुलिस पहुंची तो भाजपा कार्यकर्ताओं से उनकी कहासुनी हो गई।

साथ ही हाथापाई की भी नौबत आ गई थी। पश्चिम बंगाल पुलिस ने पिछले दो दिन में हजारों की संख्या में फुटपाथ पर लगी दुकानों को हटाया है। मुख्यमंत्री बनर्जी ने फुटपाथ पर कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे अभियान को लेकर गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक भी की थी।

**फुटपाथ पर लगी दुकानों को भी तोड़ा**





### पुलिस को दिए थे हटाने के निर्देश

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोलकाता और साल्ट लेक में खाद्य पदार्थ, वस्त्र और विभिन्न उत्पाद बेचने के लिए दुकान लगाने वाले फेरीवालों को इन्हें हटाने के लिए कहा गया था। उन्होंने बताया कि कोलकाता पुलिस ने मंगलवार सुबह से ही जेसीबी मशीन की मदद से भवानीपुर क्षेत्र में सरकारी एसएसकेएम अस्पताल के सामने के फुटपाथ, हाटीबागान और गरियाहाट इलाकों सहित शहर के विभिन्न हिस्सों से अतिक्रमणकारियों को हटा दिया।

### जेसीबी से हटाए जा रहे अतिक्रमण

कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम शहर के फुटपाथों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं होने देंगे। सबसे पहले रेहड़ी-पटरी वालों कह रहे हैं कि वे अपने व्यवसाय चलाने बने अस्थायी ढांचों को हटा लें। वे सहयोग नहीं किए तो अतिक्रमण को हटाने के लिए हम जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया। इस मामले में कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि हम शहर के फुटपाथों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि वे इसकी जानकारी दे दिए हैं।

### दो दिन में हजारों दुकानों को हटाया गया



पश्चिम बंगाल पुलिस ने पिछले 2 दिन में हजारों की संख्या में फुटपाथ पर लगी दुकानों को हटाया है। सीएम बेनर्जी ने फुटपाथ को कब्जा किए लोगों के खिलाफ प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे अभियान को लेकर गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक भी कि थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोलकाता और साल्ट लेक में खाद्य पदार्थ, वस्त्र और विभिन्न उत्पाद बेचने के लिए दुकान लगाने वाले फेरीवालों को इन्हें हटाने के लिए कहा गया है। ऐसे में उन्होंने कहा कि कोलकाता पुलिस ने मंगलवार सुबह से ही जेसीबी मशीन की मदद से भवानीपुर क्षेत्र में सरकारी एसएसकेएम अस्पताल के सामने के फुटपाथ, हाटीबागान और गरियाहाट इलाकों सहित शहर के विभिन्न हिस्सों से अतिक्रमणकारियों को हटाना शुरू कर दिया है।

### एसपी-आरजेडी की मांग पर बरसी भाजपा

# सेंगोल को अब कोई नहीं हटा सकता, संसद का सम्मान करें



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा के विशेष सत्र में तमाम मुद्दों के साथ सेंगोल एक बार फिर चर्चा में है। समाजवादी पार्टी ने संसद भवन में सेंगोल को हटाकर उसके स्थान पर संविधान रखने की मांग की है। सपा सांसद आरके चौधरी ने एक चिट्ठी लिखकर संसद भवन से सेंगोल को हटाने की मांग की है। अब इसके लेकर भाजपा ने विरोध जताया है। चौधरी ने कहा, संविधान लोकतंत्र का प्रतीक है।

पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने संसद में सेंगोल स्थापित किया। 'सेंगोल' का अर्थ है 'राज-दंड'। क्या देश 'राजा का डंडा' से चलेगा या संविधान से? एसपी नेता के बयान पर भाजपा सांसद महेश जेठमलानी ने कहा कि सेंगोल राष्ट्र का प्रतीक है। सेंगोल को स्थापित किया गया था, उसको अब कोई नहीं हटा सकता।

### लाखों भक्तों का अपमान किया

इसके बाद भाजपा नेता सीआर केसवन ने चौधरी की टिप्पणियों को अपमानजनक बताया। सीआर केसवन ने कहा कि चौधरी की टिप्पणी अपमान जनक है। उन्होंने लाखों भक्तों का अपमान किया है। उन्होंने संसद की पवित्रता को भी कमजोर किया है। उन्होंने राष्ट्रपति के कार्यालय का भी दुरुपयोग किया है। लेकिन चौधरी से इससे बेहतर क्या उम्मीद कर सकते हैं। इस बीच,अखिलेश यादव ने चौधरी का बचाव करते हुए सुझाव दिया कि यह टिप्पणी प्रधानमंत्री के लिए एक चेतावनी हो सकती है।जब सेंगोल स्थापित किया गया था, तो पीएम ने उसके सामने सिर झुकाया था। शपथ लेते समय वह यह भूल गए होंगे। शायद हमारे सांसद की टिप्पणी उन्हें यह याद दिलाने के लिए थी।

### संविधान पर नजर डाले सपाः वर्मा

केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने सेंगोल हटाने का विरोध जताया है और सपा नेताओं पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सपा नेता को संविधान और संसदीय परंपराओं को देखना चाहिए। सपा सांसद ऐसा कह रहे हैं, उन्हें पहले संसदीय परंपराओं को जानना चाहिए और फिर बोलना चाहिए। जो स्वाभिमान का प्रतीक है, उसे हटाने की बात कर रहे हैं। उन्हें संविधान और संसदीय परंपराओं पर नजर डालनी चाहिए।

# बीएसएनएल के सर्वर में लगी 'सेंध' हैकर के हाथ पहुंचा 278जीबी डेटा

कंपनी ने अब तक आधिकारिक बयान नहीं दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के सर्वर में सेंध लगने की खबर है। बताया जा रहाहै कि बीएसएनएल के करीब 278 जीबी डेटा हैकर्स के पास पहुंचा है। इस डाटा लीक में लोगों के सिम कार्ड से जुड़ी जानकारी जैसे मोबाइल नंबर, घर का एड्रेस, सर्वर सिक्योरिटी कीज आदि शामिल हैं।

इन डेटा का इस्तेमाल गलत कार्यों में किया जा सकता है और इन डाटा की मदद से लोगों को साइबर ठगी का शिकार भी बनाया जा सकता है। इस डाटा लीक की जानकारी डिजिटल रिस्क मैनेजमेंट फर्म एथेनियन टीच टेक ने दी है। इस डाटा लीक की घटना को किबरफॉनटोम नाम के हैकर ने अंजाम दिया है। कहा जा रहा है कि यह डार्क वेब पर उसका निक नेम हो सकता है। अभी तक यह साफ नहीं है कि यह डेटा लीक किसी हैकर ने किया है या किसी हैकर ग्रुप ने।

फिलहाल किसी हैकर या समूह का नाम इसमें नहीं आया सामने




### सोलरिस सर्वर का डेटा भी शामिल

*रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि लीक हुए बीएसएनएल के इस डाटा में यूजर्स की जानकारी के अलावा भी कई संवेदनशील जानकारियां हैं। लीक डाटा में सर्वर का भी स्नैपशॉट शामिल है। लीक हुआ डाटा में इंटरनेशनल मोबाइल सब्सक्राइबर आइडेंटिटी नंबर के अलावा,सिमकार्ड की डीटेल, पिन कोड, ऑथेंटिकेशन कीज जैसी कई जानकारी हैं। लीक डाटा में बीएसएनएल के सोलरिस सर्वर का डाटा भी शामिल है। इन डाटा का इस्तेमाल सिम कार्ड क्लोनिंग के लिए भी हो सकता है। बीएसएनएल ने इस डाटा लीक पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।*

### कुछ शायराना अंदाज में फड़णवीस से मिले उद्धव



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हो गया है। इस दौरान देवेंद्र फड़णवीस, एकनाथ शिंद, अजित पवार और उद्धव ठाकरे समेत तमाम दिग्गज नेता सदन में पहुंचे। उद्धव ठाकरे और देवेंद्र फड़णवीस की मुलाकात की काफी चर्चा रही। दोनों नेता जब जा रहे थे तो वहां लिफ्ट के बाहर दोनों आमने-सामने आ गए। फिर ना-ना करते प्यार तुम्ही से कर बैठ अंदाज में बातें हुईं।

### लोक कलाकारों की प्रस्तुति



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के कांतीरावा स्टेडियम में गुरुवार को बेंगलुरु के संस्थापक नादप्रभु केंपेगौड़ा की जयंती समारोह के दौरान लोक कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

### कोझिकोड की ऊंची चोटियों पर भूस्खलन होने से भारी तबाही

# केरल में बारिश से भारी नुकसान, अभी राहत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल के कई हिस्सों में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए, पेड़ उखड़ गए और नदियों तथा बांधों का जलस्तर भी बढ़ गया। समुद्र की ऊंची लहरों ने त्रिशूर और एर्नाकुलम जैसे कई जिलों के तटीय हिस्सों को अपनी चपेट में ले लिया। कोझिकोड की ऊंची चोटियों पर भूस्खलन होने से भारी तबाही हुई।

एर्नाकुलम जिला प्रशासन ने मुवत्तुपुझा और थोडुपुझा नदियों के तट पर रहने वाले लोगों से सावधानी बरतने का आग्रह किया है। केरल में लगातार हो रही बारिश के कारण शैक्षणिक संस्थानों में छुट्टी का ऐलान किया गया है।

### देशभर में ज्यादातर जगहों पर मानसून ने दी दस्तक



### उत्तर प्रदेश में जल्द दिखेगा असर

पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में अचानक ये बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों की मानें तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मानसून पहुंच गया है और जल्द ही पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इसका असर देखने को मिलेगा। आने वाले 48 घंटे में ही मानसून पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत एनसीआर को प्रभावित करेगा।

**कई घर क्षतिग्रस्त, बांधों के द्वार खोले गए**

मंगलवार रात से भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण अलप्पुझा, कन्नूर और इडुक्की जिलों में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। कोल्लम के प्रसिद्ध ओचिरा परब्रह्म मंदिर में 'अन्नदान मंडपम' का एक हिस्सा लगातार बारिश के कारण ढह गया। भारी बारिश और तेज हवाएं चलने के कारण एर्नाकुलम के निकट अलुवा में पेरियार नदी के तट पर कई पेड़ उखड़ गए। अतिरिक्त पानी निकालने के लिए मलंकारा, पंबला और कल्लारकुट्टी जैसे कई बांधों के द्वार खोल दिए गए।

### राजस्थान भारी बारिश की चपेट में

राजस्थान के कई इलाकों में बीते चौबीस घंटे में भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में बारिश का दौर अभी जारी रहेगा। 24 घंटे में भरतपुर, अजमेर व कोटा संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ भारी से अति भारी वर्षा दर्ज की गई है। जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में और उदयपुर, जयपुर संभाग के अनेक भागों में मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई।

### कोर्ट की रेलवे को फटकार

# इस तरह लोकल ट्रेन की यात्रा पर रेलवे को शर्म आनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई की लोकल ट्रेनों से हर रोज लाखों लोग यात्रा करते हैं। खचाखच भरी ट्रेनों में कई बार यात्री हादसे का शिकार हो जाते हैं।

अब यात्रियों की मौत के आंकड़ों को बढ़ता देख बॉम्बे हाईकोर्ट ने मध्य और पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधकों को फटकार लगाई है। उन्होंने उनसे व्यक्तिगत रूप से जांचे गए हलफनामे मांगे। अदालत ने इस गंभीर मुद्दे को सुलझाने के लिए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल देवांग व्यास से भी सहायता मांगी। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र उपाध्याय ने



सुनवाई के दौरान कहा कि इस शब्द का इस्तेमाल करने के लिए मुझे खेद है। मुझे इस बात पर शर्म आती है कि यात्रियों को किस तरह स्थानीय स्तर पर ऐसी यात्रा करने के लिए मजबूर किया जाता है, जिसमें उनकी जान तक चली जाती है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि आशा है कि प्रति हजार यात्रियों पर मृत्यु दर लंदन से कम हो जाएगी।

## नेपाल रेलवे के तरफ से तैयारियां अंतिम चरण में

# जनकपुरधाम से अयोध्याधाम के लिए चलेगी सीधी ट्रेन, संचालन के लिए हुआ समझौता

पहली बार बॉर्डर पार नेपाल में एंट्री करेगी ट्रेन, इससे दोनों देशों के पर्यटकों को आने-जाने में आसानी रहेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या में राम लला के भव्य राम मंदिर निर्माण के बाद से देश से ही नहीं बल्कि विदेश से भी श्रद्धालु श्री राम के दर्शन के लिए आ रहे हैं। ऐसे में अब भारत और नेपाल सरकार ने दोनों देश के बीच अयोध्या से जनकपुर के बीच ट्रेन संचालन के लिए एक समझौता किया है। नेपाल सरकार और भारत के बीच हुए समझौते के तहत जनकपुरधाम से अयोध्याधाम तक के लिए सीधी रेल सेवा के लिए जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके लिए नेपाल रेलवे के तरफ से तैयारियां अंतिम चरण में है।



*नई ट्रेन शुरू हो जाने से यात्रियों को सीतामढ़ी के साथ ही जनकपुरधाम तक की यात्रा में सहूलियत होगी।*

### अभी जनकपुर के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं

देश के किसी शहर से भारतीय रेलवे की जनकपुर तक अभी कोई सीधी ट्रेन सेवा नहीं है। भारतीय सीमा में जयनगर आखिरी स्टेशन है। वहीं तक ट्रेनें जाती हैं। जयनगर से जनकपुर धाम तक भारत की मदद से नेपाल रेलवे मैत्री सेवा के रूप में दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का संचालन कर रहा है।

### अयोध्या से सीतामढ़ी तक जाती है अमृत भारत

अभी सीतामढ़ी से अयोध्या तक मात्र एक ट्रेन अमृत भारत है, जो सप्ताह में एक दिन चलती है। नई ट्रेन शुरू हो जाने से यात्रियों को सीतामढ़ी के साथ ही जनकपुरधाम तक की यात्रा में सहूलियत होगी।




### उद्घाटन के बाद शुरू होगी बुकिंग

नेपाल रेलवे के महाप्रबंधक निरंजन झा ने कहा कि इस रेल सेवा के संचालन की तैयारियां अंतिम चरण में है। इसके उद्घाटन को लेकर दोनों देशों की सरकारों में समन्वय की जा रही है। उन्होंने कहा कि जैसे ही उद्घाटन का समय तय हो जाएगा वैसे ही आम यात्रियों के लिए टिकट की बुकिंग शुरू कर दी जाएगी।

### जनकपुरधाम से शनिवार को दोपहर 1:30 बजे अयोध्या के लिए चलेगी ट्रेन


नेपाल रेलवे के तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक जनकपुरधाम से अयोध्याधाम तक के लिए सीधी रेल सेवा के लिए समय तालिका सार्वजनिक कर दी गई है। नेपाल रेलवे के महाप्रबंधक रंजन झा के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक जनकपुरधाम से प्रत्येक शनिवार को अपराह्न 1:30 बजे अयोध्याधाम के लिए रवाना होने वाली ट्रेन रविवार को सुबह 4 बजे पहुंचेगी और उसी दिन शाम को 5 बजे वापसी होगी जो अगले दिन यानि सोमवार को सुबह 5 बजे जनकपुरधाम पहुंचेगी।

## अल्पसंख्यकों को लेकर उठाए कई सवाल

# अमेरिका ने भारत को धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में घेरा, भारत ने बताया दुष्प्रचार किया जाता है

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका भारत से भले कितनी ही दोस्ती की बातें करता हो, लेकिन भारत को देखने का उसका नजरिया वही पुराना है। तभी तो अमेरिकी विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में भारत में धार्मिक आजादी को लेकर सवाल उठाए गए हैं। यहां तक कहा गया है कि भारत में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। हेट स्पीच, धर्मांतरण विरोधी कानून को लेकर भी चिंता जताई गई है। इतना ही नहीं, इस बार तो बीजेपी को भी घेरा गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय हर साल अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट जारी करता है। इसमें कई देशों के हालात के बारे में टिप्पणी की जाती है। लेकिन पिछले कई वर्षों से इस रिपोर्ट में भारत की आलोचना की जाती रही है। हालांकि, हर बार भारत इसे पक्षपाती बताकर खारिज करता रहा है। पिछले साल भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा था कि इस तरह की रिपोर्ट दुष्प्रचार करने के मकसद से बनाई जाती है। अमेरिका को इस बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए।



अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन

### धार्मिक आजादी को लेकर भारत की प्रतिक्रिया रहीं स्पष्ट

आपको बता दें कि इस रिपोर्ट को लेकर भारत की प्रतिक्रिया बहुत ही साफ रही है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि इस तरह से हरेक साल भारत के खिलाफ दुष्प्रचार किया जाता है। रिपोर्ट में कुछ कानूनों का भी जिक्र किया गया है। जैस- यूएपीए, एफसीआरए, सीएए और गोहत्या कानून। इस रिपोर्ट में सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च को लेकर समीक्षा की गई है। इसमें कहा गया है कि यह एक एनजीओ है, और इसने भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों को लेकर जैसे ही बात की, उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई। उनका एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिया गया। उनकी निगरानी की जाने लगी। अमेरिका ने इस रिपोर्ट में दावा किया है कि सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च धार्मिक और जातीय भेदभाव मिटाने का काम करता है।



भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर

### भारत में एंटी कन्वर्जन कानून हेट स्पीच में चिंताजनक बढ़ोत्तरी

इस बार की रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2023 में भी धार्मिक स्वतंत्रता की स्थितियां लगातार खराब रही हैं। भारत में एंटी कन्वर्जन कानून, हेट स्पीच में चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के घर और पूजा स्थलों को भी तोड़ा गया है। बीजेपी को निशाना बनाते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने भेदभावपूर्ण राष्ट्रवादी नीतियों को बढ़ावा देने का काम किया, जिससे समाज में घृणा बढ़ी है।

## ध्यान भटकाने की एक और नाकाम कोशिश

# यूएन में पाकिस्तान ने फिर अलापा कश्मीर राग, भारत ने फटकारा

एजेंसी ▶▶ एल्बनि

संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान को जमकर खरी-खरी सुनाई। दरअसल, पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र के एक सत्र के दौरान जम्मू कश्मीर का मुद्दा उठाया। जिस पर जवाब देते हुए भारत ने जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान की आधारहीन टिप्पणियों के लिए उसकी आलोचना की। उसने टिप्पणियों को राजनीति से प्रेरित और निराधार बताया।

कहा कि यह उसके अपने देश में बच्चों के खिलाफ जारी गंभीर उल्लंघनों से ध्यान हटाने का एक और आदतन प्रयास है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर खुली बहस के दौरान, संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप प्रतिनिधि आर रवींद्र ने बुधवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अलग-अलग हिस्से हैं।

*न्यूयॉर्क संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप प्रतिनिधि आर रवींद्र ने कहा कि यह और कुछ नहीं बल्कि बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों से ध्यान हटाने का एक और आदतन प्रयास है, जो पाकिस्तान में बेरोकटोक जारी है।*



### मुझे इस मुद्दे पर बोलने दें

*बहस के दौरान अपना बयान समाप्त करने से पहले आर रवींद्र ने कहा, 'मुझे समय के हित में टिप्पणियों का संक्षेप में जवाब देने दें, जो स्पष्ट रूप से राजनीति से प्रेरित और निराधार थीं, जो मेरे देश के खिलाफ एक प्रतिनिधि द्वारा की गई थीं। मैं स्पष्ट रूप से इन आधारहीन टिप्पणियों को खारिज करता हूं और उनकी निंदा करता हूं।'*

### वार्षिक बहस से सामने लाया मुद्दा

भारतीय दूत ने कहा, 'इस साल बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1261 को अपनाए जाने के 25 साल पूरे हो रहे हैं। पिछले कुछ सालों में, वार्षिक बहस ने सशस्त्र संघर्ष की स्थितियों में बच्चों के सामने आने वाली चुनौतियों को सामने लाया है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बच्चों के खिलाफ उल्लंघनों को रोकने और समाप्त करने के महत्व को पहचानने में मदद की है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में हम महासचिव के विशेष प्रतिनिधि के कार्यालय के काम की बहुत सराहना करते हैं। हालांकि, सशस्त्र संघर्षों के बदलते परिदृश्य और बच्चों के सामने आने वाली चुनौतियों को देखते हुए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि इस चुनौती पर केवल उस सरकार द्वारा दृढ़ कार्रवाई करके ही काबू पाया जा सकता है।



(संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप प्रतिनिधि आर रवींद्र)

### बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों से ध्यान हटाने का प्रयास

उन्होंने कहा, 'यह और कुछ नहीं बल्कि बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों से ध्यान हटाने का एक और आदतन प्रयास है, जो उनके अपने देश में बेरोकटोक जारी है। यह इस साल महासचिव की बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर रिपोर्ट में उजागर किया गया है। जहां तक केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का सवाल है, वे भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा थे, हैं और हमेशा रहेंगे, भले ही यह विशेष प्रतिनिधि या उनका देश क्या मानता या चाहता हो।

## सेना के कमांडर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# बोलीविया में तख्तापलट की कोशिश हुई नाकाम



एजेंसी ▶▶ ला पाज

दक्षिण अमेरिकी देश बोलीविया में बुधवार को टैंक और सैनिकों ने राष्ट्रपति भवन का दरवाजा तोड़ने की कोशिश की। बोलीविया के राष्ट्रपति लुइस आर्से ने इसे तख्तापलट की कोशिश बताया। इस दौरान उन्होंने देश के लोगों से तख्तापलट के खिलाफ लामबंद होने का आग्रह किया। सेना के कमांडर को गिरफ्तार किया है।

### जनरल कमांडर को किया गिरफ्तार

तख्तापलट की असफल कोशिश के बाद बोलीवियाई जनरल कमांडर जुआन जोस जुनिगा को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। तख्तापलट के प्रयास के कुछ घंटों बाद बुधवार शाम को बोलीवियाई सशस्त्र बलों के बख्तरबंद वाहन और सैनिक ला पाज स्थित राष्ट्रपति भवन से वापस चले गए।

### लुइस आर्से ने की तख्तापलट की निंदा

*बोलीविया के राष्ट्रपति लुइस आर्से ने तख्तापलट की कोशिश की निंदा की और नागरिकों से एकजुट होकर लोकतंत्र की रक्षा करने का आह्वान किया। नए सेना कमांडर की भी घोषणा की जिसने सैनिकों को वापस जाने का आदेश दिया। आर्से ने कहा, मैं आपका कप्तान हूं और मैं आपको अपने सैनिकों को वापस बुलाने का आदेश देता हूं। और मैं इस अवज्ञा की अनुमति नहीं दूंगा।*

### मंत्रियों से घिरे आर्से

*राष्ट्रपति भवन में मंत्रियों से घिरे आर्से ने एक वीडियो जारी कर कहा, देश तख्तापलट की कोशिश का सामना कर रहा है। हम यहां कासा ग्रांडे में किसी भी तख्तापलट की कोशिश का सामना करने के लिए मजबूती से तैयार हैं। हमें बोलीवियाई लोगों को संगठित करने की जरूरत है।*

## जम्मू-कश्मीरः खाई में गिरी कार, दो की मौत



**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के रियासी में गुरुवार को एक कार खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। कार में चार लोग सवार थे, इनमें से एक की मौत मौके पर ही हो गई। बाकी तीन घायल हुए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान एक घायल ने दम तोड़ दिया। एक मृतक की पहचान रियासी के रहने वाले रत्तन सिंह के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि सावला नाले के पास ड्राइवर का कार से नियंत्रण खो गया, जिसके चलते कार खाई में गिर गई।

## केन्या में उग्र प्रदर्शन के बाद टैक्स बिल वापस

**नैरोबी।** अफ्रीकी देश केन्या ने उग्र प्रदर्शन और हिंसा के बाद नए टैक्स बिल को वापस ले लिया है। केन्याई राष्ट्रपति विलियम रूटो ने स्टेट हाउस से बिल को वापस लेने की घोषणा की। केन्या में मंगलवार को नए टैक्स बिल के खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतर आए थे। वे संसद के बाहर लगे बैरिकेड्स को पार कर अंदर घुस गए, जहां सांसद बिल पर चर्चा कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने संसद में आग लगा दी। पुलिस की फायरिंग में 5 लोगों को मौत हो गई, वहीं करीब 31 लोग घायल हो गए। प्रदर्शन में ज्यादातर युवाओं ने हिस्सा लिया। संसद में हिंसा के दौरान सांसदों के एक अंडरग्राउंड टनल के जरिए बाहर निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने संसद के परिसर में तोड़फोड़ भी की।




## रूस से हुई बड़ी डील, बढ़ेगी दुश्मनों की टेंशन

# भारत में ही होगा एस-400 मिसाइल सिस्टम का मेंटीनेंस

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस से खरीदे गए एस-400 मिसाइल सिस्टम की मेंटीनेंस का काम अब भारत में किया जाएगा। भारत ने रूस से 5.4 अरब डॉलर में एस-400 मिसाइल सिस्टम की पांच यूनिट की खरीद की थी। इनमें से 3 की डिलीवरी हो चुकी है, जबकि दो को रूस ने रोक दिया है। बताया गया था कि रूस, भारत के लिए बनाए गए एस-400 सिस्टम का इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध में कर रहा है। ऐसे में इन सिस्टम्स की डिलीवरी के बाद इनके मेंटीनेंस के लिए एक सेटअप भारत में स्थापित किया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा, जब रूस एस-400 मिसाइल सिस्टम के लिए अपने देश से बाहर कोई मेंटीनेंस फैसिलिटी स्थापित करेगा। रूस ने एस-400 को भारत के अलावा चीन और तुर्की को भी बेंचा है।



### भारतीय कंपनी और अल्माज-एंटे में समझौता

*एक बार जब एस-400 के सभी पांच स्क्वाड्रन भारतीय वायुसेना को मिल जाएंगे, तो भारत में इस एयर डिफेंस सिस्टम के पुर्जों के निर्माण की तैयारी की जाएगी। भारतीय रक्षा उद्योग के एक उच्च पदस्थ सूत्र के अनुसार, भारत में एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के रखरखाव और मरम्मत के लिए एक भारतीय कंपनी और रूसी निर्माता अल्माज-एंटे के बीच समझौता लगभग अंतिम रूप ले चुका है।*



### एस-400 के पुर्जों का भी होगा उत्पादन

*एस-400 स्क्वाड्रन को भारत भर में कई स्थानों पर तैनात किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर देश में ऐसे दो मेंटीनेंस फैसिलिटी स्थापित की जा सकती है। दूसरे चरण में, भारत में सिस्टम के लिए आवश्यक पुर्जों का उत्पादन शुरू करने की तैयारी की जाएगी। इस उद्देश्य के लिए, रूसी कंपनी भारतीय कंपनी के साथ एक संयुक्त उद्यम भी बनाएगी और तकनीकी सहायता प्रदान करेगी। इस कार्य के लिए आवश्यक तकनीक भी रूसी कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।*

### एस-400 कितना शक्तिशाली एयर डिफेंस सिस्टम

*एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम 2 किलोमीटर से 400 किलोमीटर की दूरी से किसी भी तरह के हवाई हमले को रोकने में सक्षम है। इस एयर डिफेंस सिस्टम की तैनाती से चीन या पाकिस्तान की तरफ से होने वाले किसी भी हवाई हमले को पूरी तरह से नाकाम किया जा सकेगा। एस-400 मिसाइल सिस्टम में चार तरह की मिसाइलें होती हैं जिनकी रेंज 40, 100, 200, और 400 किलोमीटर तक होती है।*

## खबर संक्षेप

### बाल देखरेख संस्थाओं को नियमित रूप से मिलेगा अनुदान

**भोपाल।** महिला-बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित बाल देखरेख संस्थाओं को शीघ्र अनुदान राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभाग द्वारा ऐसी संस्थाएं, जिन्हें दो या तीन सालों से अधिक समय से मान्यता दी गई है और वे बिना किसी अनुदान के संस्था का संचालन कर रहे हैं, ऐसी सभी संस्थाओं को सूचीबद्ध कर भविष्य में पीएबी की बैठक में अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री भूरिया ने कहा कि संस्थाओं को लंबे समय से अनुदान न मिलने से इन्हें दी जाने वाली सेवाएं निश्चित तौर पर प्रभावित हुई हैं। इसलिए यह भी सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में इन संस्थाओं को नियमित रूप से अनुदान मिल सके। इसके लिए आवश्यक कार्य-प्रणाली विकसित की जाए।

### नौवीं के नामांकन 10 जुलाई से होंगे शुरू, 30 सितंबर अंतिम तिथि

**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) से संबंधित स्कूलों में कक्षा नौवीं के नामांकन 10 जुलाई से शुरू होगा। इसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई है। वहीं, विद्यार्थी ने जो विषय नौवीं व 11वीं में भरे हैं, वही 10वीं व 12वीं के आवेदन में भर सकेंगे।

### स्कूली बच्चों का भारी बैग, स्कूल शिक्षा विभाग को जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के निजी स्कूलों में बच्चों के बैग के ज्यादा वजन के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने आयुक्त, संचालक, स्कूल शिक्षा विभाग, संचालनालय को जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही बच्चों के लिए नियमानुसार व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के सम्बन्ध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि बच्चों का भारी बैगों के साथ स्कूल जाना-आना शुरू हो गया है।

### अपना दल (एस) 2 जुलाई को मनाएगा जन स्वाभिमान दिवस

**भोपाल।** अपना दल (एस) मध्य प्रदेश इकाई 2 जुलाई को स्व. डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती पर जन स्वाभिमान दिवस मनाएगा। इस अवसर पर कार्यकर्ता जिलों की जेलों में जाकर कैदियों के बीच मिठाई और फल वितरित कर उनके साथ इस विशेष दिन को मनाएंगे। अपना दल के संस्थापक स्व. डॉ. सोनेलाल पटेल ने समाज में हाशिये पर खड़े वर्गों के उत्थान और अधिकारों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया था।

### नेता प्रतिपक्ष राहुल महंगाई और रोजगार की करेंगे बातः पटवारी

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने पर बधाई देते हुए इसे भारत की राजनीति में एक नए अध्याय और कांग्रेस के पुनर्निमाण का स्वर्णिम काल बताया है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के पुत्र राहुल गांधी देश के संविधान को संरक्षित करने में पूरी शिद्दत से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि देश की जनता को विश्वास है कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष के तौर पर सरकार के समक्ष जनता से जुड़े मुद्दे महंगाई, रोजगार की बात करेंगे।

### नर्सिंग एवं पेपर लीक घोटालों को लेकर 1 को कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

**भोपाल।** प्रदेश में हुए नर्सिंग घोटाले और पेपर लीक घोटालों के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर 1 जुलाई को प्रदेश भर में जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन, मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री के पुतला दहन कार्यक्रम किए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने कहा कि प्रदेश में लगातार शिक्षा माफिया के घोटालों से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। शिक्षा विरोधी नीतियों के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटियों धरना-प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम करेंगी।

---

**29 सांसदों का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने अंगवस्त्र पहना कर किया स्वागत**

# भाजपा मध्यप्रदेश के संसदीय दल की दिल्ली में बैठक, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के भविष्य के विकास के लिए रोड मैप पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश संसदीय दल की बैठक दिल्ली के मध्यप्रदेश भवन में हुई। बैठक में मध्यप्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर विजयी होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, उप मुख्यमंत्री द्वय जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।



### नवागत केंद्रीय मंत्रियों का प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्वागत

बैठक में भारत सरकार के नवागत केंद्रीय मंत्रियों और राज्य मंत्रियों का भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश ने स्वागत किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मध्यप्रदेश भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से केंद्रीय मंत्री द्वय शिवराज सिंह चौहान, डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक, राज्यमंत्री द्वय सावित्री ठाकुर, दुर्गादास उईके को अंगवस्त्र पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर पार्टी के सांसद उपस्थित थे।

### उत्साह के साथ काम करेगी डबल इंजन की सरकार

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमने नई टीम को बधाई दी और भविष्य के विकास के लिए रोड मैप पर बातचीत की है। जैसा नया माहौल बना है, उतने ही उत्साह और उमंग के साथ डबल इंजन की सरकार आगे काम करती रहें, इसी अपेक्षा से हमने आज बातचीत की।

---

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने प्रधानमंत्री को मप्र की दो बड़ी परियोजनाओं के बारे में दी जानकारी**

# पीएम मोदी केन-बेतवा लिंक परियोजना व पार्वती काली सिंध चंबल परियोजना का करेंगे भूमिपूजन

- सीएम डॉ. यादव ने परियोजनाओं के भूमिपूजन के लिए दिया निमंत्रण, पीएम मोदी ने दी सैद्धांतिक स्वीकृति
- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल से भी मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मुलाकात कर परियोजनाओं पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर उन्हें मप्र की दो बड़ी परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी है। दोनों परियोजनाओं के भूमिपूजन के लिए प्रधानमंत्री को निमंत्रण दिया है। पीएम ने सैद्धांतिक स्वीकृति दी है। आने वाले एक-दो महीने में दो बड़ी परियोजनाओं का भूमिपूजन होगा।

डॉ. यादव ने बताया कि नदी जोड़ो अभियान के तहत केन बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती काली सिंध चंबल परियोजना से मप्र के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। इससे बुंदेलखंड के अलावा अन्य इलाकों को भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भी मुलाकात हुई है। दोनों बड़े नदी जोड़ो अभियान, जिसमें प्रधानमंत्री की विशेष रूचि है, इस संबंध में विस्तार से बात हुई है। उन्होंने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना टेंडर की स्थिति में है। इसके माध्यम से बुंदेलखंड व आसपास के 10-15 जिलों को काफी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा ज्यादा पानी की दरकार वाला क्षेत्र है। इसमें सरकार गंभीरता से आगे बढ़ी है। बहुत जल्द इसके नतीजे मिलेंगे।



### एक या 2 महीने में तारीख निश्चित कर करेंगे भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ मैंने प्रत्यक्ष मुलाकात कर उनको निमंत्रण दिया है। उन्होंने सैद्धांतिक स्वीकृति भी दी है। आने वाले एक या 2 महीने में इसकी तारीख निश्चित करके इसका भूमिपूजन भी करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा एक और प्रोजेक्ट जो पश्चिम मध्यप्रदेश के लिए बहुत काम का है, जिसमें राजस्थान के साथ हमारा टाइअप हुआ है। पार्वती काली सिंध चंबल परियोजना पीकेसी योजना के माध्यम से जल शक्ति मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा गया है। राजस्थान और मध्यप्रदेश के साथ जुड़कर दोनों राज्यों के लगभग 13 जिलों को इस परियोजना से लाभ मिलेगा।

### राजस्थान के साथ तीन-चार मुद्दों पर चल रही है चर्चा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि छोटे-छोटे तीन-चार मुद्दे हैं, जिसे राजस्थान सरकार के साथ मिलकर अधिकारी स्तर पर हल करेंगे। उन्होंने कहा कि अपने स्तर पर चार बैठकें कर चुके हैं। कोशिश करेंगे कि यह बड़ा प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बहुत जल्द ही पूरा हो। इससे हमारे क्षेत्र के कई जिलों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान-मप्र, मप्र-उत्तरप्रदेश सरकार ऐसे सारे विषयों को लेकर लगातार गंभीर है। खासकर, खेती किसानी के स्तर पर ही नहीं, बल्कि हर स्तर पर विकास होगा। आगे टूरिज्म, एजुकेशन जैसे अन्य क्षेत्रों में इसका लाभ मिलेगा।

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र से सीएम ने की मुलाकात



केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने मध्य प्रदेश भवन में सौजन्य भेंट की।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले पेट्रोलियम बोर्ड के अध्यक्ष



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन ने भेंट की। डॉ. जैन ने बोर्ड की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा एवं अधिकारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ओम बिरला को लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष (स्पीकर) निर्वाचित होने पर बधाई दी हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने दायित्व संभालते ही बुधवार को पहले दिन लोकसभा में आपातकाल की ज्यादतियों को याद किया और विस्तार से जानकारी दी। निश्चित ही यह सराहनीय है और नई पीढ़ी को इससे परिचित करवाना प्रासंगिक भी है। लोकसभा अध्यक्ष बधाई के पात्र हैं। बिरला ने लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में अपनी भावना व्यक्त करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में हुई आपातकाल की महत्वपूर्ण घटना के बारे में बताया, जो मीसाबंदियों के जीवन का सबसे खराब दौर था।

---

### शासकीय कन्या हाई स्कूल में छात्राओं को नहीं मिला दाखिला

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा जनपद पंचायत क्षेत्र के कोरबी निवासी 10 से 12 छात्राओं ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर शासकीय कन्या हाई स्कूल में दाखिला दिलाने की मांग की है। संयुक्त कलेक्टर ममता यादव ने छात्राओं की समस्याओं को सुना और आवेदन लिया है। साथ ही दाखिला होने का आश्वासन दिया गया है। जानकारी अनुसार, ग्रामीण क्षेत्र ग्राम कोरबी की होनहार छात्राएं शासकीय कन्या स्कूल बलौदा में दाखिला नहीं देने की बात को लेकर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची थीं। आवेदन में बताया कि सभी की गांव के शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल में 8वीं तक की पढ़ाई पूरी हो चुकी है। वहां 10वीं तक की क्लास है, मगर आगे की पढ़ाई के लिए बलौदा के शासकीय कन्या स्कूल आना पड़ेगा। इस कारण से सभी क्लास 9वीं से कन्या स्कूल में पढ़ना शुरू करेंगी। वहां 12वीं तक की क्लास लगती है, ताकि बार-बार स्कूल बदलना न पड़े। कुछ दिन पहले दाखिला के लिए गए हुए थे। वहां के शिक्षकों ने दाखिला नहीं देने की बात कही है। संयुक्त कलेक्टर ममता यादव ने पूरी बात सुनी और आवेदन लिया है। साथ ही छात्राओं को आश्वासन दिया है कि कन्या स्कूल में दाखिला हो जाएगा।

### मवेशी लेकर जा रहे दो आरोपियों को पकड़ा

**रायपुर।** नेशनल हाईवे से मवेशियों को लेकर जाने की सूचना पुलिस को मिली। इसके बाद पुलिस ने स्टेडियम चौक के आगे हाईवे पर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ लिया। दो आरोपी मवेशियों को वाहन में भरकर ओड़िशा ले जा रहे थे। आरोपियों के पास कागजात नहीं थे। पुलिस ने उत्तर प्रदेश निवासी वकील अहमद और बिहार के सुरेश राय को गिरफ्तार किया है।

---

**जिला पंचायत सदस्यों ने मनवाई अपनी मांग**

## सरकारी भवनों का निर्माण एजेंसियों की जगह पंचायतों से कराने पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिला पंचायत सदस्य बीडीए, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य एजेंसियों से कराए जा रहे सरकारी भवनों के निर्माण के विरोध में हैं। वह यह काम पंचायतों से कराने का लंबे समय से दबाव बना रहे हैं। जिसको लेकर बुधवार को स्वास्थ्य महिला एवं बाल विकास स्थायी समिति की बैठक में निर्माण के काम पंचायतों से कराने की सहमति बनी है।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 60 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जाएगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने कहा कि आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण पंचायत एजेंसी से कराया जाए। सभी सदस्यों के दबाव को देखते हुए उनके इस प्रस्ताव को मान लिया गया। अब नए पंचायत भवनों का निर्माण पंचायत कराएगी। बैठक में जिला पंचायत सदस्य रश्मि भार्गव ने पेयजल के अलावा स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों, आंगनबाड़ी केंद्रों को लेकर चर्चा की। बैठक के सचिव डॉ. प्रभाकर तिवारी ने एजेंडे के बिंदुओं को रखा।

---

**कमांड सेंटर होगा नई बिल्डिंग में शिफ्ट**

## डायल-100 की 200 नई एफआरवी अब एडवांस फीचर्स से होंगी लैस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जल्द ही मध्यप्रदेश पुलिस की एडवांस फीचर्स से लैस डायल-100 की 200 गाड़ियां दौड़ने लगेंगी। नए टेंडर में इसका प्रावधान किया गया है। इसके बाद पूरे प्रदेश में लोगों की मदद करने के लिए संचालित एफआरवी की संख्या 1200 हो जाएगी। इसके अलावा डायल-100 का कमांड सेंटर भी नवनिर्मित बिल्डिंग में शिफ्ट किया जाएगा।

डायल-100 के नए वाहन डेसबोर्ड और बॉडी बार्न कैमरा से लैस होंगे। दरअसल 8 साल से चल रही डायल-100 में कई वाहन कंडम भी हो चुके है। कई स्थानों पर किराए के वाहनों से भी काम चलाया जा रहा था। फिलहाल 200 हाईटेक वाहनों की खरीदी की जानी है। नई एफआरवी में डैश बोर्ड कैमरे इस लिए लगाए जा रहे हैं, ताकि गाड़ी के अंदर और बाहर दोनों तरफ की फोटो रिकार्ड हो सकें, साथ ही इनको डायल-100 कंट्रोल रूम में लाइव देखा जा सकेगा। इसके अलावा पुलिस कर्मी बाडी वार्न कैमरे से लैस होंगे।

इसके फायदा यह होगा कि पुलिस किसी इवेंट पर पहुंचकर लोगों से बात करती है तो उसकी वीडियो रिकार्डिंग भी की जा सके। वॉयस कॉल के अलावा एसएमएस, सोशल मीडिया पैनिक बटन सहित अन्य एडवांश फीचर्स भी वाहन में होंगे।

### नई एफआरवी में स्ट्रेचर भी होगा

आम तौर पर देखा जा रहा है कि डायल 100 आपराधिक घटनाओं की सूचना पर लोगों की मदद के लिए तो पहुंचती ही है साथ ही दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों को भी अस्पताल तक पहुंचाती है। कई ऐसे मामले हुए जब एंबूलेस की पहुंचने के पहले ही डायल 100 की एफआरवी पहुंची और घायल को नजदीकी अस्पताल में एडमिट कराया। हालांकि इसके लिए एफआरवी को स्ट्रेचर की जरूर लंबे समय से महसूस हो रही थी। नए वाहनों में स्ट्रेचर भी दिया जाएगा, ताकि सड़क से घायल को उठाकर एफआरवी में आसानी से रखा जा सके। डायल-100 की एसपी बीना सिंह का कहना है कि जल्द ही 200 नई एफआरवी खरीदी जाएंगी, जो नई तकनीकी सुविधाओं से लैस होंगी। डायल 100 का नया टेंडर जल्द ही जारी होने वाला है।

---

**अंतिम दिन 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन-पत्र वापस लिए**

## अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 9 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विधानसभा उप चुनाव के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार छिंदवाड़ा जिले की विधानसभा अमरवाड़ा (अजजा) के लिए भरे गए नामांकन पत्रों की वापसी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब 9 अभ्यर्थी अंतिम रूप से चुनाव मैदान में हैं। नाम निर्देशन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन बुधवार को 7 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के उप-निर्वाचन में अब 9 अभ्यर्थी अंतिम रूप से चुनाव मैदान में रह गए हैं। इन अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक पर देखी जा सकती हैं।

### अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 10 जुलाई को रहेगा अवकाश

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान दिवस (10 जुलाई बुधवार) को सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश रहेगा। राज्य शासन ने अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दिन निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित कर दिया है।

---

**प्रदेश के अंदरुनी ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार पहुंचा रही सुविधाएं**

## नक्सलगढ़ में पहली बार बजी स्कूल की घंटी, वर्णमाला सीखेंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

छत्तीसगढ़ के नक्सली क्षेत्र में नए बदलाव देखने को मिल रहे हैं। यहां बच्चे गांव में ही रहकर शिक्षा की अलख जला पाएंगे। अंदरूनी इलाकों में सरकार अपनी पकड़ मजबूत कर रही है और गांव में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। अक्सर नक्सलवाद और नक्सली घटनाओं के लिए ही चर्चे में रहने वाला सुकमा जिला शिक्षा के शिक्षा क्षेत्र में नए बदलाव कर रहा है। जहां लाल सलाम के नारे ही गूंजा करते थे, वहां अब स्कूल की घंटी और बच्चों की एबीसीडी सुनने को मिल रही है। यह सुखद तस्वीर सुकमा जिले के दुलेड़ एलमागुंडा की है, जहां आजादी के 77 साल के बाद स्कूल खुला है।



**ग्रामीणों ने मिलकर बच्चों के लिए एक अस्थाई स्कूल का निर्माण झोपड़ी के रूप में किया, तो बच्चों को मिला पढ़ाई के लिए सहारा**

हालांकि स्कूल झोपड़ी में है, क्योंकि इन इलाकों में व्यवस्थाओं को अब तक दुरुस्त नहीं किया जा सका है। लेकिन अच्छी खबर यह है कि अब यहां बच्चे गांव में ही रहकर शिक्षा की अलख जला पाएंगे। जब ग्रामीणों को इस बात की जानकारी मिली कि स्कूल अब गांव में ही खुलेगा तो ग्रामीणों ने मिलकर बच्चों के लिए एक अस्थाई स्कूल का निर्माण झोपड़ी के रूप में किया। फिलहाल अंदरूनी इलाकों में सरकार अपनी पहुंच पकड़ मजबूत कर रही है और गांव में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। 26 जून को जब प्रदेश भर में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम चलाया गया तो इस गांव के लिए बेहद खुशी का पल था। जब स्कूल गांव तक पहुंचा और बच्चे गांव में ही रहकर शिक्षा से जुड़ पाए अब वह बच्चा जो घर में देखभाल के लिए रोका जाता है। वह भी शिक्षा से अछूता नहीं रहेगा। गौरतलब है कि इन इलाकों में शिक्षा से कटाव की मुख्य वजह गांव-गांव में स्कूल न हो पाना भी बताया जाता है। जिसके कारण बच्चे अच्छी शिक्षा नहीं ले पाते हैं।

---

**मंत्री लखनलाल ने दी स्वीकृति**

## प्रदेश के 44 हजार श्रमिक परिवारों के बैंक खातों में ट्रांसफर होंगे 29 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के निर्देश पर 44 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के खाते में 29 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा होगी। श्रम विभाग की आधा दर्जन श्रम कल्याणकारी योजनाओं का लाभ श्रमिक परिवारों को मिलने जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भी मंशा है कि श्रम विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लोगों को मिले। इस दिशा में श्रम विभाग ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। पिछले सप्ताह श्रम मंत्री देवांगन ने दो दिन तक सभी जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर एक-एक योजना की समीक्षा की थी।

### अलग-अलग छह योजनाओं का लाभ श्रमिकों को मिलेगा

श्रम मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया था कि सभी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक श्रमिक परिवारों को मिले। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को जल्द राशि जारी करने के निर्देश भी दिए थे। श्रम मंत्री की विशेष पहल पर अलग अलग छह योजनाओं का लाभ श्रमिकों को मिलने जा रहा है।

## गर्मी से मिली राहत, बिजली और जलप्लावन ने रुलाया

# छाए कजरारे बादल झमाझम बरसे



**जबलपुर।** गुरुवार की देर रात 3 बजे बारिश होने के बाद दिनभर उमस भरी गर्मी बनी रहीं। बादलों की आवाजाही के बीच धूप छांव का खेल चलता रहा। शाम ढलते ही कजरारे बादल छाए और झमाझम बरसे। उसके बाद रात में बारिश के बाद रात में मौसम खुशनुमा हो गया। मौसम विभाग का कहना है कि मानसूनी बादल अब धीरे धीरे सक्रिय हो रहे हैं, गुरुवार को सुबह से ही आसमान पर बादल आते जाते रहे। शाम 5.30 बजे से आसमान पर घने बादल छाए और 6.45 बजे जोरदार बारिश शुरु हो गई। बादलों के तेज गर्जना के बीच झमाझम बारिश से गर्मी से मुरझाएं चेहरे खिल उठे। बादलों की तेज गड़गड़ाहट के साथ बिजली गुल हो गई। तेज बारिश के बाद कई स्थानों पर जलप्लावन की स्थिति बन गई। कछियाना, अग्रवाल कालोनी, नरघैया, बल्देवबाग, चैरीताल, दीक्षितपुरा आदि क्षेत्रों में पानी भरने की शिकायतें प्राप्त हुई। कुछ देर तक रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 48 घण्टों के दौरान जिले के अधिकांश स्थानों में भारी वर्षा हो सकती है। स्थानीय मौसाम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार हवा के कम दबाव का क्षेत्र बनने से गुरुवार की शाम शानदार बारिश हुई एक घण्टे के दौरान करीब दस मिलीमीटर वर्षा के बाद तापमान में गिरावट आई। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, वही न्यूनतम तापमान 24.1 सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 94 प्रतिशत व सांय काल 71 प्रतिशत आंकी गई। कल शाम हुई बारिश 10.6 मिली मीटर दर्ज की गई। एक जून से अब तक कुल वर्षा 69.6 मिली मीटर दर्ज की जा चुकी है। सूर्योदय सुबह 5.28 बजे और सूर्यास्त 7.0 मिनिट पर हुआ। दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घण्टें की रफ्तार से चलीं अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर संभाग में कई स्थानों पर वर्षा की संभावना है।

# अप्रैल में बिजली हानि 2 प्रतिशत बढ़ी

## पावर मैनेजमेंट कंपनी के आदेशों से खुलासा

**जबलपुर।** मार्च माह के तुलना में अप्रैल में बिजली हानि बढ़ गई है। यह धक्का देने वाला खुलासा स्वयं मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा हाल ही में जारी किए फ्यूल सरचार्ज के आदेशों से हुआ है। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा 24 मई 2024 को जारी फ्यूल सरचार्ज के आदेश में मार्च 2024 में बिजली हानि 15.45 प्रतिशत बताई है। बाद में 24 जून 2024 को जारी हुआ फ्यूल सरचार्ज के आदेश में अप्रैल 2024 में बिजली हानि 17.22 प्रतिशत बताई है। स्पष्ट है कि एक माह के भीतर बिजली हानि 1.77 प्रतिशत से बढ़ गई है।

### लगभग 600 करोड़ का नुकसान

डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि विद्युत नियामक आयोग के आकलन के अनुसरा एक प्रतिशत बिजली हानि होने से लगभग 300 करोड़ का नुकसान होता है। अतः अप्रैल माह में 2 प्रतिशत से बिजली हानि होने से लगभग 600 करोड़ का नुकसान हुआ है।



### संगठनों ने आक्रोश व्यक्त किया

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, सीनियर सिटीजन एसोसिएशन, सेवा निवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर संघ, पेंशनर समाज, महिला समिति तथा किसान समिति ने आक्रोश व्यक्त कर बताया कि अंततः इसका आर्थिक बोझ उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। इस अवसर पर रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुभाष चंद्रा, उमेश दुबे, जीपी विश्वकर्मा, सुशीला कनौजिया, उमा दाहिया, डीआर लखेरा, पीएस राजपूत, राजेश गिदरोनिया, राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।



# डुमना हवाई अड्डा का छज्जा गिरा, कार क्षतिग्रस्त

**जबलपुर।** डुमना विमानतल में हाल ही में हुए नए टर्मिनल भवन निर्माण की गुणवत्ता पर कल एक दुर्घटना से सवालियां निशान लग गए। बाहरी हिस्से में बने रुफ टॉप का एक हिस्सा पोर्च में खड़ी एक कार पर गिरा, जिससे कार की छत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ड्राईवर बाल-बाल बचा, इस हड़कंप से विमानतल पर हड़कंप मच गया। अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पूरे मामलें की जांच की जाएगी। कार किसी आयकर अधिकारी की बताई जा रही है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के मुताबिक डुमना विमानतल पर बनी टर्मिनल बिल्डिंग के बाहरी हिस्से रुफ टॉप (कृत्रिम छत) के नीचे एक कार क्रमांक एमपी 20 जेडसी 5496 खड़ी थी जिस पर यह छज्जा गिरा। जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार की पूरी छत चिपट गई। अच्छी बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, और ड्राईवर बाल-बाल बच गया। अगर यही दुर्घटना भीड़ भाड़ के समय हुई होती तो गंभीर हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह डुमना विमानतल पर बाहर पोर्च में एक पैसेंजर की कार खड़ी थी। तभी यह हादसा हुआ। मामले में एयरपोर्ट के जीएम सिविल वीके सूरी ने कहा कि वर्षा की वजह से केएनओपी में पानी भरा और वह क्षतिग्रस्त हो गया। इस मामले में जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डिजाइन और सुरक्षा मापदंडों का ध्यान रखा जा रहा है। कार की छत और कांच टूट गए। घटना के कुछ पल पहले कार से पैसेंजर बाहर निकले थे। डुमना विमानताल के टर्मिनल बिल्डिंग के साथ तामझाम के साथ लोकार्पित किया गया था। इसके निर्माण में करीब 450 करोड़ रुपए की लागत आई है।

**बाल बाल बचे यात्री और ड्राईवर**

पानी निकासी नहीं होने से लोहे से बनी केएनओपी पर भार बढ़ा और उसका एक हिस्सा टूटकर कार की छत पर गिरा। चूंकि यात्री कुछ पल पहले ही कार से बाहर निकले थे। लिहाजा कोई जनहानि नहीं हो सकी। ड्राईवर भी सकुल बाल-बाल बच गया। मामलें की जांच के आदेश दिए गए है।

### शुर हुई राजनीति

एयरपोर्ट में हुये इस हादसे पर कांग्रेस ने सवाल उठाया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरण यादव ने टवीट कर लिखा है कि जबलपुर मे 450 करोड़ से नवनिर्मित डुमना एयरपोर्ट का शेड पहली ही बारिश मे कार के उैपर गिर गया। जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। 3 महीने पहले टर्मिनल का लोकार्पण मोदी जी ने किया था। यादव ने तंज किया कि मोदी की गैरंटी 3 महीने ही टिक पाई। वही लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का कहना है कि एयरपोर्ट पर कुछ हादसा हुआ है इसकी जानकारी लगी है। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है, यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि भविष्य मे दोबारा यह घटना न हो।

**टर्मिनल बिल्डिंग की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच हो-** डुमना विमानतल की नव निर्मित टर्मिनल बिल्डिंग के छज्जे के गिर जाने से जो घटना हुई है उसकी वायुसेवा संघर्ष समिति ने भर्त्सना करते हुए इसकी गुणवत्ता की जांच करने की मांग की है।

# नैरोगेज पर गौरीघाट जाने के लिए बनेगा वैकल्पिक मार्ग : राकेश सिंह

## लोकनिर्माण मंत्री ने कलेक्टर व रेलवे अधिकारियों के साथ की बैठक

जबलपुर।

छोटी लाइन फाटक गोरखपुर से गौरीघाट तक जाने वाली नैरो गेज की जमीन अब शीघ्र ही जबलपुर की जनता के लिए गौरीघाट जाने हेतु वैकल्पिक मार्ग एवं अन्य विकास कार्यों हेतु उपलब्ध होगी, इस जमीन के उपयोग हेतु रेलवे द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी गई है, यह बात लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जिला प्रशासन एवं रेलवे के अधिकारियो के साथ सर्पिट हाउस क्र 01 में हुई बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कही।

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने बताया जबलपुर से गोंदिया की बहुप्रतीक्षित ब्रॉडगेज लाइन कार्य पूरा होने के बाद हाऊबाग रेलवे



स्टेशन गोरखपुर से गौरीघाट रेलवे स्टेशन तक जिस जमीन पर नैरो गेज रेल लाइन थी अब उसका कोई उपयोग नहीं हो रहा है और मेरा प्रयास था कि इस जमीन का उपयोग जबलपुर की जनता कर सके इस हेतु दिल्ली के रेल मंत्री से पूर्व में चर्चा की थी जिस पर उन्होंने अधिकारियो को इस कार्य हेतु निर्देशित किया था, गुरुवार को इस संदर्भ में जिला कलेक्टर, डीआरएम पश्चिम मध्य रेल, आयुक्त नगर निगम एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।श्री सिंह ने बताया बैठक में नैरो गेज की जमीन के हस्तांतरण, उसके विकास कार्य आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई और रेलवे ने इस बात पर सैद्धांतिक सहमति दी है कि उक्त जमीन का उपयोग राज्य शासन जनता के हित हेतु कर सकता है। श्री सिंह ने बताया नैरो गेज की जमीन के एवज में राज्य शासन गधेरी में रेलवे को जमीन देने तैयार था किंतु रेलवे ने पूर्व इस जमीन को लेने से आपत्ति थी रेलवे उस जमीन को नही लेना चाहता था किंतु आज की बैठक में हुई विस्तृत चर्चा के आधार पर रेलवे उस जमीन को लेने पर सहमति दे सकता है और आज की बैठक में यह भी चर्चा हुई कि यदि राज्य शासन इस जमीन का उपयोग जनहित में करना चाहता है तो कर सकता है पर इसका मालिकाना हक रेलवे के पास ही रहेगा। बैठक में कलेक्टर दीपक सक्सेना, डीआरएम विवेक शील, नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव, एसई लोक निर्माण विभाग एससी वर्मा के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शुगुफ्ता उस्मानी उपनेता प्रतिपक्ष बनी

# अमरीश बने नेता प्रतिपक्ष, अयोध्या तिवारी सचेतक



**जबलपुर।** महीनों के इंतजार के बाद नगर निगम जबलपुर नेता प्रतिपक्ष मिल गया। पार्षद अमरीश मिश्रा को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। वही उनके साथ पार्षद शगुफता गुडडू उस्मानी को उपनेता प्रतिपक्ष और पार्षद अयोध्या तिवारी को सचेतक नियुक्त किया। गुरुवार दोपहर प्रदेश कांग्रेस कमेटी से इस संबंध मे आदेश जारी हुये। जिसके नव नियुक्त नेताप्रतिपक्ष, उपनेताप्रतिपक्ष और सचेतक को शुभकामनाओं को दौर शुरु हो गया। गौरतलब है कि महापौर जगत बहादुर सिंह के भाजपा मे शामिल होने के बाद कांग्रेस विपक्ष मे आ गई थी, जिसके बाद से नेता प्रतिपक्ष पद को लेकर उठापठक चल रही थी। यह खींचतान गुरुवार को नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद समाप्त हुई। उम्मीद की जा रही है कि अमरीश के नेतृत्व में अब विपक्ष के पार्षद एक जुट होकर जनहित के लिये सत्ता पर दबाव बनाएंगे। पार्षद अमरीश मिश्रा इसी कार्यकाल में पहले मेयर इन काउंसिल में स्वास्थ्य प्रभारी थे। वहीं शुगुफता उस्मानी के पास योजना विभाग का प्रभार था, तो आयोध्या तिवारी उप नगर निगम अध्यक्ष थे। तीनो को लम्बा अनुभव है। जिसका फायदा विपक्ष को मिलेगा।

# कवि सम्मेलन में नगर निगम आयुक्त सहित शहर के 75 पार्षदों की अनदेखी

**जबलपुर।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश सोनकर पूर्व पार्षद तेज कुमार भगत संजय बघेल ने नगर निगम महापौर पर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के लगभग 75 पार्षदों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस नगर निगम के द्वारा मानस भवन में 29 जून को स्वच्छता मिशन के तारतम्य में कवि सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शहर के साथ ही बाहर के भी बड़े कवियों को बुलाकर कवि सम्मेलन मानस भवन के प्रेक्षा गृह में आयोजित किया जा रहा है। नगर निगम के आयोजन में नगर निगम की आयुक्त प्रीति यादव जी की अनदेखी कर साथ ही जबलपुर शहर के लगभग 70 से 75 पार्षदों की उपेक्षा कर अपने नाम के होर्डिग बैनर पोस्टर महापौर एवं उनकी मेयर न काउंसिल ने शहर भर में लगाकर कवि सम्मेलन के बहाने अपना चेहरा चमकाने में जुटे हुए है। पूर्व पार्षदों ने कहा कि जब आयोजन नगर पालिका निगम जबलपुर का है तो फिर उसमें महापौर के साथ-ही प्राथमिकता के साथ नगर निगम आयुक्त के भी फोटो उस होर्डिंग में लगना चाहिए था साथ ही जबलपुर शहर के स्वच्छता अभियान के लिए जब सभी पार्षदों का योगदान मांगा जाता है तो फिर उन्हें इस तरह के पब्लिक कवरेज के लिए क्यों पीछे छोड़ दिया जाता है।उनके चेहरों की क्यों अनदेखी की जाती है। उन पार्षदों के चेहरों को भी इन होर्डिंगो में क्यों नहीं लगाया जाता है। यदि फोटो ना लगाते तो कम से कम उनके नाम पोस्टरों में दिए जा सकते थे। ऐसा ना करके महापौर एवं उनकी एम आई सी सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के आधा सैकड़ा से ज्यादा पार्षदों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।जिसकी हम निंदा करते हैं ।


**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/11
दिनांक :- 26/06/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति शशि अग्रवाल पति श्री के.के. अग्रवाल, श्री अमित कुमार अग्रवाल एवं श्री आशीष अग्रवाल दोनो के पिता श्री के.के. अग्रवाल मकान नं. 980/SF-11 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 740 व.फु. तबादलानामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर


# पमरे महाप्रबंधक ने मैहर, सतना एवं रीवा स्टेशनों का किया निरीक्षण



जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने कटनी-सतना-रीवा रेलखण्ड के अधोसरंचना कार्यों एवं अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। गुरुवार को श्रीमती बंदोपाध्याय ने पमरे मुख्यालय के उच्च अधिकारियों सहित जबलपुर मण्डल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कटनी-सतना-रीवा रेलखण्ड पर स्थित स्टेशनों, रेल पथ, ओएचई एवं सिग्नल प्रणाली का निरीक्षण किया। विशेषकर इस रेलखण्ड के अंतर्गत आने वाले मैहर, सतना एवं रीवा स्टेशनों पर सघन निरिक्षण किया एवं रेल अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्य की प्रगति की समीक्षा की, स्टेशनों के सरंक्षा सम्बन्धी विकास कार्ये और स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, सफाई व्यवस्था एवं सर्पुलेटिंग एरिया का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने यात्री सुविधाओं एवं पुर्नविकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित तिथि पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक श्रीमती बंदोपाध्याय अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत शामिल मैहर स्टेशन ले-आउट प्लान का भी अवलोकन किया। प्लेटफार्म पर एस्केलेटर एवं पैनल रूम, आरपीएफ थाना का निरीक्षण करते हुए वहां लगे सीसीटीवी कैमरे इत्यादि का निरीक्षण किया। इसके साथ ही स्टेशन पर यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके पश्चात महाप्रबंधक ने सतना स्टेशन पर हो रहे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक संरचना के विकास कार्य का निरीक्षण कर अवलोकन किया। संरक्षा की दृष्टि से सतना परिचालक लॉबी का निरीक्षण किया। इस दौरान लोको पायलटों एवं गाड्र्स स्टाफ के साथ अपना अनुभव साझा करते हुए सरंक्षा से सम्बंधित जानकारियों से अवगत करवाया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुना। ओवरटाइम ड्यूटी ना हो इसके लिए मुख्यालय एवं मण्डल के अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। सिग्नल प्रणाली को स्टाफ के बीच में रहकर समझाया एवं सुरक्षा की जानकारी से रूबरू हुई। निरीक्षण के दौरान पमरे मुख्यालय से प्रमुख मुख्य इंजीनियर अशुतोष, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रभात कुमार सहित जबलपुर मण्डल के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, सीनियर डीईएन (को) जे पी सिंह, गति शक्ति यूनिट संजय कुमार सिंह, सीनियर डीओएम प्रिंस विक्रम सहित अधिकारियों के साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।


**पगडी रस्म 28.06.2024**



अत्यंत दुख के साथ सूचित कर रहे हैं कि मेरी धर्मपत्नि रश्मि सेठी का दुखद निधन दिनांक 25 जून 2024 को हो गया है उनकी स्मृति में शांतिपाठ ,प्रार्थना सभा एवं पगड़ीरस्म 28 जून 2024 शुक्रवार- सायं 3 से 4 बजे नए गुरुद्वारा साहिब, सिहोरा में संपन्न होगी

शोकाकुल परिवार :
तिलकराज-कैलाशरानी (चाचा-चाची)
विनोद सेठी (पति) भास्कर एवं क्षितिज सेठी (पुत्र)
...-ज्योति, प्रमोद-अनिता (जेठ जेठानी)
सुरेंद्र-अल्पना, दीपक-ऋतु, पुनीत-पूजा (देवर देवरानी)
विनोद- रेखा , प्रमोद- पूनम (भाई भाभी)
एवं समस्त सेठी एवं सभूजा परिवार सिहोरा

श्रीमति रश्मि सेठी

## पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

# मारपीट पर दो को पांच-पांच साल के कारावास की सजा

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश एमडी रजक की अदालत ने शराब पीने के लिए 500 रुपये न देने पर मारपीट करने के आरोपित रांझी, जबलपुर निवासी मोहम्मद इस्माइल और मोहम्मद युसूफ खान उर्फ छोटू भाईजान का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ दोनों को पांच-पांच साल के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से एजीपी सुशील सोनी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि प्रार्थी रामानुज सिंह, गांधी व्यायाम शाला, दुर्गा मंदिर के पीछे निवास



करता है। नौ अप्रैल, 2022 को रात साढ़े 10 बजे आरोपित उसके घर के सामने आए। वे उससे शराब पीने के लिए 500 रुपये की मांग करने लगे। इन्कार करने पर आगबबूला हो गए। दोनों ने गाली-गलौच शुरू कर दी। यही नहीं डंडे से सिर पर प्रहार भी कर दिया। इसके बाद दनादन डंडा बरसाने लगे। इससे रामानुज बुरी तरह घायल हो गया। पिता को पिटता देख पुत्र सनी सिंह परिहार बीच-बचाव करने पहुंचा। इस पर दोनों आरोपितों ने उसे धक्का देकर गिरा दिया गया। इससे उसे भी चोटें आईं। पत्नी माधुरी सिंह भी बीच-बचाव करने आई। अंततः आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से रफूचक्कर हो गए। घटना की शिकायत रांझी थाने में की गई। जिसके बाद अपराध कायम कर आरोपितों की गिरफ्तारी की गई। अदालत ने गवाहों के बयानों पर गौर करने के बाद दोष सिद्ध पाते हुए सजा सुना दी।

## हाई कोर्ट में चिकित्सा विभाग ने दायर की केविएट

**जबलपुर।** शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में संचालित ओपीडी/आईपीडी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए पदस्थ चिकित्सकों-विशेषज्ञों के कर्तव्य व ड्यूटी का निर्धारण लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अनुरूप वेबसाईट पर अपलोड किया गया है। प्रमुख सचिव सह आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, मध्य प्रदेश के द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन मप्र विभिन्न प्रथम श्रेणी चिकित्सा अधिकारियों के पदों पर यह व्यवस्था दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जबलपुर ने अवगत कराया कि उक्त आदेश के विरूद्ध यदि संबंधित व्यक्तियों या चिकित्सकों द्वारा हाई कोर्ट में कोई याचिका दायर की जाती है, तो दायर होने वाली याचिकाओं में शासन का पक्ष सुने बिना हाई कोर्ट से कोई स्थगन आदेश जारी न हो सके, इसी मंशा से केविएट दायर कर दी गई है।

# 5 व 6 जुलाई को आयोजित किए जाएंगे राजस्व शिविर



**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कलेक्ट्रेट में सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व शिविरों के कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगामी 5 और 6 जुलाई को अविवादित नामांतरण, बंटवारा के निराकरण के लिये तहसीलवार शिविर आयोजित किया जायेगा। उक्त शिविरों में प्रकरणों के निराकरण के लक्ष्य के बारे में भी जानकारी देते हुये कहा कि तहसील सिहोरा में 477, मंझौली में 491, पाटन में 81, कुंडम में 82, आधारताल में 1458, गोरखपुर में 674, रांझी में 121, जबलपुर में 757 तथा पनागर में 151 प्रकरणों के निराकरण की कार्ययोजना है। उन्होंने संबंधित तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्देशित किया है कि वे इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य करें। लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कलेक्टर सक्सेना ने स्पष्ट शब्दों में संबंधित राजस्व अधिकारियों से कहा कि शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य आम जन के अविवादित नामांतरण, बंटवारा के निराकरण करना है। साथ ही अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण भी सुनिश्चित करना है। राजस्व प्रकरणों का निराकरण कर जिले का रैंकिंग सुधारने की दिशा में कार्य करें।

### साइबर धोखाधड़ी से कर्मचारियों को किया जा रहा सजग

# पावर मैनेजमेंट कंपनी में साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण प्रारंभ

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के द्वारा अपने प्रत्येक अभियंता व कार्मिक को साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण देने के द्वितीय व तृतीय चरण की आज से शुरुआत हो गई। यह प्रशिक्षण ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों तरीकों से दिया जा रहा है। पावर मैनेजमेंट कंपनी के 273 अभियंता व कार्मिक इस प्रशिक्षण से लाभान्वति होंगे।



डिजिटल सुरक्षा के महत्व के बारे में शिक्षित करना.मुख्य महाप्रबंधक सूचना प्रौद्योगिकी रीता खेत्रपाल ने जानकारी दी कि साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्मिकों के लिए विशेष साइबर सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय व तृतीय चरण का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दैनिक जीवन में साइबर धोखाधड़ी और घोटाले के विभिन्न तरीकों और इन धोखाधड़ी के खिलाफ सुरक्षा व सावधानियों के बारे में जागरूक करने के लिए है। व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा क्यों जरूरी है.प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक व समन्वयक सिस्ट्म एनालिस्ट संदीप घोष ने जानकारी दी कि साइबर सुरक्षा प्रशक्षिण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों के द्वारा संचालित सत्रों में कार्मिकों को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में ज्ञानार्जन करने का मौका मिलेगा। इसमें व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा, ऑनलाइन फिशिंग, मैलवेयर और वायरस से बचाव, सोशल मीडिया पर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े हमले, डेटा और डिवाइस हैकिंग के तरीकों पर चर्चा भी की जाएगी।

## जिलहरी घाट में तैराकी प्रतिबंधित करने की मांग

**जबलपुर।** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में वकीलों का प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू से मिला। इस दौरान जिलहारी घाट में तैराकी प्रतिबंधित करने पर बल दिया गया। पिछले दिनों एक अधिवक्ता की इसी घाट पर तैराकी के दौरान डूबने से मृत्यु हो गई थी। महापौर ने इस मांग को गंभीरता से लेकर संबंधित अधिकारियों को अविलंब कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए। दूसरी कड़ी में जिला बार तक नर्मदा जल की सप्लाई सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई। महापौर ने प्रस्ताव पर विचार का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला बार उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, सह सचिव मनोज शिवहरे, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, पुस्तकालय सचिव शैलेन्द्र यादव, कार्यकारणी सदस्य रवीन्द्र दत्त, सुदीप सिंह सैनी, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा सीपू, अर्जुन साहू, दुर्गेश मनाना, मनोज तिवारी उपस्थित थे।

### महाप्रबंधक कर रहे उपभोक्ता-कर्मचारी हितों की उपेक्षा

# बीएसएनएल में आन्दोलन, आक्रोश में कर्मचारी

**जबलपुर।** बीएसएनएल एम्प्लाईज यूनियन जबलपुर के नेतृत्व में बीएसएनएल के कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं की समस्या एवं कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन किया जा रहा है। 27 जून को भोजनावकाश में प्रदर्शन किया गया। बीएसएनएल जबलपुर में संचार सेवाओं में सुधार एवं कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर आज बीएसएनएल जबलपुर के कर्मचारियों ने प्रबंधन के विरोध में जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। बीएसएनएल प्रबंधन की तानाशाही, वादाखिलाफी एवं अन्याय के खिलाफ सैकड़ों कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल हुए। कर्मचारियों की मांग है कि बीएसएनएल की मार्केटिंग एवं उपभोक्ताओं की सुविधाओं पर ध्यान दिया जाये, बीएसएनएल के मोबाईल नेटवर्क को मजबूत किया जाये, उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जाये, विभागीय कॉलोनियों के



आवासों की मरम्मत एवं रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए, नियम विरूद्ध एवं पक्षपात पूर्ण स्थानांतरण बंद किए जाएं, एनईपीपी प्रमोशन के आदेश जारी किए जाएं, पेंडिंग मेडिकल बिल का हल किया जाए, कर्मचारियों को सेफ्टी सूज एवं टूल्स प्रदान किए जाएं, ई.पी.एफ. से संबंधित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए, पार्किंग साफ-सफाई एवं पीने के स्वच्छ पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये आदि। प्रदर्शन स्थल पर एक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता कॉमरेड शिव कुमार यादव ने की। प्रदर्शन में सी.डी. झारिया शीष कुमार शर्मा, आकाश अकुलवार, अभिषेक गोंटिया, प्रकाश माझी, शकील अहमद सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।



# अमृत योजना के कार्यों की महापौर ने की समीक्षा

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में महापौर को अवगत कराया गया कि उनके 2 वर्ष के कार्यकाल में लगभग 30 करोड़ रूपये की लागत से नई पाइप लाइन का विस्तारीकरण एवं रखरखाव कर जल वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाया गया जिसके कारण जल संकट की स्थिति निर्मित नहीं हुई है। बैठक में बताया गया कि जिन क्षेत्रों में जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन नहीं थी उन सभी क्षेत्रों में प्रतिदिन अधिकतम 425 ट्रिप टैंकरों के माध्यम से नागरिकों को जलापूर्ति कराई गयी। वहीं दो वर्ष के कार्यकाल में पर्याप्त स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए टयूबवेल खनन कराए गये और जलापूर्ति कराई गयी। महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने बताया कि दो नई उच्चस्तरीय पानी की टंकी बनकर संजय गाँधी वार्ड और कंचनपुर में तैयार है और गंगा नगर तथा मदार टेकरी की पानी टंकी का निर्माण कार्य जारी है। समीक्षा बैठक के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने जलापूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाने आगे की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली और जल वितरण एवं संचालन संधारण व्यवस्था को और दुरूस्त करने के निर्देश दिये। महापौर ने 312 करोड़ रूपये की लागत से संचालित अमृत 2.0 की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों से चर्चा कर निर्धारित समय सीमा में कार्य योजना पर गुणवत्ता पूवर्प कार्य कराने के निर्देश प्रदान किये गए।

## उच्च पद प्रभार में विज्ञान के शिक्षकों को दी जाए प्राथमिकता

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांत अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि उच्च पद पर प्रभार में अंग्रेजी, गणित, और संस्कृत के समान ही विज्ञान विषय को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जिससे विज्ञान विषय के शिक्षकों को भी उच्च पद प्रभार ग्रहण करने का पूर्ण अवसर मिल सके। विज्ञान विषय के वरिष्ठ शिक्षकों को काउंसलिंग में मौका नहीं मिलने से उनकी उपेक्षा हो रही है और विज्ञान विषय के शिक्षक अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं, जिससे विज्ञान शिक्षकों में रोष व्याप्त है। संघ के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, ज़ियाउर्रहीम, दिनेश गोंड, हेमन्त ठाकरे, राकेश श्रीवास, आशाराम झरिया, राजेश सहारिया , धनराज पिल्ले, रऊफ खान, विनोद सिंह, संतोष चौरसिया, सुरेंद्र चौधरी, एस.बी. रजक, गुडविन चाल्स, एनोस विक्टर, अफरोज खान, फिलिप अन्थोनी, राजकुमार यादव, योगेष ठाकरे, विनय रामजे, सुनील झारिया, उमेष ठाकुर, रवि जैन, सुधीर पावेल, गोपीषाह, शरीफ अंसारी, कादरी अहमद अंसारी, समर सिंह ठाकुर, मनीष झारिया, त्रिलोक सिंह आदि ने आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय से मांग की है की उच्च पद प्रभार प्रक्रिया में विज्ञान शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाए।




## कुलदीप सिंह संगर को कला साधक सम्मान

**जबलपुर।** विगत दिवस इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हॉल में संस्कारधानी आर्टिस्ट आर्गेनाईजेशन के तत्वावधान में वर्ल्ड म्यूजिक डे के अवसर पर आयोजिय संगीत कार्यक्रम में कुलदीप सिंह संगर को दादा वीरेंद्रपुरी नेत्र संस्थान (देवजी नेत्रालय) श्रेष्ठ कला साधक सम्मान से डॉ. पवन स्थापक द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ. स्थापक ने बताया कि यह सम्मान प्रतिवर्ष सबसे वरिष्ठ श्रेष्ठ संगीत साधक को दिया जायेगा। स्मरणीय है की कुलदीप जी ने संगीत के क्षेत्र में विशेषकर शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में न सिर्फ भारत, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का गौरव स्थापित किया है। संगीत एवं कला जगत के बबलू मैथयूज, ध्रुव कुमार गुप्ता, जयप्रकाश गूजर आदि ने कुलदीप जी को मिले सम्मान पर हर्ष व्यक्त किया है।

# सातवें वेतनमान के भेदभाव पूर्ण आदेश से मेडिकल कर्मियों में रोष

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा कर्मचारी संघ के संयोजक वीरेंद्र तिवारी ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा आयुक्त चिकित्सा शिक्षा विभाग के नाम अधिष्ठाता नेताजी सुभाष चंद्र बोस को ज्ञापन देते हुए मांग की है कि लोक स्वस्थ एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज में पदस्थ शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविधालय के चिकित्सक संवर्ग को 7वें वेतनमान का वास्तविक लाभ 1/1/2016 से दिए जाने के आदेश प्रसारित किए गए हैं वहीं संस्था में पदस्थ अन्य कर्मचारी संवर्गों को उपरोक्त लाभ 1/1/2016से काल्पनिक वेतनमान देते हुए 1/4 /2018 से वेतनमान लागू किया गया संस्था के कर्मचारियों को लगभग 27 माह के एरियस का वित्तीय नुकसान हो रहा है। संघ ने चेतावनी दी है कि मेडिकल कॉलेज में पदस्थ स्वशासी कर्मचारियों को भी 1/1/2016 से सातवें वेतनमान लाभ देते हुए 27 माह का एरियस दिया जाए। ज्ञापन के दौरान भारी संख्या में सभी संवर्गों के कर्मचारी उपस्थित रहे वीरेंद्र तिवारी, अजय दुबे, अरुण चतुर्वेदी, प्रशांत श्रीवास्तव, साहिल सिद्दीक़ी, रमेश उपाध्याय, विपिन पीपरे, संजय यादव सहित सेकड़ो की संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।



## सूकर पालन पर 25 ग्रामीण युवाओं को दिया गया रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण

**जबलपुर।** पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग, पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय जबलपुर में 25-27 जून 2024 तक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सीता प्रसाद तिवारी के मार्गदर्शन, डॉ आर के शर्मा के निर्देशन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. विश्वजीत रॉय के अगुवाई में एवं राष्ट्रीय पशुधन मिशन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 25 ग्रामीण युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभ लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ श्रीकांत जोशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भावना अहरवाल द्वारा किया गया। माननीय कुलपति जी ने ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत सूकर पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने की सलाह दी एवं प्रशिक्षणार्थियों को छोटे स्तर से सूकर पालन करने के लिए प्रेरित किया और इसे अधिक आमदनी एवं मुनाफेदार व्यवसाय बताया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. जी पी लखानी ने सूकर की आवास व्यवस्था एवं बारीकियों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को सूकर पालन से जुड़े सभी विषयों पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण द्वारा विस्तारपूर्वक बताया गया। इसके साथ ही विभाग द्वारा प्रशिक्षणार्थियों हेतु बनाई गई व्यावसायिक सूकर पालन पुस्तिका का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिल शिंदे ने प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण पूर्व एवं पश्चात मूल्यांकन किया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थी को प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया, साथ ही उनको प्रायोगिक कार्य जैसे की आहार बनाना, नुकीले दांत कांटना, टीकाकरण की विधि के बारे में बताया गया एवं उनके द्वारा इनका अभ्यास भी कराया गया।




**श्री सुरेश कुमार पांडे-** सुभाष नगर महाराजपुर निवासी श्री सुरेश कुमार पांडे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील बर्मन-** पुरानी बस्ती माढ़ोताल निवासी श्री कमला प्रसाद बर्मन के पुत्र श्री सुनील बर्मन (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शिवानी मित्रा-** गुरूद्वारा के पास न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री निमई चंद्र मित्रा की धर्मपत्नी श्रीमती शिवानी मित्रा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुमन देवी राजपूत-** शीतलामाई निवासी श्री अमर लाल राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन देवी राजपूत (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कपूरी बाई विश्वकर्मा-** रामनगर अधारताल निवासी श्री सुंदर लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कपूरी बाई विश्वकर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अखिलेश वर्मा-** समीक्षा टाउन नेहरू वार्ड निवासी श्री अखिलेश वर्मा (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सोहन महावर-** पंसारी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री चांदामल महावर के पुत्र श्री सोहन महावर (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश प्रसाद माली-** सुहागी अधारताल निवासी श्री जगदीश प्रसाद माली (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सरोज दाहिया** सिहोरा- वार्ड क्रमांक 14 खितौला निवासी श्रीमती सरोज दाहिया का 85 साल की उम्र में निधन हो गया है अंतिम संस्कार आज शुक्रवार को सुबह 10 बजे मंझगवा घाट स्थित हिरन नदी मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे पूर्व पार्षद गणेश दाहिया,राजेन्द्र दाहिया की मां थी।



हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## हृदय रोगियों की जांच, रक्तदान शिविर और पौधारोपण होगा

# सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा दादा रोहाणी का जन्मोत्सव

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय दादा ईश्वरदास दास रोहाणी के 78 वें जन्मदिवस के अवसर पर दादा ईश्वरदास रोहाणी सेवा समिति के द्वारा जन्मदिवस सेवा दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया है, इस दौरान हृदय रोगियों की जांच, रक्तदान शिविर, पौधा रोपण, और स्कूली बच्चो को कापी किताब, का वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष विधायक अशोक रोहाणी, डॉ.सुनील मिश्रा ने यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि दादा के जन्मोत्सव पर केंट विधानसभा के समर्पित 275 कार्यकर्ताओं की हृदय संबंधी संपूर्ण जांचे हॉस्पिटल बडेरिया मेट्रोप्राईम, जबलपुर हॉस्पिटल, गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल एवं इंफिनिटी हॉस्पिटल में प्रारंभ हो चुके है। आज 28 जून तक जांच की जाएगी। 29 जून शनिवार को शासकीय महाकोशल कॉलेज, सिविल लाईन में प्रात 10 बजे से वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सैकड़ों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता रक्त का दान करेंगे। 30 जून रविवार को स्वर्गीय दादा ईश्वरदास दास रोहाणी के 78 वें जन्मदिवस के अवसर पर डिलाईट चौक स्थित




दादा की प्रतिमा पर माल्यार्पण, श्रद्धांजली सभा प्रात 8 बजे अयोजित की जायेगी। इसके बाद प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक केंट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रांझी के मदर टेरेसा स्कूल के पास में मोहनिया में 1 लाख 25 हजार पौधों का रोपण किया जायेगा। 15 हजार केंट विधानसभा के छात्र-छात्राओं को कॉपी एवं स्कूल बैग का वितरण, खिलौना बैंक, दवाई बैंक एवं किताब बैंक का हर वार्ड में महिलाओं हेतु सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र, दादा की पाठशाला की सांकेतिक पहल मोहनिया से विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी के द्वारा की जायेगी। इस अवसर पर रिंकुज विज, डॉ. सुनील मिश्रा, राजीव बड़ेरिया, माइकल प्रदीप कपूर, दामोदर सोनी, आशीष राव, गुड्डा केवट, संजय वर्मा, श्रीमती संतोषी ठाकुर, श्रीमती सावित्री शाह, कुमारी कृष्णा दास चौधरी, ऋषि यादव, सचिन सहारा, आदि उपस्थित रहे।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **ALEYAMMA ANDREWS** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **LAILA ANDREWS** W/O ANDREWS JOHN RESIDENT OF 202, JOHN VILLA, SHIV MANDIR KE - PASS, SUBHASH WARD, RANJHI, MANEGAON, JABALPUR (M. P.) 482005.

**CHANGE OF NAME**

I, Anju S W/O Army No 1399177F L/NK Late Siby J of unit AMC, presently residing at H.No. 9 Vill- Durga Nagar, PO-Gwarighat, TEH & Distt.-Jabalpur M.P. have changed my elder daughters name from Kumari Christina (name as per my husband Army records) to Christeena Lobo (Name as per her educational documents / marksheet) and my younger daughter name from Kumari Twinkle (Name as per my husband Army records) to Twinkle Lobo (Name as per her educational documents / Marksheet) vide affidavit dated 27.06.2024 (date of affidavit) formely before public Notary.

**Smt. Santa Chourasia**
**Area Distt. Jabalpur (M.P.)**

## खबर संक्षेप

### सोने में 120 रुपए की गिरावट, चांदी स्थिर



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 120 रुपये की गिरावट के साथ 72,180 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत कल ही के बंद भाव 90,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित बनी रही।

### कृत्रिम मेधा का उपयोग बड़ी चुनौती : निलेकणि



**नई दिल्ली।** इन्फोसिस के चेयरमैन नंदन एम निलेकणि ने कहा कि उपभोक्ता के लिए जिस तरीके से कृत्रिम मेधा का उपयोग है, वह कंपनियों के मामले में अलग है। उद्यमों के लिए अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी के सामने आने में समय लगेगा और उनके लिए उत्पादकता में उछाल के लिए एआई के लाभ का उपयोग सबसे बड़ी चुनौती है।

### इंडिगो पर लगा एक लाख का जुर्माना



**नई दिल्ली।** आव्रजन ब्यूरो ने वीजा संबंधी कथित उल्लंघन के लिए एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने के कारण कंपनी की वित्तीय स्थिति, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले आव्रजन ब्यूरो ने एयरलाइन कंपनी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

### विदेशों में रह रहे लोगों ने भारत भेजे 120 अरब डॉलर



**वाशिंगटन।** विदेशों में रह रहे भारतीयों ने बीते वर्ष यानी 2023 में 120 अरब डॉलर स्वदेश भेजे। यह मेक्सिको को इसी अवधि में प्राप्त 66 अरब डॉलर के मुकाबले लगभग दोगुना आंकड़ा है। विदेशों से भेजी गयी राशि (रेमिटेंस) प्राप्त करने वालों में चीन (50 अरब डॉलर), फिलिपीन (39 अरब डॉलर) और पाकिस्तान (27 अरब डॉलर) शीर्ष पांच देशों में शामिल हैं।

### एफपीआई पंजीकरण नियमों में संशोधन



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने प्रवासी भारतीयों, विदेशों में बसे भारतीयों (ओसीआई) और निवासी भारतीयों के लिए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) से संबंधित पंजीकरण दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। नए नियम के तहत पंजीकरण के लिए आवेदन करने वाले एफपीआई को यह सुनिश्चित करना होगा।

### स्पर्श क्षमता बढ़ाने 300 करोड़ रुपए करेगी निवेश



**नई दिल्ली।** स्पर्श सीसीटीवी की अगले पांच साल में 300 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। कंपनी सरकार के 'मेड इन इंडिया' (भारत निर्मित) निगरानी उपकरणों के इस्तेमाल पर जोर दिए जाने से उत्पन्न नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए अपनी क्षमताएं बढ़ाना चाहती है। इस निवेश से इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा उपकरणों की अग्रणी विनिर्माता कंपनी को अपने काशीपुर संयंत्र में परिचालन बढ़ाने में मदद मिलेगी। 'स्पर्श सीसीटीवी की मौजूदा क्षमता 25 लाख यूनिट प्रति वर्ष है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट 1,900 करोड़ में खरीदेगी इंडिया सीमेंट्स में 23% हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आदित्य बिरला समूह की सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने दक्षिण भारत की कंपनी इंडिया सीमेंट लिमिटेड की 23 फीसदी हिस्सेदारी 1,900 करोड़ रुपए में खरीदने का फैसला किया है। कंपनी ने 267 रुपए प्रति शेयर के प्राइस पर इंडिया सीमेंट लिमिटेड में ये हिस्सेदारी खरीदेगी। गुरुवार 27 जून की सुबह शेयर बाजार खुलने से पहले अल्ट्राटेक सीमेंट के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग हुई जिसमें इंडियासीमेंट की 7.06 करोड़ शेयर्स खरीदने पर बोर्ड ने अपनी मुहर लगा दी।

अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट में 23 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का खुलासा स्टॉक एक्सचेंजों के पास रेग्यूलेटरी फाइलिंग में किया है। ये हिस्सेदारी खरीदने के एलान के बाद ये अटकलें लगाई जा रही है कि कंपनी इंडिया सीमेंट्स का अधिग्रहण भी कर सकती है? इंडिया सीमेंट्स एन श्रीनिवासन की कंपनी है और प्रमोटर ग्रुप की कंपनी में 28.42 फीसदी हिस्सेदारी है। एन श्रीनिवासन कंपनी के वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर हैं।

**इंडिया सीमेंट्स एन श्रीनिवासन की कंपनी है और प्रमोटर की 28.42% हिस्सेदारी**

### अल्ट्राटेक को अदाणी से चुनौती!

आदित्य बिरला समूह ने अल्ट्राटेक सीमेंट के उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 200 मिलियन टन प्रति वर्ष करने का लक्ष्य रखा है। जो फिलहाल 150 मिलियन टन है। पिछले वर्ष अल्ट्राटेक सीमेंट ने सीमेंट कंपनी केसोराम इंडस्ट्रीज को खरीदा था। ये माना जा रहा कि इंडिया सीमेंट के जरिए अल्ट्राटेक सीमेंट अपने प्रोडक्शन लक्ष्य को हासिल कर सकती है। अदाणी समूह ने 2022 में सीमेंट सेक्टर में कदम रखा था लेकिन अंबुजा सीमेंट, एसीसी, सांघी इंडस्ट्रीज और पेन्ना सीमेंट खरीदने के बाद दूसरी बड़ी सीमेंट दो वर्ष में बन चुकी है जो अल्ट्राटेक सीमेंट के वर्चस्व को चुनौती दे रही है।




### सीमेंट सेक्टर पर दबदबे की होड़

देश की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट में 23 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी। इंडिया सीमेंट्स दक्षिण भारत में सीमेंट सेक्टर में बड़ा नाम है। हाल ही में गौतम अदाणी की अंबुजा सीमेंट ने पेन्ना सीमेंट को 10,422 करोड़ रुपए में खरीदा है। सीमेंट सेक्टर में आदित्य बिरला समूह और अदाणी समूह के बीच दबदबे की होड़ चल रही है और आने वाले दिनों इस सेक्टर से जुड़ी कंपनियों के और भी अधिग्रहण के मामले सामने आ सकते हैं।

### राधाकिशन दमानी का इंडिया सीमेंट्स में निवेश

अल्ट्राटेक सीमेंट ने एक्सचेंज फाइलिंग में इस बात का खुलासा नहीं किया है कि उसने वो 23 फीसदी हिस्सेदारी किससे खरीद रही है। इंडिया सीमेंट में 25.58 फीसदी हिस्सेदारी है। इसके अलावा एलआईसी के पास 3.6 फीसदी स्टेक है। साल 1946 में इंडिया सीमेंट की स्थापना हुई थी। पिछले तीन वित्त वर्ष में कंपनी का टर्नओवर को देखें तो 2021-22 में 4858 करोड़ रुपए, 2022-23 में 5608 करोड़ रुपए और 2023-24 में 5112 करोड़ रुपए रहा है।

## चार कारोबारी सत्र में निवेशकों को 3.93 लाख करोड़ का हुआ मुनाफा

# सेंसेक्स पहली बार 79,000 अंक के पार निफ्टी ने भी लांघा 24,000 अंक का स्तर

*स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में जारी रहा और सेंसेक्स पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार कर गया। वहीं निफ्टी ने भी पहली बार ऐतिहासिक 24,000 अंक का शिखर छुआ। चार कारोबारी सत्रों में निवेशकों की संपति में 3.93 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इन्फोसिस, रिलायंस और टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में बढ़त रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 568.93 अंक चढ़कर 79,243.18 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 175.70 अंक बढ़कर 24,044.50 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

### आईटी व सीमेंट क्षेत्र रहे मजबूत

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में तेजी की उम्मीद और सीमेंट क्षेत्र में मजबूती के दम पर मानक सूचकांकों ने तेजी दिखाई। हालांकि, मूल्यांकन संबंधी चिंताओं और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली से व्यापक बाजार स्थिर दायरे में ही रहा।'

### अल्ट्राटेक सीमेंट में पांच फीसदी से अधिक तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल अग्रणी सीमेंट उत्पादक अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इससे पहले कंपनी ने कहा था कि वह चेन्नई स्थित अपनी प्रतिद्वंद्वी कंपनी इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड में 23 प्रतिशत हिस्सेदारी का करीब 1,885 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी।

- सेंसेक्स में 569 अंक और निफ्टी में 176 अंक की बढ़त दर्ज
- इंफोसिस, रिलायंस और टीसीएस जैसी कंपनियों में रही खरीदारी
- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की बाजार में बिकवाली



### इन शेयरों में रही घट-बढ़

इसके अलावा इन्फोसिस, रिलायंस और टीसीएस के साथ एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक और टेक महिंद्रा के शेयर भी बढ़त में रहे। दूसरी तरफ लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, नेस्ले, एचडीएफसी बैंक और मारुति के शेयर नुकसान में रहे।

*बाजार में आधा फीसदी की रही बढ़त : रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'बाजार लगातार चौथे कारोबारी सत्र में सकारात्मक रहे और आधा प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ तेजी का रुख*

### एफआईआई ने बेचे 3,535 करोड़ के शेयर

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 3,535.43 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध रूप से बिकवाली की। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 620.73 अंक उछलकर 78,674.25 अंक पर और एनएसई निफ्टी 147.5 अंक बढ़कर 23,868.80 अंक पर बंद हुआ था।

### एशियाई बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में दोपहर के कारोबार में मिलाजुला रुख था। बुधवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे।

### बाजार पूंजीकरण 438.41 लाख करोड़ के उच्चस्तर पर

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बृहस्पतिवार को 438.41 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,38,41,960.73 करोड़ रुपये (5,250 अरब अमेरिकी डॉलर) के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। चार कारोबारी सत्रों में निवेशकों की संपति में 3.93 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

# जियो तीन जुलाई से 12 से 27 फीसदी बढ़ाएगी मोबाइल दरें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- कंपनी ढाई साल के बाद दरों में वृद्धि करने जा रही
- सभी योजनाओं में मोबाइल सेवाओं की दरें बढ़ा दी गई

देश की शीर्ष दूरसंचार कंपनी जियो तीन जुलाई से मोबाइल सेवाओं की दरों में 12 से 27 प्रतिशत की वृद्धि करेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी।जियो लगभग ढाई साल के अंतराल के बाद मोबाइल सेवा दरों में पहली बार बढ़ोतरी करने जा रही है।

रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश एम अंबानी ने बयान में कहा, 'नई योजनाओं की शुरुआत उद्योग नवोन्मेषण को आगे बढ़ाने और 5जी और एआई प्रौद्योगिकी में निवेश के माध्यम से पर्यावरण अनुकूल वृद्धि को आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम है।' कंपनी ने लगभग सभी योजनाओं में मोबाइल सेवाओं की दरें बढ़ा दी हैं।सबसे कम रिचार्ज की कीमत बढ़ाकर 19 रुपये की जा रही है। यह एक जीबी डाटा 'ऐड-ऑन-पैक' पैक है, जिसकी कीमत 15 रुपये से लगभग 27 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने बताया कि 75 जीबी पोस्टपेड डेटा प्लान की कीमत अब 399 रुपये से बढ़कर 449 रुपये हो जाएगी।




### सभी दो जीबी प्रतिदिन के प्लान पर अनलिमिटेड 5जी डेटा

कंपनी के बयान के अनुसार, 'सभी दो जीबी प्रतिदिन और उससे अधिक प्लान पर अनलिमिटेड 5जी डेटा उपलब्ध होगा... नई योजनाएं तीन जुलाई, 2024 से प्रभावी होंगी और इन्हें सभी मौजूदा टचपॉइंट और चैनल से चुना जा सकता है।'


### 666 रुपए वाला प्लान बढ़कर 799 रुपए

जियो ने 84 दिन की वैधता वाले लोकप्रिय 666 रुपये वाले अनलिमिटेड प्लान की कीमत भी लगभग 20 प्रतिशत बढ़ाकर 799 रुपये कर दी है। वार्षिक रिचार्ज प्लान की कीमतें 20-21 प्रतिशत बढ़कर 1,559 रुपये से 1,899 रुपये और 2,999 रुपये से 3,599 रुपये हो जाएंगी।

# बैंकों का फंसा हुआ कर्ज आया कई सालों के निचले स्तर 2.8 फीसदी पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है क्योंकि सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) अनुपात मार्च 2024 के अंत में कई साल के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर आ गया है। आरबीआई ने बृहस्पतिवार को जून की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) जारी करते हुए कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का जीएनपीए अनुपात कई वर्षों के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर आ गया, जबकि शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनएनपीए) अनुपात मार्च, 2024 के अंत में 0.6 प्रतिशत रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, ''भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है, जो वृहद-आर्थिक और वित्तीय स्थिरता से समर्थित है।



- आरबीआई की रिपोर्ट में हुआ खुलासा
- वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है

सुधरे हुए बहीखाते के साथ बैंक एवं वित्तीय संस्थान निरंतर ऋण विस्तार के जरिये आर्थिक गतिविधि का समर्थन कर रहे हैं।''रिपोर्ट कहती है कि मार्च के अंत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का पूंजी और जोखिम-भारित संपत्ति का अनुपात (सीआरएआर) और समान इक्विटी टियर 1 (सीईटी 1) अनुपात क्रमशः 16.8 प्रतिशत और 13.9 प्रतिशत रहा।

### एनबीएफसी की सेहत स्वस्थ बनी हुई

रिपोर्ट कहती है कि ये परिदृश्य काल्पनिक झटकों के तहत किए गए कठोर रुढ़िवादी आकलन हैं और परिणामों की व्याख्या पूर्वानुमान के तौर पर नहीं की जानी चाहिए। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट कहती है कि मार्च, 2024 के अंत में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की सेहत स्वस्थ बनी हुई थी।

# जयपुर कंपनी रग्स ने लंदन में स्टोर खोला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हस्तनिर्मित कालीन बनाने वाली कंपनी जयपुर रग्स के निदेशक योगेश चौधरी ने कहा कि कंपनी ने इस सप्ताह लंदन में अपना एक शोरूम खोला है तथा चालू वित्त वर्ष में दो और अंतरराष्ट्रीय स्टोर खोलने की योजना है।

जयपुर रग्स ने दिसंबर 2021 में दुनिया की फैशन राजधानी इटली के मिलान में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्टोर खोला था। चौधरी ने कहा, हम मिलान और दुबई में अपनी सफलता के बाद वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति का विस्तार करने को लेकर उत्साहित हैं। हम लंदन में अपने नए शोरूम के जरिए वैश्विक ग्राहकों तक भारतीय डिजाइन और शिल्प पहुंचा रहे हैं। यह हमारी कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। चालू वित्त वर्ष के अंत तक हमारा लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दो या उससे अधिक स्टोर खोलना है।'' घरेलू बाजार में इसके कुल 10 'मोनो-ब्रांड' स्टोर हैं।



- चालू वित्त वर्ष में दो और अंतरराष्ट्रीय स्टोर खोलने की योजना

### मजबूत ब्रांड का निर्माण कर रहे

चौधरी ने कहा, 'हम भारत के छोटे तथा मझोले शहरों में या तो अपनी मौजूदा बाजार उपस्थिति को और बढ़ाकर या नए बाजारों में प्रवेश करके एक मजबूत ब्रांड का निर्माण कर रहे हैं। चालू वित्त वर्ष में घरेलू स्तर पर पांच नए स्टोर खोलने की योजना है।'

# यीडा ने सुपरटेक, सनवर्ल्ड को जमीन आवंटन किया रद्द

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने निर्माणाधीन नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और प्रस्तावित फिल्म सिटी के नजदीक सनवर्ल्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुपरटेक टाउनशिप को दी गई जमीनों का आवंटन निरस्त कर दिया है। प्राधिकरण ने इन दोनों रियल्टी कंपनियों पर लंबित बकाये को देखते हुए बुधवार को उन्हें आवंटित जमीनें निरस्त कर दी हैं। इन कंपनियों को यमुना एक्सप्रेसवे से सटे सेक्टर-22डी में टाउनशिप विकसित करने के लिए करीब 100 एकड़ जमीन दी गई थी। सनवर्ल्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भूमि आवंटन के एवज में 164.86 करोड़ रुपये की राशि बकाया थी जबकि सुपरटेक टाउनशिप को 137.28 करोड़ रुपये चुकाने थे।

# फिल्म सिटी के लिए बोनी कपूर का यीडा से करार

एजेंसी ▶▶| नोएडा (उप्र)

फिल्म सिटी के निर्माण के लिए फिल्म निर्माता बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स और यमुना प्राधिकरण ने एक समझौते पर बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर किए हैं।

फिल्म सिटी का निर्माण कम से कम 1,510 करोड़ रुपये के निवेश से किया जा रहा है और इससे 10 हजार नौकरियों का सृजन होने की उम्मीद है। बेव्यू प्रोजेक्ट्स ने 31 जनवरी को उत्तर प्रदेश सरकार को 18 प्रतिशत राजस्व हिस्सेदारी की पेशकश के साथ बोली जीती थी। समझौते पर बोनी कपूर और भूटानी समूह के आशीष भूटानी ने हस्ताक्षर किए। ग्रेटर नोएडा स्थित यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण वीर सिंह और अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र भाटिया की उपस्थिति में प्राधिकरण के कार्यालय में हस्ताक्षर किए गए।

भूटानी ने कहा, '' हम सबसे बड़ी फिल्म सिटी बनाएंगे जो देश के सबसे बड़े हवाई अड्डे के पास होगी। इसमें कम से कम 1,510 करोड़ रुपये का निवेश होगा।''



- 1,510 करोड़ रुपए का होगा निवेश
- यमुना प्राधिकरण से किया समझौता

## टाटा मोटर्स वाहन बाजार में बढ़ाएगी अपनी हिस्सेदारी



मुंबई। टाटा मोटर्स को उम्मीद है कि भारतीय यात्री वाहन बाजार वर्ष 2030 तक सालाना 60 लाख इकाई तक पहुंच जाएगा और कंपनी अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 18-20 प्रतिशत करने के लिए नए मॉडल उतारने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने यहां एक सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि वर्ष 2027 से सख्त कैफे-3 (कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता) मानदंड लागू होने से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और सीएनजी वाहनों की हिस्सेदारी बढ़ेगी, जबकि पारंपरिक पेट्रोल, डीजल इंजन (आईसीई) वाले वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी होगी। चंद्रा ने कहा, 'हमने वाहन उद्योग के भविष्य के रुझानों और अगले पांच से छह वर्षों में होने वाले विकास पर ध्यान दिया है। हम इन पांच-छह वर्षों में कई बदलाव होते हुए देख रहे हैं।'

## बांड 31 मार्च 2025 तक 10 महीनों के लिए होंगे शामिल

# भारत के बांड आज से जेपी मॉर्गन सूचकांक में शामिल होंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार की तरफ से जारी होने वाले बांड (आईजीबी) को जेपी मॉर्गन के उभरते बाजार बांड सूचकांक में शुक्रवार से शामिल किया जाएगा। इससे सरकार के लिए उधारी जुटाने की लागत में कमी आएगी।

- इससे सरकार के लिए उधारी जुटाने की लागत में कमी आएगी

भारत सरकार के बांड को 28 जून, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक 10 महीनों की अवधि के लिए जेपी मॉर्गन के उभरते बाजार सूचकांक में शामिल किया जाएगा। यह सूचकांक में इसके भारांक में एक प्रतिशत की क्रमिक वृद्धि दर्शाता है।

### भारतीय बाजार के लिए ऐतिहासिक पल

इंडियाबॉन्ड्स डॉट कॉम के सह-संस्थापक विशाल गोयनका ने कहा कि जेपी मॉर्गन सूचकांक में भारतीय सरकारी बांड (आईजीबी) को शामिल करना भारत में निश्चित आय वाले बाजारों के लिए एक ऐतिहासिक पल है। गोयनका ने कहा, यह भारतीय बांड बाजारों को अनिवार्य रूप से वैश्विक बांड निवेशकों की नजर में रखता है।

### निवेशक पूंजी लगाने का मौका तलाश रहे

शुरुआती निवेश 25-30 अरब डॉलर का होना चाहिए लेकिन इस सूचकांक का हिस्सा बनने से अगले कुछ वर्षों में इस संख्या के बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में रूस या चीन जैसे देशों में निवेश की अनिच्छा होने के कारण वैश्विक निवेशक उभरते बाजारों में पूंजी लगाने का मौका तलाश रहे हैं।




*उद्योगों को अधिक घरेलू पूंजी मिल पाएंगी : इसकी वजह यह है कि कई विदेशी कोषों के लिए वैश्विक सूचकांकों पर नजर रखना अनिवार्य है। इससे विदेशों से बड़े पैमाने पर निष्क्रिय निवेश भारत लाने में भी मदद मिलेगी। इससे उद्योग के लिए अधिक घरेलू पूंजी उपलब्ध हो पाएगी।*


### भारत का भारांक अधिकतम 10 फीसदी होगा

जीबीआई-ईएम ग्लोबल डायवर्सिफाइड सूचकांक में भारत का भारांक अधिकतम 10 प्रतिशत और जीबीआई-ईएम ग्लोबल सूचकांक में लगभग 8.7 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। इस सूचकांक में भारत सरकार के बांड को शामिल किए जाने से अधिक विदेशी प्रवाह को आकर्षित करने में मदद मिलेगी।

### बांड में लॉक-इन की जरूरत नहीं होगी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2020-21 के अपने बजट भाषण में कहा था, 'सरकारी प्रतिभूतियों की कुछ निर्दिष्ट श्रेणियां अनिवासी निवेशकों के लिए पूरी तरह खोली जाएंगी और यह घरेलू निवेशकों के लिए भी उपलब्ध होंगी।' सूचकांकों में सूचीबद्ध होने वाली निर्दिष्ट प्रतिभूतियों (बांड) में लॉक-इन की जरूरत नहीं होगी।

### एलएंडटी समूह में 45,000 श्रमिकों इंजीनियरों की कमी




**नई दिल्ली।** विविध क्षेत्रों में कार्यरत लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) समूह इस समय 45,000 श्रमिकों, इंजीनियरों की कमी का सामना कर रहा है। समूह के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यम ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने यहां कहा कि प्रमुख इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण कारोबार 25,000-30,000 श्रमिकों की कमी से जूझ रहा है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और आईटी-सक्षम सेवा कारोबार 20,000 इंजीनियरों की कमी का सामना कर रहा है।

## चिंतन

# अभिभाषण में सरकार का भविष्योन्मुख दृष्टिकोण

मोदी 3.0 सरकार के पहले संसद सत्र के संयुक्त सदन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण में वो तेवर व क्लेवर नहीं दिखे, जिसकी देश को जरूरत है। संयम, संतुलन और रटे-रटाए अवधारणा का पुट अधिक दिखा। चुनावी वर्ष होने के नाते बीते छह माह के दौरान सरकार की आर्थिक व प्रशासनिक गति सुस्त रही है, कई बड़े फैसले बाट जोह रहे हैं, आर्थिक सुधार के अगले चरण की प्रतीक्षा है, महंगाई को लेकर चिंता बरकरार है, रोजगार सृजन की गति मंद है, ऐसे में अभिभाषण में नई सरकार के व्यापक रोडमैप की उम्मीद थी। इन सबके लिए शायद बजट तक प्रतीक्षा करनी पड़े। चूंकि अभिभाषण सरकार का विकास योजनाओं व भविष्य की योजनाओं का दृष्टिकोण होता है, इसलिए आशाएं अधिक थीं। यूं तो राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने अभिभाषण में सरकार के सभी संकल्पों, दिशाओं और लक्ष्यों को समेटने का प्रयास किया है, लेकिन किसी क्रांतिकारी-परिवर्तनकारी ध्येय का जिक्र नहीं किया है। 18वीं लोकसभा के पहले संसद के चौथे दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण करीब 50 मिनट चला, जिसमें उन्होंने सरकार के लगभग हर मुद्दे पर बात की। नीट विवाद परीक्षा रद व पेपर लीक को लेकर सरकार विपक्ष के निशाने पर है, इसलिए अभिभाषण में पेपर लीक घटनाओं की जांच करने, पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा सुनिश्चित करने, परीक्षा प्रणाली में सुधार लाने व नया कानून लागू करने की बात प्रमुखता से कही गई है। विपक्ष ने 'संविधान खतरे में है' के नैरेटिव के साथ भाजपा के खिलाफ चुनाव में कैंपेन किया था, सांसदों के शपथग्रहण के दौरान भी राहुल गांधी व अखिलेश यादव समेत अनेक विपक्षी सांसदों ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर शपथ ली है, इसके काउंटर के लिए अभिभाषण में सरकार ने कांग्रेस द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल को काला अध्याय बता कर कांग्रेस को एहसास दिलाया है कि पूर्व में कांग्रेस सरकर के दौरान ही आपातकाल के रूप में संविधान की धज्जियां उड़ी थी। एक दिन पहले लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के बाद सदन में आपातकाल को लेकर निंदा प्रस्ताव पास किया गया। सरकार की रणनीतियों से तय है कि अगर कांग्रेस भाजपा को झूठे व भ्रमित नैरेटिव संविधान खतरे में बता कर घेरेगी, तो भाजपा भी कांग्रेस को आपातकाल की याद दिलाती रहेगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के जरिये नई सरकार ने अग्निवीर का जिक्र किए बिना सेना में सुधार व सेना को आत्मनिर्भर बनाने की अपी तैयारियां बताईं। जब नॉर्थ-ईस्ट में शांति के लिए सरकार के प्रयासों का जिक्र किया गया, तब विपक्ष ने मणिपुर के हालात को लेकर शोर-शराबा किया। अभिभाषण में महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों के कल्याण करने के बारे में बात हुई, चुनाव आयोग की तारीफ की गई, जीएसटी को अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए मील का पत्थर बताया गया, कश्मीर में मतदान के रिकॉर्ड टूटने को घाटी का दुश्मनों को करारा जवाब कहा गया, प्राकृतिक खेती और उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाने की बात कही गई, बुलेट ट्रेन, गरीबी उन्मूलन व 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत रणनीतिक 'गेटवे' बनाने का काम का जिक्र किया गया। सरकार की ओर से आगामी बजट में बड़े सुधारात्मक फैसले की उम्मीद जगाई गई है। अभिभाषण में विपक्ष को हर वक्त हंगामा को लेकर आईना भी दिखाया है कि नीतियों का विरोध और संसदीय कामकाज का विरोध अलग-अलग बातें हैं। दुष्प्रचार की चुनौती से निपटने के लिए नए रास्ते खोजने की जरूरत है। इस अभिभाषण में सरकार का विजनरी रोडमैप है, लेकिन यह और बेहतर हो सकता था। देश में पुलिस सुधार, प्रशासनिक, न्यायिक सुधार, राजनीतिक व चुनावी सुधार लंबित हैं, आर्थिक सुधार के नेक्स्ट स्टेप की जरूरत है, इन सब मुद्दों पर अभिभाषण चुप है।



शपथ ग्रहण
प्रभुनाथ शुक्ल

# संसद की गरिमा बनाए रखना जरूरी

**शपथ ग्रहण समारोह चाहे जिस भाषा में हो लेकिन देश, संविधान और संसद की गरिमा का सम्मान आवश्यक है। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जिस तरह हमारे माननीयों ने जिंदाबाद की संस्कृति का ईजाद किया वह पूरी तरह संसद की संस्कृति, संस्कार, विधान, व्यवस्था, गरिमा और मर्यादा के खिलाफ है। पुराने और कई वरिष्ठ सांसदों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश माननीयों ने संसद और लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी नहीं दिखाई। देश के मीडिया में शपथ ग्रहण समारोह की खूब चर्चा है। शपथ ग्रहण के लिए भी एक विशेष गाइडलाइन बननी चाहिए, जिसमें कोई भी निर्वाचित सांसद क्षेत्रवाद, धर्म-जाति, भाषा का नारा बुलंद नहीं कर सकता।**

आप माननीय हैं। आप संविधान, विधान और व्यवस्था से ऊपर नहीं हैं। आपको न संसद की गरिमा का मान है न देश के गौरव का। शपथ ग्रहण में जिस तरह आपने अपने माननीय होने का परिचय दिया, वह हमारी संसदीय व्यवस्था का कभी हिस्सा नहीं हो सकता। आप अपनी हरकतों से खुद को भले गौरवान्वित महसूस कर रहे हों, लेकिन देश और लोकतंत्र शर्मसार है। आप के हाथों में संविधान की किताबें भले हों, लेकिन आपका व्यवहार संविधान की चौखट लांघता दिखा। 18वीं लोकसभा में 535 माननीय सांसदों ने शपथ ली, लेकिन किसी ने अपनी अमिट छाप नहीं छोड़ी। कुछ पुराने एवं वरिष्ठ माननीयों को छोड़कर। शपथ ग्रहण समारोह में जिस तरह की छवि हमारे माननीयों की उभर कर आई है वह अपने आप में शर्मसार करती है। देश की आत्मा कहीं से भी झलकती हुई नहीं दिखी। अनेकता में एकता की कोई गंध और सुगंध नई आई। सत्ता और विपक्ष पूरी तरह से विभाजित दिखा।

माननीय सांसद देश, संविधान और संसद की व्यवस्था को ताक पर रखकर अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, जातिवाद, धर्मवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद के अहम में टूटते और बिखरते दिखे। इस समारोह में देश की खूबसूरती हाशिये पर रही,जबकि क्षेत्रवाद, जाति और धर्म शीर्ष पर दिखा। यह अपने आप में विचारणीय बिंदू है। हम देश को किस तरफ ले जा रहे हैं। देश की जनता ने जिन लोगों को चुनकर भेजा है उसे आप क्या संदेश देना चाहते हैं यह अपने आप में विचरणीय प्रश्न है। इस पर विस्तृत विमर्श की जरूरत है। हम वोटबैंक और सत्ता के लालच में वैचारिक विभाजन के जरिये सामाजिक अलगाववाद की तरह बढ़ रहे हैं। अब इससे बड़ी हमारी सोच क्या हो सकती है कि हमने देश के खिलाफ साजिश रचने वालों को चुनकर संसद भेज दिया है, जबकि चुनाव जीतने वाले जेल में बंद होने की वजह से शपथ भी नहीं ले पाए। यह क्षेत्रवाद का ही जहर है। फिर राष्ट्रीय एकता की बात कहां से कर सकते हैं।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे असदुद्दीन ओवैसी ने जिस तरह संसद की गरिमा और व्यवस्था को तार-तार किया वह अपने आप में काबिलेगौर है। भारतमाता और संविधान की जय बोलने के बजाय जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलिस्तीन का नारा बुलंद किया। ओवैसी को सिर्फ एक क्षेत्र विशेष से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी मिली है, लेकिन वह खुद को सरकार मान बैठे हैं। देश की नीति तय करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। फिलिस्तीन-इजरायल, रूस-यूक्रेन के प्रति हमारी नीति क्या होगी यह सार्वभौमिक संसद और सरकार तय करेगी। निश्चित रूप ओवैसी की तरफ से दिया गया बयान बेहद घटिया और संसद की गरिमा के खिलाफ है। उनकी संसद सदस्यता खत्म करने के लिए राष्ट्रपति को जो पत्र दिए गए हैं उस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। संसद में प्रतिपक्ष के नेता निर्वाचित हुए राहुल गांधी हाथ में संविधान लेकर शपथ ग्रहण करने पहुंचे। उन्होंने अपनी शपथ अंग्रेजी में ली और शपथ ग्रहण के बाद जय संविधान का नारा



लगाया। यह उनकी बचकानी हरकतें हैं। वह पुराने सदस्य हैं उन्हें राजनीतिक स्टंट से दूर रहना चाहिए। अपने गंभीर व्यक्तित्व का परिचय देना चाहिए, उस स्थिति में जब वे विपक्ष के नेता चुने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से पहली बार विजयी हुए चंद्रशेखर आजाद रावण ने एक साथ कई नारे बुलंद किए जिसमें नमो बुद्धाय, जय भीम, जय भारत, जय संविधान, जय मंडल, जय जवान, जय किसान, भारतीय लोकतंत्र जिंदाबाद, भारत की महान जनता जिंदाबाद के नारे लगाए। इससे भी सत्ता और विपक्ष के सांसदों के बीच नोकझोंक हुई। रावण बसपा यानी मायावती को कमजोर होता देख दलितों को खुद का मसीहा दिखाने के लिए तेवरदार राजनीति का नैरेटिव गढ़ रहे हैं। उनकी राजनीति वोटबैंक के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन समाज और व्यवस्था के लिए बिल्कुल नहीं।

शपथ ग्रहण के दौरान भाजपा सांसदों ने धार्मिक नारों का उपयोग किया। बरेली सीट से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने जहां जय हिंदू राष्ट्र का नारा दिया। वहीं मेरठ से टीवी सीरियल रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल जय श्रीराम का जयघोष किया। विपक्ष ने दोनों सांसदों के नारे का प्रबल विरोध किया। अरुण गोविल के जय श्री राम नारे के विरोध में समाजवादी पार्टी के सांसदों ने जय अवधेश नारा बुलंद किया, क्योंकि अयोध्या की फैजाबाद सीट से अवधेश कुमार निर्वाचित हुए हैं। इस सीट पर बीजेपी की हार को लेकर गंभीर चर्चा हो रही है और अयोध्या के लोगों पर सोशल मीडिया पर टिप्पणियां की जा रही हैं, जबकि मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने शपथ ग्रहण के बाद राधे-राधे कर लोगों का अभिवादन किया। क्योंकि वह मथुरा से चुनकर आती हैं और मथुरा भगवान कृष्ण से जड़ा है। शपथ ग्रहण समारोह में सांसदों के व्यवहार और नारेबाजी को लेकर ऐसा लग रहा था जैसे नव निर्वाचित माननीयों में नारे लगाने की होड़ चल रही हो। इस नारेबाजी की होड़ में कोई पिछड़ना नहीं चाह रहा था। डीएमके सांसदों ने उदय नीति स्टालिन जिन्दाबाद के नारे लगाए, जबकि गाजियाबाद से निर्वाचित भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने अटल बिहारी और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने डॉ. हेडगेवार जिंदाबाद के भी नारे लगाए। पूर्वांचल की भदोही लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद डॉ विनोद बिंद ने जय बिंद, समाज, जय निषाद जैसे जातिवादी नारों का प्रयोग किया। देवरिया से संसद पहुंचे शशांक मणि ने अपने अंतिम उद्बोधन में जय देवरिया का नारा लगाया। देश के विभिन्न हिस्सों से चुनकर आए माननीय सांसदों का व्यवहार संसद के प्रति कितना उत्तरदायी था यह कहना बड़ा मुश्किल है। पुराने और कई वरिष्ठ सांसदों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश माननीयों ने शपथ ग्रहण के दौरान संसद और लोकतंत्र के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं दिखाई। देश के मीडिया में शपथ ग्रहण समारोह की खूब चर्चा है। अब वक्त आ गया है जब शपथ ग्रहण के लिए भी एक विशेष गाइडलाइन बननी चाहिए, जिसमें कोई भी निर्वाचित सांसद क्षेत्रवाद, धर्म-जाति, भाषा का नारा बुलंद नहीं कर सकता।

शपथ ग्रहण समारोह चाहे जिस भाषा में हो लेकिन देश, संविधान और संसद की गरिमा का सम्मान आवश्यक है। अगर जिंदाबाद करना है तो सिर्फ भारत माता और संविधान की करिये। सत्ता हो या विपक्ष सभी को इस मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए। सरकार को आगे आकर मानसून सत्र में इस पर गंभीर चर्चा करानी चाहिए। विपक्ष को इस पर सहयोग करना चाहिए, क्योंकि यह सवाल सिर्फ सत्ता-विपक्ष का नहीं बल्कि देश, संसद और लोकतंत्र की गरिमा का है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए एक विशेष नियम और कानून की व्यवस्था होनी चाहिए। जिस तरह हमारे माननीयों ने जिंदाबाद की संस्कृति का ईजाद किया वह पूरी तरह संसद की संस्कृति, संस्कार, विधान, व्यवस्था, गरिमा और मर्यादा के खिलाफ है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मिसाल
डॉ. महेश परिमल




# मिथक तोड़ती बेटियां

हाल ही में उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक अनोखी घटना हुई। बीएसएनएल से सेवानिवृत्त हुए अनिल कुमार अपनी बेटी को उसके ससुराल से बैंड-बाजे के साथ घर लाए। उनका मानना था कि मैंने जिस तरह से बेटी को सम्मान के साथ उसके ससुराल भेजा है, तो अब उसे ससुराल से हमेशा-हमेशा के लिए अपने घर लाने के लिए भी उतना ही सम्मान दूंगा। हुआ यूं कि अनिल कुमार की बेटी उर्वी की शादी 8 साल पहले कंप्यूटर इंजीनियर के साथ हुई थी। ससुराल में उर्वी को सम्मान नहीं मिला। दहेज के कारण उसे प्रताड़ित किया जाता था। 8 साल तक बिटिया ने यह अपमान सहा। जब सहन नहीं हुआ, तो उसने माता-पिता से गुहार लगाई कि उसे अब मायके बुला लिया जाए। इससे पिता ने यह अनुकरणीय उदाहरण पेश करते हुए उसे ससम्मान घर वापसी कराई। हमारे समाज में बेटी यदि अपने ससुराल से मायके आ जाए, तो लोग उसे सम्मान की दृष्टि से नहीं देखते। बेटी ने अपने ससुराल में किस तरह के ताने और प्रताड़ना सही होगी, यह जानने की कोशिश माता-पिता के अलावा और कोई नहीं करता। आखिर बेटी को भी सम्मान से जीने का हक है। उसने ससुराल की प्रताड़ना के खिलाफ आवाज उठाकर कोई अपराध नहीं किया है। वह भी अपनी तरह से जीना चाहती है। बेटी को भी बेटे की तरह जीने का अधिकार होना चाहिए, यह बात समाज के लोग अक्सर करते हैं, पर जब उसे अमल में लाने की बात आती है, तो सभी परंपराओं की दुहाई देने लगते हैं। आजकल तलाकशुदा बेटी का जीवन बहुत ही ज्यादा दुश्वार हो गया है। वह भी अपने तरीके से जीवन जीना चाहती है। उस पर जीवन थोपा नहीं जा सकता। ससुराल में यदि उसे प्रताड़ना मिलती है, तो फिर माता-पिता के अलावा उसका कौन है? बेटी का घर आना माता-पिता के लिए दुःखों का पहाड़ टूटना ही समझा जाता है। शुरुआत में माता-पिता काफी कोशिशें करते हैं कि बेटी का घर बस जाए। बात नहीं बनने पर वे अपनी बेटी को घर बुलाने के लिए मानसिक रूप से तैयार हो जाते हैं। बेटी को ससुराल में प्रताड़ना देने का रिवाज शिक्षित वर्ग में ही अधिक देखा जाता है। तलाक भी शिक्षित वर्ग में ही अधिक होते हैं। आखिर ऐसी शिक्षा का क्या महत्व, जो विवाह को स्थायित्व देने का काम न करती हो। समाज का एक वर्ग ऐसा भी है, जो विवाह के टूटने की बाट जोहता रहता है, विवाह टूटने के बाद वह उसका आनंद लेने लगता है। विवाह टूटने के मामले में आजकल के युवा एवं उसके माता-पिता अधिक जवाबदार माने जाते हैं। कई मामलों में बेटी के माता-पिता यह मानते हैं कि ससुराल में बेटी जिस तरह से रोज-रोज मर रही है, उससे अच्छा यही है कि उसकी घर वापसी कर दी जाए, ताकि वह स्वाभिमान के साथ अपना जीवन जी सके। आखिर बिटिया कब तक लाचारी का जीवन जिएगी? लाचारी से भरा जीवन जीने से अच्छा यही है कि वह तलाक लेकर अपने माता-पिता के घर आ जाए। इन दिनों समाज में एक नई परंपरा देखने को मिल रही है। जिस तरह से बेटे को अपना जीवन जीने का हक है, उसी तरह बेटी को भी है। बेटी और बेटे के बीच किसी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए। कौन सच्चा और कौन झूठा है, इसे समझने में बरसों लग जाते हैं, इसलिए यही अच्छा है कि बेटी घर ही आ जाए। बेटी घर की इज्जत है, यह सूत्रवाक्य आज हमारे समाज में अमल में लाया जाता है, पर बेटी के भी अपने सपने होते हैं, वह भी खुलकर जीना चाहती है। आखिर अपनी इच्छाओं को मारकर कब तक जिया जाए? इसलिए कानपुर के अनिल कुमार ने एक नई परंपरा की शुरुआत कर समाज को दिशा देने की कोशिश की है। अनिल कुमार जैसी सोच बहुत कम लोगों की होती है। उन्होंने समझ लिया था कि बेटी को ससम्मान घर लाकर वे समाज के सवालों का जवाब नहीं दे पाएंगे, पर समाज को भी सोचना चाहिए कि कौन माता-पिता ऐसे होंगे, जो अपनी बेटी को उसके हाल पर छोड़ देना चाहते हैं। धनलिप्सा के कारण ससुराल वाले बेटी को बरसों से प्रताड़ित ही कर रहे हैं। आखिर इस कुप्रथा को खत्म करने की कोशिश भी तो होनी चाहिए। बेटी को नई जिंदगी देने के लिए माता-पिता का यह प्रयास आज भले ही अनुकरणीय न लगे, पर भविष्य में इसे सही मान लिया जाएगा, यह तय है। अब समाज को भी सारे मिथकों से दूर होना होगा। बेटी को लेकर गढ़े गए तमाम सूत्रवाक्यों को नई सिरे से पारिभाषित करना होगा। बेटी को भी जीने का हक है, इसे समझते हुए ही अनिल ने जो किया, उसे नमन करना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# रिलेशनशिप को रखना है स्ट्रांग



संकलित
## दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है, किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।

# अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोकें



संकलित
## प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

## सटाका




## आज की पाती

### ड्रोन से की जाए वनों की निगरानी

हर वर्ष गर्मियों में देश के कुछ वन संपदा के धनी राज्यों में जंगलों में भयंकर आग लगने की खबरें पढ़ने, सुनने और देखने को मिलती हैं। आग किसी भी कारण से जंगलों में लगती है, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ लोग गर्मियों के दिनों में बेकार की घास–फूस को जलाने के लिए जंगलों या खेतों में आग लगा देते हैं, जिससे उसी फालतू की घास–फूस के साथ ही सैकड़ों वृक्ष भी आग की बलि चढ़ जाते हैं, जो कि प्रकृति से खिलवाड़ है और हरी–भरी वादियों के लिए अच्छे संकेत नहीं है। लोग इस बात का ध्यान रखें कि यह आग खेतों के साथ लगते जंगलों में न फैले। जब हरे–भरे जंगल नष्ट हो जाते हैं तो कई हिंसक जंगली जानवरों के रिहायशी इलाकों में आ जाने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। वन विभाग को चाहिए कि इस तरह की घटनाओं पर ड्रोन के जरिए निगरानी रखे। – *शेखर मेहता, कांकेर*


## ट्रेंड

### मेरा युवा भारत अभियान



विकसित भारत के निर्माण में होगी युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित। सरकार ने युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी और बढ़ाने के लिए 'मेरा युवा भारत' अभियान की शुरुआत की है। इसमें अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक युवाओं का पंजीकरण हो चुका है।
-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### वास्तविक प्रकृति को जानें



एआई हमें प्रबुद्ध युग में मार्गदर्शन नहीं कर सकता। केवल ब्रह्मांडीय बुद्धिमत्ता और स्व की पहचान ही ऐसा कर सकती है। कृत्रिम, रासायनिक, यांत्रिक या मात्रात्मक हर चीज से परे शुद्ध चेतना के रूप में वास्तविक प्रकृति को जानें जो मन की रचनाएं हैं।
-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक

### स्वाध्याय महान तप



सनातन हिन्दू वैदिक संस्कृति में स्वाध्याय महान तप है, जो हमारी जीवनचर्या का आवश्यक अंग होना चाहिए। ग्रंथों का अध्ययन वैचारिक नवीन्यता के साथ लक्ष्य की संप्राप्ति में सहायक है। अतः आत्म-सामर्थ्य के लिए सदग्रन्थों की ओर लौटें।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु


### नारे को ठुकराया



मोदी सरकार द्वारा लिखित राष्ट्रपति का अभिभाषण सुनकर ऐसा लगा जैसे मोदी जनादेश को नकारने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। जनादेश उनके खिलाफ़ था, क्योंकि देश की जनता ने 400 पार के नारे को ठुकराया।
-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

## करंट अफेयर


# चीन ने अध्ययन के लिए सभी देशों के वैज्ञानिकों को बुलाया



चीन के अंतरिक्ष अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि चांद पर एक ऐतिहासिक अभियान को पूरा करने के बाद पृथ्वी पर लौटे चांग ई–6 द्वारा जुटाये गये नमूनों के अध्ययन के लिए वे दुनियाभर के वैज्ञानिकों का स्वागत करते हैं लेकिन अन्वेषण की इस प्रक्रिया में कुछ सीमाएं हैं, विशेषरूप से अमेरिका के साथ। अधिकारियों ने अभियान की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देने के लिए बीजिंग में आयोजित एक टेलीविजन समाचार सम्मेलन में बताया कि अमेरिका के साथ किसी भी तरह का सहयोग, नासा के साथ प्रत्यक्ष द्विपक्षीय सहयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले अमेरिकी कानून को हटाने पर निर्भर होगा। चीन के नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के उपाध्यक्ष बियान झिगांग ने बताया, 'अमेरिक–चीन अंतरिक्ष सहयोग में बाधा की जड़ वुल्फ संशोधन में बरकरार है।' उन्होंने कहा, 'अगर अमेरिका वास्तव में नियमित अंतरिक्ष सहयोग शुरू करना चाहता है तो मुझे लगता है कि उन्हें इस बाधा को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।' वुल्फ संशोधन 2011 में प्रभावी हुआ था और यह संशोधन अमेरिका और चीन के बीच केवल उन द्विपक्षीय सहयोग को मंजूरी देता है, जिसमें एफबीआई यह प्रमाणित कर सके कि कार्य के दौरान चीनी पक्ष के साथ सूचना साझा करने से राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है।


## ऑफ बीट

# एक हजार और प्रजातियों पर अस्तित्व का खतरा मंडराया



अंतरराष्ट्रीय संरक्षण संगठन के मुताबिक करीब 45 हजार प्रजातियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है जो पिछले साल के मुकाबले एक हजार अधिक है। संगठन ने इस स्थिति के लिए जलवायु परिवर्तन, आक्रामक प्रजातियों और मानव गतिविधियों जैसे अवैध व्यापार और बुनियादी ढांचा विस्तार को जिम्मेदार ठहराया है। द इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्वरसेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) ने बृहस्पतिवार को लुप्त होने के खतरे का सामना कर रही प्रजातियों की नवीनतम सूची जारी की। संगठन ने अपने 60वें वर्ष में जारी इस सूची में विलुप्ति के खतरे का सामना कर रहे जानवरों और पौधों के बारे में चेतावनी दी है, लेकिन साथ ही इबेरियन लिंक्स (वनबिलाव)जैसी प्रजातियों के संरक्षण में मिली सफलता पर भी प्रकाश डाला है। सूची में अब 1,63,040 प्रजातियों को शामिल किया गया है जो पिछले साल से लगभग 6,000 अधिक हैं। आईयूसीएन ने खुलासा किया कि चिली के अटाकामा तटीय रेगिस्तान में पाए जाने वाले कोपियापोआ कैक्टस, बोर्नियन हाथी और ग्रैन कैनरिया की विशालकाय छिपकली विलुप्ति के खतरे का सामना कर रही प्रजातियों में शामिल हैं। कोपियापोआ कैक्टस के विलुप्ति के कारणों में सोशल मीडिया का चलन प्रमुख है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




## 'गेम चेंजर' की 10 दिन की शूटिंग बाकी...

**मुंबई।** राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' की रिलीज की तारीख से अभी तक परदा नहीं उठ पाया है। इस फिल्म पर तीन साल से काम चल रहा है, लेकिन अभी तक शूटिंग पूरी नहीं हो पाई। इस वजह से राम चरण के फैंस इसका इंतजार करते-करते थक से गए हैं। इसी बीच, अब फिल्म के निर्देशक की ओर से एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई है। एक साक्षात्कार में 'गेम चेंजर' का निर्देशन कर रहे शंकर ने बताया कि फिल्म की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अब 10 दिन की शूटिंग और बची है। शंकर इन दिनों अपनी एक और फिल्म 'इंडियन 2' के प्रचार में व्यस्त में हैं।

लाइफ Style


# सोनाक्षी

## शादी से पहले ही जहीर को मान चुकी थीं पति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोनाक्षी सिन्हा अपनी शादी के बाद से ही सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। सोशल मीडिया पर उनकी शादी की फोटो और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। इस बीच सोनाक्षी का 2 साल पुरानी एक पोस्ट भी वायरल हो रही है।

सोनाक्षी, जहीर इकबाल को 2 साल पहले ही अपना पति मान चुकी थीं। दोनों ने दो साल पहले ही सगाई कर ली थी। फिलहाल, इस पर साफ तौर पर कोई पुष्टि नहीं हो हुई है कि सोनाक्षी और जहीर की सगाई दो साल पहले हुई थी या नहीं। लेकिन इस समय दोनों अपनी शादी को लेकर ट्रोल किए जा रहे हैं। लोग उनकी शादी को लव जिहाद बताकर उन्हें धमकी दे रहे हैं। कुछ तो इसे हिंदू धर्म का अपमान बता रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने दो साल पहले ही सगाई कर ली थी, ऐसा ये बात हम नहीं कह रहे हैं, ऐसा सोशल मीडिया पर वायरल हो रही सोनाक्षी की पोस्ट पर यूजर्स कह रहे हैं। दरअसल, रेडिट पर एक यूजर ने सोनाक्षी की 2 साल पहले की एक पोस्ट शेयर की थी। इस पोस्ट में एक्ट्रेस अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। ये अगूंठी एक्ट्रेस ने शादी के समय भी पहन रखी थी। एक्ट्रेस की इसी पोस्ट पर यूजर दावा कर रहे हैं कि सोनाक्षी और जहीर दो साल पहले ही सगाई कर चुके थे। रेडिट यूजर ने सोनाक्षी की एक पोस्ट शेयर की जो खुद एक्ट्रेस ने 2 साल पहले डाली थी। 8 मई, 2022 को शेयर की गई, इस पोस्ट में उन्होंने लिखा था, 'मेरे लिए बहुत बड़ा दिन! यकीन नहीं हो रहा मेरा सपना सच हो रहा है।



हॉलीवुड मसाला



## शूटिंग से ब्रेक लेकर निक से मिलीं

**लॉस एंजिलिस।** बॉलीवुड की देसी गर्ल अब हॉलीवुड में भी मशहूर हो चुकी हैं। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी आगामी फिल्म 'द ब्लफ' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के लिए वे ऑस्ट्रेलिया में रह रही हैं। वहीं, अभिनेत्री ने अपने इंस्टग्राम हैंडल से अपनी कुछ तस्वीरों को साझा किया है। तस्वीरों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे शूटिंग से ब्रेक लेकर अपने पति निक और अपने परिवार से मिली हैं। प्रियंका ने एक पोस्ट साझा किया है जिसमें वे ग्रीन ड्रेस में अपने पति निक संग क्वालिटी समय बिताती नजर आ रही हैं।



## एक्शन-एडवेंचर 'रेड वन' का ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिलिस।** अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने बहुप्रतीक्षित एक्शन-एडवेंचर 'रेड वन' का ट्रेलर जारी कर दिया है। फिल्म में ड्वेन जॉनसन और क्रिस इवांस मुख्य भूमिका में हैं। 'जुमांजी रीबूट' के निर्देशक जेक कासदन ने फिल्म का निर्देशन किया है। क्रिस मॉर्गन ने हीराम गार्सिया की कहानी पर आधारित फिल्म की पटकथा लिखी है। निर्माताओं में हीराम गार्सिया, डैनी गार्सिया, जॉनसन, मॉर्गन, कसदन और मेल्विन मार शामिल हैं। 'रेड वन' 15 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में जॉनसन और मार्वल स्टार क्रिस इवांस के बीच रोमांचक टीम-अप दिखाया जाएगा, जिसमें जॉनसन ई.एल.एफ. के कमांडर कैलम ड्रिफ्ट के किरदार में होंगे।



## मेरे बयान को गलत पेश किया जा रहा ...

**नई दिल्ली।** दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे और कुछ-कुछ होता है जैसी फिल्मों में दिग्गज एक्ट्रेस फरीदा जलाल शाहरुख खान संग काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र किया कि शाहरुख और सलमान के साथ उनका यादगार रिश्ता है। एक्ट्रेस ने इस बात का भी खुलासा किया कि उनका शाहरुख से संपर्क टूट गया है, क्योंकि उनका नंबर बदल गया था। वह फिर से शाहरुख से जुड़ना चाहती है। लेकिन सेक्रेटरी से संपर्क नहीं हो पा रहा है। 'मैने सिर्फ इतना कहा कि मेरे पास जो नंबर है, वो शायद पुराने हैं। फरीदा जलाल ने सोशल मीडिया पर शाहरुख खान से संपर्क टूटने के अपने बयान को गलत बताया है। जो कुछ लिखा जा रहा है वो गलत है। मैंने तो सिर्फ ये कहा था कि उनका नंबर बदल गया होगा।



## अंडमान में चल रही है सूर्या-44 की शूटिंग

**नई दिल्ली।** इन दिनों अभिनेता सूर्या अपनी दो फिल्मों को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इनमें एक है- 'कंगुवा' और दूसरी है अस्थाई शीर्षक वाली- 'सूर्या 44'। दोनों ही फिल्मों पर आए दिन नई-नई जानकारी मिल रही है और इसी सिलसिले में इस बार 'सूर्या 44' पर नया अपडेट सामने आया है। 'सूर्या 44' को इन दिनों अंडमान में शूट किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जुलाई के पहले हफ्ते तक अंडमान लोकेशन का शेड्यूल का काम खत्म कर लिया जाएगा। इसके बाद फिल्म की टीम ऊटी जाएगी, जहां इसके अगले शेड्यूल की शूटिंग को लेकर योजना बनाने का काम चल रहा है। 'सूर्या 44' से जुड़ी एक जानकारी यह भी है कि इसके दो गानों को शूट कर लिया गया है। 'सूर्या 44' का निर्देशन कार्तिक सुब्बाराज द्वारा किया जा रहा है।

टीवी मसाला



## केबीसी 16 के नए प्रोमो के साथ टीवी पर लौटे बिग बी

**नई दिल्ली।** चर्चित क्विज शो केबीसी के जरिए बिग बी एक बार फिर छोटे पर्दे पर लौट रहे हैं। इस शो का 16वां सीजन आ रहा है। कौन बनेगा करोड़पति 16 का नया प्रोमो जारी हो गया है और इसमें बिग बी एकदम अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। बिग बी कहते दिख रहे हैं, 'जिंदगी है, हर मोड़ पर सवाल पूछेगी, जवाब तो देना होगा!' इस शो में अमिताभ बच्चन प्रतिभागियों से सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल पूछते नजर आते हैं। सवाल पूछने के साथ-साथ वे अपनी जिंदगी से जुड़े तमाम रोचक किस्से भी सुनाते हैं। यह पारिवारिक शो दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हो चला है और हर सीजन का बेसब्री से इंतजार रहता है। शो के नए सीजन को लेकर भी यही उत्सुकता है। अब शो का प्रोमो आ गया है। दिलचस्प बात यह है कि प्रोमो एक या दो नहीं, बल्कि तीन आए हैं। सोनी की तरफ से जारी किए गए तीनों प्रोमो में दिखाया गया है कि आप जीवन की किसी भी स्थिति में हों, कुछ भी फैसला करें, समाज आपसे सवाल करेगा और आपको जवाब देना होगा। अमिताभ बच्चन भी तीनों प्रोमों के आखिर में यही टैगलाइन बोलते दिख रहे हैं।

## राखी ने की उर्फी की खिंचाई
### कहा- जब अनुभव नहीं है तो मत बोलो

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' के अरमान मलिक और कृतिका मलिक और पायल मलिक के साथ उनके एक से ज्यादा शादी की हर तरफ चर्चा हो रही है। एक तरफ जहां मनोरंजन जगत से ऐसे लोग हैं, जिन्होंने इस कदम के लिए अरमान की आलोचना की है। वहीं कुछ दिन पहले, उर्फी यूट्यूबर के समर्थन में सामने आईं और कहा कि अरमान और उनका परिवार उन सबसे अच्छे लोगों में से हैं, जिन्हें उन्होंने जाना है और बहुविवाह अभी भी मौजूद है। अगर वे तीनों एक साथ खुश हैं, तो उन्हें अपने इस फैसले पर रहने दिया जाना चाहिए। उर्फी के इस बयान की राखी सावंत ने खूब आलोचना की है। उन्होंने कहा कि चूंकि वह शादीशुदा नहीं हैं, इसलिए उन्हें इस पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। राखी ने यह भी कहा कि अरमान की पहली पत्नी पायल बिल्कुल भी खुश नहीं है।



## 'बेबी जॉन' में वरुण धवन का भयानक लुक...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों अपनी अपकमिंग एक्शन ड्रामा फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर चर्चा में हैं। पहले ये फिल्म 31 मई को रिलीज होने वाली थी। अब क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को रिलीज होगी। वरुण धवन के फैंस भी उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वरुण धवन हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में उन्होंने हाथ में चाकू पकड़ा हुआ है। उनके चेहरे पर गुस्सा साफ नजर आ रहा है और वह हथियार लिए कई लोगों से घिरे हुए हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'इस साल क्रिसमस और भी मजेदार होने वाला है। 25 दिसंबर को 'बेबी जॉन'की रिलीज के लिए तैयार हो जाइए।'' यह खून-खराबा और भी खूनी होने वाला है। इस फिल्म के जरिए कीर्ति सुरेश हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर



रही हैं। इसके अलावा, इस फिल्म में वामिका गब्बी भी अहम रोल में दिखेंगी. साथ ही फिल्म में जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी नजर आएंगे। वरुण धवन ने पिता बनने के बाद बड़ा कदम उठाया है।

जब से उनके घर में बेटी का आगमन हुआ है, तब से वह दूसरे अपार्टमेंट में शिफ्ट होने की बारे में भी सोच रहे हैं।

## शाहरुख की फिल्म से किया डेब्यू फिर 1 झटके में छोड़ दिया बॉलीवुड

**नई दिल्ली।** सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करना हर किसी का सपना होता है, चाहे वो एक्टर हो या फिर एक्ट्रेस। लेकिन एक ऐसी एक्ट्रेस है, जिन्होंने शाहरुख खान की फिल्म से डेब्यू कर बॉलीवुड को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। इसके बाद एक्ट्रेस ने अमीर बिजनेस-मैन से शादी रचाकर अपना घर बसा लिया। बहुत कम ऐसा होता कि किसी को शाहरुख खान की फिल्म से डेब्यू करने का मौका मिले। लेकिन जो किंग खान के साथ कोई फिल्म कर लेता है, तो उसकी किस्मत चमक उठती है। दीपिका पादुकोण और अनुष्का शर्मा जैसी एक्ट्रेसेस ने शाहरुख की फिल्मों से डेब्यू किया और फिर सिनेमा की दुनिया में छा गईं। आज हम आपको एक्ट्रेस के बारे में बताते हैं, जिन्होंने शाहरुख खान की फिल्म में करने के बाद बॉलीवुड को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। उनका नाम है गायत्री जोशी।

### अमीर बिजनेसमैन से शादी कर बसा लिया घर

गायत्री जोशी ने 2004 में रिलीज हुई 'स्वदेस' फिल्म एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इसमें वह शाहरुख खान के अपोजिट नजर आई थीं। वैसे फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाई थी, लेकिन क्रिटिक्स से खूब तारीफ मिली थी। कई क्रिटिक्स ने 'स्वदेस' को शाहरुख खान के करियर की बेस्ट फिल्म बताया और साथ उनकी एक्टिंग की तारीफ में कसीदे भी पढ़े। फिल्म में गायत्री की अदाकारी की भी प्रशंसा हुई, लेकिन उनका करियर बहुत छोटा साबित हुआ। फिल्म की रिलीज के तुरंत बाद उन्होंने बॉलीवुड छोड़ दिया था। गायत्री जोशी ने महज 27 साल की उम्र में सिनेमा की दुनिया से रिटायरमेंट ले लिया था। इसके पीछे की वजह बताई जाती है कि वह अपनी फैमिली और पर्सनल लाइफ पर फोकस करना चाहती थी। साल 2005 में उन्होंने अमीर बिजनेसमैन विकास ओबेरॉय के शादी रचाई और फिर कभी एक्टिंग की तरफ मुड़कर नहीं देखा। गायत्री जोशी के पति विकास ओबेरॉय एक अरबपति बिजनेस मैन हैं, जो एक समय में भारत के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक थे। फोर्ब्स के मुताबिक, विकास ओबेरॉय की कुल संपत्ति 6 अरब डॉलर यानी इंडियन करेंसी में 50,000 करोड़ रुपए है। शादी के बाद गायत्री जोशी पति विकास ओबेरॉय के साथ मुंबई में शिफ्ट हो गईं। कपल के दो बच्चे हैं। पिछले साल गायत्री जोशी और विकास ओबेरॉय खबरों में आए थे, जब वे इटली में एक भयानक कार एक्सीडेंट में बच गए थे। उस घटना में दो अन्य लोगों की जान चली गई थी।




### दर्शकों के दिलो-दिमाग में बस गई हैं कई भूमिकाएं

## 'कल्कि 2898 एडी' ही नहीं, इन फिल्मों में भी कमाल कर चुके हैं कमल हासन

*__मुंबई।__ नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' गुरुवार को रिलीज हो गई है। इसमें प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण के अलावा कमल हासन भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म में कमल हासन विलेन सुप्रीम यास्किन के रोल में हैं। कमल हासन का सिनेमा की दुनिया में अलग कद है। यूं तो वे साउथ सिनेमा से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन बॉलीवुड में भी उन्होंने अपने अभिनय का कमाल दिखाया है। हिंदी भाषी क्षेत्रों में भी उनके प्रशंसकों की कमी नहीं है। उनके अभिनय का कमाल है कि कई भूमिकाएं दर्शकों के दिलो-दिमाग में बस गई हैं।*

### एक दूजे के लिए ( 1981)

'एक दूजे के लिए' कमल हासन की बॉलीवुड में डेब्यू फिल्म थी। इसमें उनके अपोजिट रति अग्निहोत्री नजर आईं। फिल्म 'ब्लॉकबस्टर'साबित हुई थी, जिसने कमल हसन को हिंदी पट्टी में रातों-रात सुपरस्टार बना दिया था। इसकी कहानी एक साउथ इंडियन आदमी पर आधारित है, जिसे एक नॉर्थ इंडियन लड़की से प्यार हो जाता है। इस फिल्म में कमल हासन धाराप्रवाह हिंदी बोलते नजर आए।





### सदमा (1983)

फिल्म 'सदमा', तमिल फिल्म 'मूंद्रम पिराई' का हिंदी वर्जन थी। इसमें कमल हासन और श्रीदेवी लीड रोल में नजर आए। इसकी मूल फिल्म में बेहतरीन एक्टिंग के लिए हासन को 'नेशनल अवार्ड'मिला था। इसमें एक आदमी और मेंटली चैलेंज लड़की के बीच रोमांस दिखाया गया है। इसमें एक आदमी एक लड़की को वेश्यालय से बाहर लाता है। ब्रेन इंजरी के चलते याददाश्त गुम हो जाने के चलते वह एक 6 साल की लड़की की तरह व्यवहार करने लगती है।

### अप्पू राजा (1989)

इस फिल्म में कमल हासन ने 'अप्पू'का किरदार निभाया। फिल्म की कहानी में एक सच्चे पुलिस अफसर (कमल हासन) को एक क्रिमिनल के गैंग को टारगेट करने की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। वह उस पुलिस अफसर को मार देते हैं और उसकी पत्नी को जहर दे देते हैं। वह दो जुड़वा लड़कों को जन्म देती है, जो बचपन में बिछड़ जाते हैं। दो भाई में से एक 'अप्पू' (कमल हासन) सर्कस का जोकर बन जाता है और दूसरा 'राजा'(कमल) एक मैकेनिक है। बाद में अप्पू को अपने पिता की हत्या के बारे में पता चलता है और वो उन हत्यारों से बदला लेने का प्लान बनाता है।



### सागर (1985)

साल 1985 में आई ऋषि कपूर, डिंपल कपाड़िया और कमल हासन अभिनीत यह एक रोमांटिक-ड्रामा फिल्म है, जो सुपरहिट रही। इसके लिए कमल हासन को 'बेस्ट एक्टर' का 'फिल्मफेयर अवॉर्ड'भी मिला था। फिल्म में एक मछुआरा 'राजा'एक लड़की 'मोना'से गुपचुप तरीके से प्यार में होता है। जब एक अमीर आदमी रवि अपनी दादी कमलादेवी के साथ रहने के लिए आता है, तो वह मोना को देखता है और उसे उससे प्यार हो जाता है। मोना के मन में भी भावनाएं उमड़ आती हैं। राजा को ये पता चलने के बाद उसका दिल टूट जाता है, लेकिन जब कमलादेवी को इस बारे में पता चलता है, तो वह मोना पर रवि को छोड़ने का दबाव डालने लगती हैं। 'सागर' को भारत की तरफ से 1985 में 'बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म' कैटिगरी में ऑस्कर के लिए भेजा गया था।



## खबर संक्षेप



### भैंसवाही से 63 लीटर देशी शराब की गई जब्त

**कटनी।** विजयराघवगढ़ पुलिस ने ग्राम भैंसवाही में दबिश देकर एक युवक के पास से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। थाना प्रभारी रीतेश शर्मा ने बताया कि एसपी के निर्देशन पर दबिश देकर शराब जब्त की गई है। पुलिस ने बताया कि रात में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की विजय कचेर निवासी ग्राम भैंसवाही के अपने घर में बोरियो में 7 कार्टून में सफेद प्लेन शराब अवैध रूप से लाकर बेचने के लिए छुपा रहा है। सूचना पर विजयरघवगढ़ पुलिस के द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी विजय कचेर के क़ब्ज़े से कुल 63 लीटर देशी शराब कीमती 35000 रूपया की जब्त की गई। उक्त शराब को रखने संबंधी में कोई भी बैध दस्तावेज प्रस्तुत न करते हुए बताया कि उक्त शराब को अवैध रूप से बिक्री के उद्देश्य से रखना बताया। धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत शराब जब्त कर मामला पंजीबद्ध कर विधिक कार्यवाही की गई। कार्यवाही में रीतेश शर्मा निरीक्षक थाना प्रभारी विजयराघवगढ़, सहायक उप निरीक्षक जय सिंह ठाकुर, आरक्षक अर्जुन सिंह की भूमिका रही।

### किस्सू तिवारी को सेंट्रल जेल किया गया शिफ्ट

**कटनी।** मोस्ट वांटेड किस्सू उर्फ किशोर तिवारी को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद गुरुवार को जिला जेल से सेंट्रल जेल जबलपुर भेज दिया गया। जिला जेल में 10 वर्ष तक की सजा पाने वाले बंदी रखे जाते हैं। मंगलवार को पंचम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने किस्सू तिवारी को वर्ष 1987 के कोतवाली थाना के राजेंद्र उर्फ डेऊं सिंधी को चूने के भट्टे में फेंककर हत्या करने के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जिसके चलते आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद गुरुवार को उसको कड़ी सुरक्षा के बीच जबलपुर जेल शिफ्ट किया गया। दोपहर 12.30 बजे कोतवाली, माधवनगर सहित पुलिस लाइन के बल के साथ किस्सू को जबलपुर रवाना किया गया और लगभग ढाई बजे उसे पुलिस ने जबलपुर जेल में शिफ्ट करा दिया। जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी ने बताया कि आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद किस्सू तिवारी को जबलपुर जेल शिफ्ट कराया गया है।

### पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी



**उमरियापान।** पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी है। हम सभी को इसके लिए जागरूक होना होगा। वृक्षारोपण में समाज के सभी लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। यह बात बडवारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने गुरुवार को ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम खमतरा एवं भलवारा में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में कही। इस दौरान विधायक सहित जनप्रतिनिधियों व डीएफओ गौरव शर्मा ने विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण भी किया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम, राजा चौरसिया, बसंत चौरसिया, गोविंद सिंह, नरेंद्र त्रिपाठी, अजय सोनी, जितेंद्र अरोरा, जगदीश प्रजापति, राकेश त्रिपाठी, गुड्डु साहू, सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### वृद्ध को सांप ने काटा, इलाज दौरान मौत

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत बिलहरी चौकी क्रे ग्राम रानीपुरा मे खेत में काम करने के दौरान वृद्ध को जहरीले सांप ने काट लिया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम रानीपुरा में खेत में काम कर रहे रतन पिता कल्याण सिंह 60 को गत शाम लगभग 4:00 बजे खेत में जहरीले सांप ने काट लिया परिजनों ने तुरंत ही वृद्ध को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां देर शाम इलाज दौरान उसकी मौत हो गई।

## कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग ने दो वाहनों पर की कार्यवाही

# रेत के ओव्हरलोड अवैध परिवहन पर 63 हजार का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद के खनिज गौण के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा नियमित निगरानी और नजर रखी जाकर खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप गत दिवस ओव्हर लोड रेत के अवैध परिवहन के मामले में जप्त किये गए वाहन से 63 हजार 250 रूपये का प्रशमन शुल्क जमा कराया जाकर वाहन मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

जिला खनिज अधिकारी नें बताया कि विगत 22 दिसंबर को ग्राम नदावन सिजपुरा घाट मे आकस्मिक जांच के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 21 एबी 3886 से अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, मालिक कौशल विश्वर्मा पिता तुलसी विश्वकर्मा निवासी बुजबुजा तहसील बरही द्वारा 3 घनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाया गया। जिस पर खनिज विभाग द्वारा वाहन जप्त किया जाकर मध्यप्रदेश खनिज गौण नियम के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर अनावेदक को निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 31 हजार 625 रूपये जमा करनें का सूचना पत्र जारी किया गया।

इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में 2 जून 2024 का ग्राम शाधी में जांच के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 21 जेडसी 3389 से अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, मालिक दिलराज सिंह रघुवंशी पिता ब्रजलाल सिंह रघुवंशी निवासी शाघी तहसील बड़वारा द्वारा 3 घनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाया गया। जिस पर खनिज विभाग द्वारा वाहन जब्त किया जाकर मध्यप्रदेश खनिज गौण नियम के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर अनावेदक को निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 31 हजार 625 रूपये जमा करनें का सूचना पत्र जारी किया गया।

उक्त दोनों ही प्रकरणों मे सूचना पत्र जारी होने के पश्चात अनावेदकों द्वारा उपस्थित होकर प्रशमन शुल्क की जमा करने की बात कही जाकर वाहन मुक्त करने का अनुरोध किये जाने पर जिला खनिज अधिकारी द्वारा दोनों अनावेदकों पर निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि कुल 63 हजार 625 रूपये जमा कराया जाकर प्रकरण विधि संगत कार्यवाही हेतु कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 2022 के तहत अनावेदक द्वारा प्रशमन शुल्क की राशि जमा कर दिये जाने पर जब्त खनिज, औजार, मशीनरी एवं अन्य सामग्री निर्मुक्त करने के प्रावधान के अंतर्गत जब्त वाहन को मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

# पुलिस की तत्परता से खुदकुशी कर रहे व्यक्ति की बच गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पारिवारिक कारणों के चलते एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाई एवं समय रहते मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को आत्मघाती कदम उठाने से बचा लिया। बताया जाता हैकि माधवनगर थाने में सूचना प्राप्त हुई कि हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, खेरमाता मंदिर के पास, एक व्यक्ति अपने घर में फांसी लगाने का प्रयास कर रहा है। इस सूचना पर तत्परता दिखाते हुए थाना प्रभारी के आदेश पर 100 डायल में तैनात आरक्षक महेश एवं थाने से आरक्षक दिग्विजय को मौके पर तुरंत रवाना किया गया। मौके पर पहुँचने पर, पुलिस ने पाया कि राजकुमार उर्फ कालू बर्मन उम्र 48 वर्ष जो काम के लिए बाहर जाने हेतु अपनी पत्नी से 2000 रुपये मांग रहा था। रुपये न मिलने पर उसने फांसी लगाने की कोशिश की। पुलिस ने राजकुमार को समझाया और स्थिति को शांत किया। आरक्षक महेश और दिग्विजय ने मिलकर उसे 2000 रुपये दिए और उसे फांसी का फंदा खोलने के लिए मनाया। इसके बाद, उसे थाना लाया गया।थाने में लाकर थाना प्रभारी ने राजकुमार से बातचीत समझाइश दी और पुलिस ने पता लगाया कि राजकुमार अक्सर रास्ते में खड़े होकर चिल्लाता और मारपीट पर उतारू रहता है। इन सभी जानकारियों के आधार पर, राजकुमार को ऐसा कार्य दोबारा नहीं के लिए बाउन्ड ओवर करने हेतु एस.डी.एम कटनी के समक्ष पेश पाबंद कराया है।

इस कार्य में अनूप सिंह ठाकुर थाना प्रभारी माधवनगर आरक्षक महेश एवम् दिगविजय पाण्डेय का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

### फांसी के फंदे में झूल युवक ने की आत्महत्या

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र क़े ग्राम पिलोंजी मे बुधवार देर रात एक युवक ने अज्ञात कारण से घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । जानकारी अनुसार ग्राम पिलौंजी निवासी हीरालाल प्रताप लोकली यादव 37 ने बीती देर रात घर पर रही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों में बताया कि घर पर युवक अकेला था और अज्ञात कारण से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जा शुरू कर दी।

## श्रमजीवी पत्रकार परिषद के कार्यक्रम में बोले अतिथि

# शहर विकास एवं प्रशासन और जनता के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी हैं पत्रकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




श्रमजीवी पत्रकार परिषद का जिला सम्मेलन विगत दिवस चौरसिया गार्डन में आयोजित हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुड़वारा विधायक संदीप जयसवाल एवं विशिष्ट अतिथि कलेक्टर अविप्रसाद, परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकान्त बाजपेई, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, रीवा के संभागीय अध्यक्ष के जी शर्मा एवं पत्रकार गृह निर्माण समिति के प्रमुख सुरेश काम्बले तथा जिला अध्यक्ष गोपाल सिंघानिया द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन,माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक संदीप जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार शहर के विकास में एक अहम भूमिका निभाते आए हैं। शहर की समस्याओं की पत्रकारों ने अपने माध्यम से जो आवाज उठाई उसको हल करने के यथासंभव प्रयास किए गए आज इस मंच के माध्यम से मैं यह भी बताना चाहता हूं कि कटनी में पीपीपी मेडिकल कॉलेज की जगह पूर्णतः सरकारी बने इसके लिए भी मेरे द्वारा प्रयास किया जा रहे हैं जिसमें मुझे पत्रकारों की सहयोग की अपेक्षा है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद ने कहा कि प्रशासन और जनता के बीच पत्रकार एक महत्वपूर्ण कड़ी है। समाचारों के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण समस्याओं की जानकारी अखबारों के माध्यम से मिलती आई है, जिस पर प्रशासनिक स्तर पर संज्ञान में लेकर समाधान किया जाता रहा है।

राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेई एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी ने भी अपने संबोधन में कहा कि आजादी के 75 साल से पत्रकार देश के विकास में अपना पूरा योगदान दे रहे हैं लेकिन सरकार ने आज तक पत्रकारों के लिए ना तो कोई सुविधा दी है और ना ही सुरक्षा के लिए कोई कानून बनाया है आज जरूरी है सरकार पत्रकारों के हित में पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द से जल्द लागू करे साथ ही अधिमान्यता की प्रक्रिया का सरलीकरण किया जावे।

जिला अध्यक्ष गोपाल सिंघानिया ने वर्तमान परिदृश्य में पत्रकारिता के गिरते स्तर के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार पत्रकारिता को चौथे स्तंभ कहा जाता है तो हमें पूरी ईमानदारी से सच को सामने लाकर अपने कर्तव्यों का पालन करना होगा।

## हवन, पूजन एवं भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन



चंडिका नगर स्थित मां चंडीका देवी का 17वां स्थापना दिवस के अवसर पर पर तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस हवन पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। हर वर्ष की तरह मां चंडीका का स्थापना दिवस बड़े धूम धाम एवं श्रद्धांभाव से मनाया गया। तीन दिनी आयोजन के पहले दिन विशाल कलश शोभा यात्रा निकली गई जिसका समापन मंदिर मे किया गया। दूसरे दिन मंदिर परिसर मे अखंड रामचरित मानस का पाठ मानस मण्डल द्वारा किया गया जिसका समापन आयोजन के अंतिम दिन किया गया। तीन दिनी धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं ने अपनी सहभागिता निभाई एवं पुण्य लाभ अर्जित किया।

# राष्ट्रीय उपलब्धि अर्जित करने पर प्रखर, अथर्व का शतरंज संघ ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला शतरंज संघ कार्यालय मंगलम मेनोर में संघ के सदस्यों की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसमें गत दिनों ग्वालियर में आयोजित हुई अंडर -19 प्रतियोगिता में कटनी के मास्टर प्रखर बजाज ने द्वितीय स्थान एवं मास्टर अथर्व पल्टा ने अंडर -13 आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्टीय प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान सुरक्षित किया था इस उपलब्धि पर बैठक में दोनों का भावभीना सम्मान किया गया। कटनी जिले का नाम शतरंज के खेल में इन विद्यार्थी खिलाडियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ऊंचाइयों तक पहुंचाया है उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ उनकी सफलता का क्रम आगे भी गतिशील रहने का स्नेह आशीष संघ की ओर से दिया गया

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 20 जुलाई को अंतरराष्टीय शतरंज संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 10000 रु पुरस्कार राशि की एक ओपन प्रतियोगिता का आयोजन जिले में किया जाएगा जिससे खिलाडियों को प्रोत्साहन मिलेगा और वे बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए मानसिक रूप से और दक्ष हो सकेंगे । कार्यक्रम में उपलब्धि प्राप्त करने वाले खिलाडी. प्रखर बजाज अथर्व पल्टा संस्था संरक्षक डाँ एस के खम्परिया अध्यक्ष जे पी निषाद सचिव शेखर वर्मा सह सचिव शिखा पल्टा हिमानी बजाज वंदना गेलानी हर्षित श्रीवास्तव एंकर दीपिका पांडे मंगलम मनोर संचालिका शशि निषाद मोनिका निषाद एवं श्याम निषाद उपस्थित थे।

## एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही

# सट्टा पर्ची काटने एवं शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर में बढ़ते अपराधों पर शिकंजा कसने, जुआ व सट्टा के कारोबार को बंद करने सहित खुले में नशा करने वालों को सबक सिखाने के लिए पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा जिले में अवैध रूप से नशे का का व्यापार जैसे बवैध शराब कय-विक्रय, गांजा, स्मैक एवं जुआ, सट्टा के विरूद्ध "विशेष अभियान" चलाकर अवैध नशे के रोकथाम करने के लिये प्रभावी कार्यवाही करने हेतु सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

अति. पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. आशीष कुमार शर्मा द्वारा गत दिवस मातहत कर्मचारियों के साथ थाना क्षेत्र में नशे एवं अवैध गतिविधियो पर रोकथम लगाये जाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कार्यवाही मे धारा 294, 327, 506, 34 के मामले में 1000/- रू. का इनामी फरार बदमाश गोपाल पिता गुलाब सिह ठाकुर उम्र 28 वर्ष निवासी गायत्री नगर को ग्राम गुड़ा थाना ढीमरखेड़ा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही कर धारा 34ए आबाकरी एक्ट में अमित पिता बसंत लाल जायसवाल 42 साल निवासी सिविल लाईन, रवि निषाद पिता गरीबादास 33 साल निवासी वेंकट वार्ड खिरहनी फाटक, लवकुश सिंह पिता उदय सिंह राजपूत 23 साल निवासी राजीवगांधी वार्ड, पार्वती पति स्व. मुन्ना लाल चौधरी 55 साल निवासी खिरहनी फाटक, चन्द्रशेखर पिता नन्दू निषाद 50 साल निवासी निमिया मोहल्ला राजेश पिता स्व. विष्णु मिश्रा 27 साल से 20 पाव देशी मसाला शराब कीमती 3600 रूपए, 20 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 1400 रूपए, 16 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 1600 रूपए, 18 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 1260 रूपए, 20 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 1400 रूपए, 17 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 1020 रूपए, 20 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 2000 रूपए, 20 पाव देशी प्लेन कीमती 2000 रूपए, 03 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 600 रूपए, धारा 34ए आबकारी सविता पति राजेश चौधरी 33 साल निवासी टिकरिया, 537/24 34ए आबाकरी सीता पति महेश निषाद 48 साल निवासी दक्खनी माता मंदिर के पास कटनी, धारा 4क सट्टा एक्ट में संतोष कुमार पिता श्याम लाल गुप्ता से नगदी 250 रू एवं सट्टा पट्टी, निवासी आधार काप के विरूद्ध कार्यवाही की गई। इस प्रकार शराब के कुल 09 प्रकरण में 151 पाव देशी शराब कीमत 10180 एवं 03 लीटर महुआ शराब कीमती 600 रू की जप्त की गई एवं 01 प्रकरण सट्टा का पंजीबद्ध कर किया गया।

कार्यावाही में विशेष भूमिका थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आशीष कुमार शर्मा, उनि अरूण पाल सिंह, सउनि विजय गिरी, प्रआर, अनुराग सोनकर, नीरज तिवारी, सुधार रात्रि, अरुण याला त्रियाठी. महेन्द्र दुबे सुशील पाण्डेय, मनोज पटेल, कौशल सिंह आर. अजय प्रताप सिंह की रही।

## जागरूकता कार्यशाला में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों को दी गई सलाह

# सांप या जहरीले कीड़े काटने पर झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़ें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने वर्तमान मे गर्मी और उमस के साथ बारिश का मौसम आने की वज़ह से ग्रामीण क्षेत्रों मे सर्पदंश की बढ़ी घटनाओं के मद्देनजर सावधानी के तौर पर नागरिकों से अपील की है कि वे सर्पदंश या जहरीले कीड़े के काटने की घटना होने पर झाड़ -फूंक और नीम-हकीम से मरीज को ठीक कराने के चक्कर मे नहीं पड़ें। कलेक्टर ने बिना समय बर्बाद किए तत्काल मरीज को उपचार के लिए निकटतम अस्पताल पहुंचाने का प्रयास करने का लोगों से आग्रह किया है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने आग्रह किया है कि सांप के काटने पर झाड़ - फूंक से नहीं बल्कि एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन से ही मरीज की जान बचाई जा सकती है। जिले के जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे एंटी स्नैक वेनम इंजेक्शन पर्याप्त संख्या मे उपलब्ध है। इसलिए सर्पदंश पीड़ति को यदि समय पर उपचार मिल जाये तो उसकी जान बचाई जा सकती है। ग्रामीण अंचलों में इन दिनों सर्पदंश और जहरीले कीड़े की काटने की बढ़ी घटनाओं के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद ने आग्रह किया है कि सर्पदंश या अन्य किसी अज्ञात कीड़े के काटने पर बिना समय गंवाए परिजन और पीड़ति व्यक्ति के पड़ोसी, नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचें। कलेक्टर ने गांवों में प्रचलित मिथक की घरेलू उपाय मिर्च या नीम के पत्ते खा लेने से जहर नहीं फैलता जैसी अफवाहों और भ्रांतियों पर अमल से बचने की गुजारिश की है। श्री प्रसाद ने कहा है कि सर्पदंश पीड़ति होने पर व्यक्ति की जिंदगी बचाने के लिए एक- एक सेकंड का समय कीमती होता है। जिंदगी से बढ़कर कुछ नहीं है, इसलिए सभी ग्रामीण भाई सावधान और सतर्क रहें । सर्पदंश और जहरीले कीड़े के काटने के बाद उपचार और बरती जाने वाली सावधानियां ग्रामीणों को शिक्षा और जागरूकता के प्रसार हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर विगत दिनों खितौली,बहोरीबंद सहित अन्य स्थानों में आयोजित एंटी स्नेक बाईट जागरूकता कार्यशाला में दी जा चुकी है।इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ बी.के.सिंह दिखित ने ग्रामीणों को समझाइश दी कि इन दिनों सर्पदंश और जहरीले कीड़े के काटने की घटनायें अधिक हो रही है। इनके काटने पर तत्काल नजदीकी अस्पताल मे पीड़ति को पहुंचायें। झाड़-फूंक का सहारा न लें। अस्पताल ले जाने पर और समय पर एंटी वेनम इंजेक्शन लगने से सर्पदंश पीडित की जान बचाई जा सकती है।

डाक्टर्स के मुताबिक सांप काटने के केस ग्रामीण क्षेत्र से अधिक आते है। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से आमजन की तरह ही जीव जंतु भी अधिक परेशान है। वे अपने बिलों से बाहर निकलते है और खेतों आदि में काम करने वाले लोग अनजाने में सर्पदंश का शिकार बन जाते है।डॉक्टर्स का कहना है कि सांप अगर काट ले तो बिल्कुल भी देर नहीं करे और न घबरायें। कोशिश करें कि जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचे। सांप कांटने वाली जगह पर किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें। उस जगह को कपडे से भी न बांधे और न ही सांप के जहर को मुंह से बाहर निकालें।

### हर सांप विषैला नहीं होता

काटने वाले सभी सांप विषैले नहीं होते है। इसलिए सर्पदंश पीड़ति को घबराना नहीं चाहिए। सामान्यतः जहरीले सांपों के काटने पर दांतों के दो निशान अलग ही दिखाई देते है। जबकि गैर विषैले सांप के काटने पर दो से ज्यादा निशान हो सकते है। परंतु ये निशान दिखाई नहीं देते है। इसलिए सांप के काटने पर निशान नहीं दिखाई देने पर यह सोचना गलत होगा कि सांप ने नहीं काटा है। सांप के काटने पर करीब- करीब 95 प्रतिशत मामलों मे पहला लक्षण नींद का आना है। इसके साथ ही निगलने या सांस लेने में तकलीफ होती है। आमतौर पर सांप काटने के आधे घंटे बाद लक्षण दिखाई देने लगते है।

# खेती-किसानी पर किसानों को दी समसामयिक सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसान भाईयों को डीएपी खाद के स्थान पर एनपीके मिश्रित खाद के उपयोग के संबंध में सलाह दी गई है। किसानों को बताया गया है कि वर्तमान में डीएपी उर्वरकों का उपयोग अनुशंसित मात्रा से अधिक हो रहा है, जिससे जमीन की उर्वरा क्षमता धीरे-धीरे कम होती जा रही है। क्योंकि किसानों द्वारा निरंतर अत्यधिक मात्रा में डीएपी उर्वरक का उपयोग किया जा रहा है।

कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध के कृषि वैज्ञानिक डा आर पी बेन ने बताया कि डीएपी उर्वरक में फास्फोरस तत्व अधिक मात्रा में होने से फास्फोरस एक ही स्थान पर जमीन में पड़ा रहता है और फसल के पौधे इस तत्व का संपूर्ण उपयोग नहीं कर पाते हैं।

जमीन में फास्फोरस अधिक मात्रा में संग्रहित होने के कारण जमीन की उर्वरा शक्ति भी धीरे-धीरे कम होती जाती है। इसलिए डीएपी उर्वरक के स्थान पर किसानों द्वारा एनपीके उर्वरक का उपयोग करना अच्छा उपाय है। इससे फसलों का उत्पादन अधिक होने के कारण जमीन भी खराब नहीं होगी। एनपीके के उर्वरक में सभी तत्व समान मात्रा में होने और फसल की आवश्यकतानुसार मात्रा में होने के कारण फसल इसका संपूर्ण उपयोग कर लेती है और जमीन में अतिरिक्त तत्वों का संग्रहण भी नहीं होता। साथ ही फसल की उत्पादकता भी अच्छी होती है। किसान भाइयों द्वारा फसल की उर्वरक पूर्ति के दृष्टिगत डीएपी उर्वरक के स्थान पर एनपीके, नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया उर्वरक का उपयोग किया जा सकता है।


# यूरोप के सबसे सुंदर देशों में से एक, बना दुनिया का सबसे खुशहाल देश

**वियना।** नई रिसर्च में यूरोप के सबसे खूबसूरत देशों में से एक कहे जाने वाले ऑस्ट्रिया को दुनिया का सबसे खुशहाल देश करार दिया गया है। यह हैरानी वाला नतीजा इसलिए भी है कि अब तक सालों से, यहां तक कि इस साल भी दुनिया का सबसे खुशहाल देश फिनलैंड माना जाता रहा है। लेकिन, इस शोध में ऑस्ट्रिया को सुरक्षा, औसत वेतन और क्वालिटी ऑफ लाइफ के आधार पर ये दर्जा मिला है। अगर आपसे पूछा जाए कि दुनिया का सबसे खुशहाल देश कौन सा है तो आप फिनलैंड का नाम लेंगे। जी हां! यह सही भी है, क्योंकि साल 2024 की वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट के मुताबिक इसी देश का नाम है। लेकिन एक रिसर्च में नतीजे कुछ और ही मिले हैं और इसमें जिस देश का नाम सबसे ज्यादा खुशहाल देश के तौर पर सामने आया है, वह फिनलैंड बल्कि यूरोप का सबसे खूबसूरत कहा जाने वाला देश ऑस्ट्रिया है।



### 10 में से 7.26 का खुशी स्कोर

ये चौंकाने वाले नतीजे कैसीनो डॉट कॉम के हाल ही में वैश्विक आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर किए गए शोध में हासिल किए गए हैं। इसमें औसत वेतन, बेरोजगारी दर, अपराध दर, धूप के घंटे और रिटायर होने की औसत आयु पर ध्यान दिया गया था। इसी में ऑस्ट्रिया को संभावित 10 में से 7.26 का खुशी स्कोर मिला, जिससे वह पहले स्थान पर आ गया। ऑस्ट्रिया को जीवन की गुणवत्ता, औसत वेतन और सुरक्षा जैसे कारकों के आधार पर दुनिया का सबसे खुशहाल देश माना गया है। यह यह देश ऊंचे पहाड़ों और चमचमाती झीलों के हैरतअंगेज नाजारों के लिए मशहूर है। जमीन से घिरा यह देश यूरोप के बीच में है जहां राजधानी विएना जैसे कई आकर्षक शहर और अल्पबाक जैसे गांव भी हैं।




### वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2024

हैरानी की बात यह है कि यह शोध वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2024 से थोड़ा अलग है, जिसमें फिनलैंड को 'दुनिया का सबसे खुशहाल देश' बताया गया है। हालांकि, आधिकारिक वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2024 के अनुसार ऑस्ट्रिया वैश्विक स्तर पर 14वें सबसे खुशहाल देश के रूप में सामने आया है। कैसीनो डॉट कॉम के शोध में बताया गया है कि ऑस्ट्रिया ने अपने विश्लेषण में मुख्य कारकों में उच्च स्कोर किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑस्ट्रिया ने सभी क्षेत्रों में अपेक्षाकृत उच्च स्कोर किया है, हमने जिन छह कारकों पर गौर किया उनमें से चार के लिए शीर्ष 10 में स्थान बनाया है। यहां क्वालिटी ऑफ लाइफ बहुत ज्यादा है, औसत वार्षिक वेतन 50,436 पाउंड यानी 53 लाख 64 हजार रुपए है, और सेवानिवृत्ति की आयु 62.5 साल है। वहीं, विजन ऑफ ह्यूमैनिटी ने हाल ही में जारी विश्व शांति सूचकांक के आधार पर ऑस्ट्रिया को दुनिया का पांचवां सबसे शांतिपूर्ण देश भी नामित किया गया है

# अजूबा बैलेंस रॉक! महज चंद इंच पर टिकी ये चट्टान

**जबलपुर।** यहां मदन महल में एक अनोखी चट्टान है। जो एक अजूबा से कम नहीं हैं। जिसे बैलेंस रॉक के नाम से जाना जाता है। इस चट्टान का वजन कई टन में है। लेकिन यह चट्टान महज चंद इंच में ही टिकी हुई है। खास बात यह है कि करीब पांच रिएक्टर के भूकंप के झटके भी इस चट्टान को हिला नहीं पाए। आज भी यह चट्टान उसी जगह में टिकी हुई है। वैज्ञानिकों ने इस रहस्य को सुलझाने का प्रयास किया। लेकिन जवाब सिर्फ यही होता है, यह पत्थर गुरुत्वाकर्षण बल के कारण ही टिका हुआ है। दरअसल, एमपी के जबलपुर शहर में ग्रेनाइट चट्टानें फेमस है। इसी के रूप में यह चट्टान भी है। यह बैलेंस रॉक मदन महल के नजदीक स्थित है। लिहाजा इसे बैलेंस रॉक को देखने देश-विदेश से लोग आते हैं। बैलेंस रॉक देखने के बाद लोग 2 मिनट के लिए सहम भी जाते हैं और मन में आता हैं, आखिर ऐसे कैसे हो सकता है। हालांकि कुछ लोग नजदीक खड़े होने में भी घबराते हैं। कहीं अचानक ये भारी चट्टान गिर ना जाए।



### कई आदमी चढ़ जाए, तब भी नहीं गिरेगी चट्टान

जयंत वर्मा का कहना है यदि बैलेंस रॉक के ऊपर कई आदमी चढ़ भी जाए तब भी बैलेंस रॉक नहीं गिरेगा। यहां तक कि सन 1997 में करीब 5 रिएक्टर का भूकंप आया था, तब भी भूकंप के झटके इस चट्टान को हिला नहीं पाए थे। देशभर में बैलेंस रॉक एक अद्भुत प्रकार की चट्टान है और अजूबा भी है।

### पहले प्राइवेट लैंड पर था, तोड़ने का हुआ था प्रयास

उन्होंने बताया कुछ साल पहले बैलेंस रॉक को तोड़ने का भी प्रयास किया गया था, क्योंकि बैलेंस रॉक प्राइवेट लैंड पर था। जिसको लेकर फोटोग्राफर रजनीकांत ने विरोध भी किया था। लिहाजा, स्वयं एडवोकेट जयंत वर्मा ने हाईकोर्ट में पिटीशन भी लगाई थी। जिसके बाद कोर्ट ने जमीन को पुरातत्व विभाग को सौंप दिया गया और बैलेंस रोग को संरक्षित किया गया।

बाली दुनिया का मशहूर टूरिस्ट डेस्टिनेशन होने के साथ कई तरह खासियतें समेटे हैं। यहां के समुद्री जीवन की विविधता यहां की कुतरती खूबसूरती को अलग ही रंग देती है। यहां के ज्वालामुखी, समुद्री जीवन, और काली रेत के बीच खास आकर्षण तो होते ही हैं, यहां की संस्कृति भी कम अनोखी नहीं है।



# काली रेत के बीच, ज्वालामुखी और खास समुद्री जीवन के लिए मशहूर है ये डेस्टिनेशन

एजेंसी ▶▶| लंदन

अपनी कुदरती खूबसूरती के लिए मशहूर इंडोनेशिया का बाली प्रांत पूरी दुनिया में जाना पहचाना नाम है। कोरल ट्राएंगल में मौजूद इंडोनेशिया का यह प्रांत कई बातों में खास जगह बन जाता है। यहां के समुद्र में मछलियों और कछुओं की विविधता कुछ ज्यादा ही खास है, क्योंकि इस वजह से यह संयुक्त राष्ट्र विरासत स्थलों में शामिल है। आपने बाली में सफेद रेत देखी होगी, लेकिन क्या आपने कभी काली रेत के बारे में सुना है? बाली इंडोनेशिया का एक ज्वालामुखीय हिस्सा है, इसलिए इनमें से बहुत से ज्वालामुखी विस्फोटों के कारण रेत का रंग काला हो गया है।यही वजह है यहां आने वाले बहुत लोग यहां के काली रेत के बीच देखने में खासी रुचि दिखाते हैं। बाली के खास और सबसे बड़े पर्यटक आकर्षणों में से एक यहां का माउंट अगुंग माउंट ज्वालामुखी है। यह पूरे द्वीप पर सबसे ऊंचा स्थान है और अभी भी एक सक्रिय ज्वालामुखी है। यह आखिरी बार 1963-64 में फटा था और इसका प्रभाव अभी भी पहाड़ी के निचले हिस्से पर देखा जा सकता है। ज्वालामुखी में एक विशाल गड्ढा है जो हर समय राख और धूल उगलता रहता है।





### 20,000 से ज़्यादा मंदिर

दुनिया के कम लोग जानते हैं कि इंडोनेशिया के मुस्लिम देश होने के बावजूद, उसका प्रांत बाली हिंदू बहुल इलाका है। यहां 86 फीसदी लोग हिंदू हैं और यही कारण है कि यहां के मंदिर भी यहां की खासियत हैं। यह देवताओं का द्वीप अपने खूबसूरत मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। बाली में अकेले 20,000 से ज़्यादा मंदिर हैं। बाली में अलग ही संस्कृति है जो इसे पूरी दुनिया में बहुत खास बनाती है। यहां तीन भाषाएं बोली जाती हैं। लोग पर्यटकों से बहुत ही अच्छे से पेश आते हैं। यहां शिशुओं का जमीन छूने नहीं दिया जाता है। यहां साल में एक दिन लोग मौन रहते हैं। इस त्यौहार का नाम नेपी है। लोग अपने घरों में रहते हैं। यहां तक कि इस दिन एयरपोर्ट, रेस्तरां आदि तक बंद रहते हैं।

# विवाद के बाद फायरिंग में दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गोली चलाने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 307, 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 6 स्थित ग्लोबल चौक में मंगलवार-बुधवार की रात एक बाइक पर विश्रामपुर निवासी आदित्य सिंह, सुनील यादव, रमनदीप सिंह नशे की हालत में घूम रहे थे।

- भिलाई नगर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना


इस दौरान सेक्टर 9 अस्पताल की ओर बाइक मुड़ने पर उनके पीछे एक बाइक सवार आ रहा था। उसने गाली-गलौज देने को लेकर युवकों से भीड़ गया। विवाद होता देख आदित्य, सुनील बाइक से उतर गए। विवाद होता देख अमित जोश ने बंदूक से गोली चलाकर दोनों युवकों को घायल कर फरार हो गया। रमनदीप बाइक को आगे बढ़ा दिया। इस कारण घटना में वह बच गया। खबर लगने पर पुलिस पहुंची और दोनों युवकों को रायपुर स्थित अस्पताल उपचार के लिए भेज दिया। जहां दोनों युवक खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

### मुख्य आरोपी फरार

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मामूली विवाद पर फायरिंग कर युवकों को घायल किया गया है। पुलिस ने दो यशवंत नायडू और अंकुर साहू को गिरफ्तार किया। वहीं घटना का मुख्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश पुलिस जुटी हुई है।

# दुनिया के सबसे छोटे बंदर, बहुत क्यूट लगते हैं ये जुड़वां

**सिडनी।** बंदर फुर्तीले और नटखट होते हैं। लेकिन अगर आकार में छोटे हों तो इंसान का दिल जीत ही लेते हैं। ऐसा ही कुछ ऑस्ट्रेलिया में देखने को मिल रहा है, जहां दुर्लभ छोटे बंदरों की एक जोड़ी ने जन्म लिया है। उनका वजन औसत वीटाबिक्स बिस्कुट के आकार से भी कम है। इन बंदरों को देखने अब चिड़ियाघर में दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। इनके वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब पसंद की जा रहे हैं।



ऑस्ट्रेलिया के सिम्बियो वाइल्डलाइफ पार्क के अधिकारियों ने 'पेपर और माटेओ' के घर प्यारे जुड़वां पिग्मी मार्मोसेट्स के जन्म का खुलासा किया है। वीटाबिक्स से भी कम वजन वाले इन छोटे बच्चों का जन्म मई के अंत में हुआ था। दुनिया के सबसे छोटे बंदर, अपने माता-पिता और समर्पित चिड़ियाघर के रखवाली में पनप रहे हैं। हर एक का वजन केवल 15 ग्राम है।

# आईईडी विस्फोट की घटना में शामिल 6 नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

थाना जगरगुण्डा क्षेत्र में पुलिस वाहन को आईईडी विस्फोट करने की घटना में संलिप्त आरोपियों की उपस्थिति की सूचना पर जिला बल एवं 201 वाहिनी कोबरा के संयुक्त पार्टी को 6 नक्सली को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। उक्त नक्सलियों को तीमापुरम एवं टेकलगुड़ेम के मध्य जंगल, पहाड़ी के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया है। पकड़े गए 6 नक्सलियों के नाम तामू भीमा, कोरसा दीपक, भूने कुंजाम ,कोरसा आयतु ,वेट्टी पाण्डू ,कोरसा राजू बताया जा रहा है, जो कि नक्सल संगठन में मिलिशिया के पद पर कार्यरत बताये गए हैं। ज्ञात हो कि उक्त आईइडी विस्फोट की घटना में 201 वाहिनी कोबरा के 2 जवान शहीद हुए थे।

- सभी गिरफ्तार नक्सली थाना जगरगुण्डा क्षेत्र के है निवासी



### गिरफ्तार नक्सलियों से विस्फोटक पदार्थ बरामद

गिरफ्तार किए गए नक्सली तामू भीमा से 225 मीटर इलेक्ट्रिक वायर, 1 स्विच , कोरसा दीपक के कब्जे से 2 डेटोनेटर, 3 पेंसिल सेल, नक्सल साहित्य, भुनेश कुंजाम के कब्जे से 2 नग जिलेटिन रॉड, 2 नग डेटोनेटर, 3 नग पेंसिल सेल, कोरसा आयतू के कब्जे से 3 नग डेटोनेटर, 2 नग जिलेटिन रॉड, 4 नग पेंसिल सेल, वेट्टी पाण्डू के कब्बे से 1 नग हंसिया, 2 नग डेटोनेटर 2 नग जिलेटिन रॉड, 3 नग पेंसिल सेल, नक्सल साहित्य एवं कोरसा राजू के कब्जे से 1 नग तेज धारदार रॉड, 2 नग डेटोनेटर, 2 नग जिलेटिन रॉड, 2 नग पेंसिल सेल बरामद किया गया। उक्त कृत्य विधि विरुद्ध पाये जाने से सभी नक्सलियों के खिलाफ थाना जगरगुण्डा में अपराध क्रमांक 10/2024 धारा 302, 307, 147, 148, 149, भादवि. 25, 27 आर्म्स एक्ट, 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

### रहाणे ने लीसेस्टरशर के साथ किया अनुबंध

**लीसेस्टर।** भारत के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मौजूदा सत्र के दूसरे भाग के लिए इंग्लिश काउंटी टीम लीसेस्टरशर के साथ अनुबंध किया है। क्लब ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। वह काउंटी चैंपियनशिप के अंतिम पांच मैचों में टीम का प्रतिनिधित्व करने के साथ वन डे कप में भी खेलेंगे। लीसेस्टरशर की टीम वन डे कप की गत चैंपियन है। वह टीम में 36 वर्षीय खिलाड़ी वियान मुल्डर की जगह लेंगे। रहाणे ने सभी प्रारूपों (प्रथम श्रेणी, लिस्ट-ए और टी20) में 51 शतक की मदद से 26,000 से अधिक रन बनाए हैं।




## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

# 105 साल की महिला ने हासिल की मास्टर्स डिग्री

**न्यूयार्क।** कॉलेज छोड़ने के बाद ही बहुत से लोग कहने लगते हैं कि पढ़ाई की उम्र नहीं है। वहीं, कई लोग नौकरी करते करते तो कई महिलाएं, शादी के बाद या फिर बच्चों की पढ़ाई के साथ ही अपनी पढ़ाई करती हैं। एक महिला ने 80 साल 105 साल की उम्र में अपनी मास्टर डिग्री हासिल की।

अपने परिवार के साथ जीवन को आगे बढ़ाते हुए, जिसमें दो बच्चे, चार पोते और नौ परपोते शामिल हैं, गिन्नी हिसलोप ने दशकों तक वाशिंगटन राज्य में स्कूल और कॉलेज बोर्ड में भी काम किया। इस दौरान, स्टैनफोर्ड ने



ने 80 साल 105 साल की उम्र में अपनी मास्टर डिग्री हासिल की।

अपने परिवार के साथ जीवन को आगे बढ़ाते हुए, जिसमें दो बच्चे, चार पोते और नौ परपोते शामिल हैं, गिन्नी हिसलोप ने दशकों तक वाशिंगटन राज्य में स्कूल और कॉलेज बोर्ड में भी काम किया। इस दौरान, स्टैनफोर्ड ने अपनी थीसिस की आवश्यकता को समाप्त कर दिया, और गिन्नी हिसलोप अंततः स्नातक होने के लिए स्कूल लौट आईं, रविवार, 16 जून को शिक्षा में कला के अपने मास्टर को स्वीकार करने के लिए मंच पर गईं।

जब उन्हें जीएसई डीन डैनियल श्वार्ट्ज द्वारा उनका डिप्लोमा सौंपा गया, तो गिन्नी हिसलोप ने कहा, 'हे भगवान, मैंने इसके लिए लंबे समय तक इंतजार किया है।' बुधवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में 'गुड मॉर्निंग अमेरिका' से बात करते हुए, गिन्नी हिसलोप ने बताया कि इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए वह लंबे समय इंतजार कर रही थीं।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500-82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544 (रायपुर /16/ जुलाई)

**फायनेंस**

फाइनेंस- लोन ही लोन Bajaaja finance द्वारा पर्सनल लोन, प्रॉपर्टी लोन, आधार लोन, घर बैठे आसान किस्तों में प्राप्त करे 2% ब्याज 30% छूट धोखेबाजों से सावधान किसानों को विशेष छूट हेल्पलाइन नंबर:- 09821683601, 09319112391 (रायपुर /30 / जून/24)


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## शब्द पहेली - 5555



**बाएँ से दाए-**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5554 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5566

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5565 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

विशेष : अंतरराष्ट्रीय क्षुद्र-ग्रह दिवस, 30 जून



बच्चों, तुमने एस्टेरॉयड्स यानी क्षुद्र-ग्रहों के बारे में सुना या पढ़ा होगा। ये ऐसे अनोखे खगोलीय पिंड होते हैं, जो हमेशा से खगोलविदों और खगोल-विज्ञान में रुचि रखने वालों के मन में जिज्ञासा और कौतूहल जगाते रहे हैं। जानो, इन रहस्यमयी क्षुद्र-ग्रहों के बारे में कुछ खास बातें।

# ग्रह-उपग्रह से अलग क्षुद्र-ग्रह

नॉलेज / शिखर चंद जैन


बच्चों, क्षुद्र-ग्रह के नाम में भले ही ग्रह शब्द जुड़ा है, लेकिन वास्तव में ये ग्रह नहीं होते हैं, क्योंकि ग्रहों के लिए तय पैमाने पर ये खरे नहीं उतरते हैं। ये उपग्रह भी नहीं हैं, क्योंकि ये किसी ग्रह के चारों ओर चक्कर नहीं लगाते हैं। असल में क्षुद्र-ग्रह अंतरिक्ष की चट्टानों, धूल और मलबे के छोटे-बड़े टुकड़े होते हैं, जो अरबों वर्षों से इसी स्थिति में अंतरिक्ष में विचरण कर रहे हैं। बच्चों, अगर तुम सोचते हो कि सारे ग्रहों की तरह क्षुद्र-ग्रह भी गोलाकार, अंडाकार होते हैं, दिखने में बेहद खूबसूरत या चमकीले होते हैं या यह बहुत सिस्टमेटिक तरीके से सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करते हैं, तो हम तुम्हें जानकारी दे दें कि ज्यादातर क्षुद्र-ग्रहों का कोई निश्चित आकार नहीं होता। आमतौर पर ये किसी मिट्टी के धेले या आलू की तरह दिखते हैं। सूर्य की परिक्रमा करते हुए यह लुढ़कते और घूमते हैं, इनका व्यास कुछ फीट से लेकर कई सौ मीलों तक का हो सकता है। क्षुद्र-ग्रह वास्तव में ग्रह हैं ही नहीं, इसकी जानकारी वैज्ञानिकों को बहुत बाद में पता चली।

## सबसे पहला खोजा गया क्षुद्र-ग्रह

बच्चों, पहला क्षुद्र-ग्रह इटली के खगोल शास्त्री ग्युसेप पियाजी ने 1 जनवरी 1801 में खोजा था। इसका नाम उन्होंने रोम की कृषि देवी के नाम पर 'सेरेस' रखा। 19वीं सदी के मध्य तक इसे ग्रह ही माना जाता रहा, लेकिन बाद में इसकी वास्तविकता सामने आई, क्योंकि बड़ी दूरबीनों से भी ये पिंड तारों जैसे ही नजर आते थे। खगोल वैज्ञानिक विलियम हर्शेल ने इन्हें 'क्षुद्र-ग्रह' यानी 'एस्टेरॉयड' नाम दिया, जिसका अर्थ होता है- तारे के आकार का। इसे 'प्लेनेटॉयड' भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है- ग्रह जैसा। 2006 में अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने सेरेस को 'बौना ग्रह' यानी 'ड्वार्फ प्लेनेट' समूह में रखने का प्रस्ताव दिया था।

## सबसे बड़े आकार वाले क्षुद्र-ग्रह

कुछ क्षुद्र-ग्रह आकार में इतने बड़े हैं कि उन्हें छोटा ग्रह मान लिया गया है। चार सबसे बड़े क्षुद्र-ग्रह हैं- सेरेस, वेस्टा, पलास और हाइजिया। इनके बारे में क्रमवार जानो-


सबसे बड़ा क्षुद्र-ग्रह 'सेरेस'

**सेरेस:** यह अब तक खोजा गया सबसे बड़ा क्षुद्र-ग्रह है। इसे बौना ग्रह की श्रेणी में रखा गया है। इसका व्यास 597 मील है। इसमें क्षुद्र-ग्रह बेल्ट के कुल द्रव्यमान का एक तिहाई हिस्सा समाहित है।




**वेस्टा:** वेस्टा का व्यास 329 मील है। इसे एक छोटा ग्रह माना जाता है। वेस्टा आकार में छोटा है, लेकिन पलास से भारी है। पृथ्वी से यह सबसे चमकीला क्षुद्र-ग्रह नजर आता है। इसका नाम रोमन देवी 'वेस्टा' के नाम पर रखा गया है।

**पलास:** ग्रीक देवी 'पल्लास एथेना' के नाम पर इस क्षुद्र-ग्रह का नामकरण किया गया है। सेरेस के बाद इसकी ही खोज की गई थी। यह हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा खगोलीय पिंड है, जो आकार में गोल नहीं है।

**हाइजिया:** हाइजिया कार्बन सरफेस वाले क्षुद्र-ग्रहों में सबसे बड़ा है। इसका नाम ग्रीक स्वास्थ्य देवी के नाम पर रखा गया है। यह 220 मील चौड़ा और 310 मील लंबा है। इसकी आकृति लगभग गोल है।

## क्षुद्र-ग्रहों का प्रमुख समूह ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह

क्षुद्र-ग्रह बेल्ट के बाहर क्षुद्र-ग्रहों के अन्य समूह भी हैं। इनमें एक प्रमुख समूह 'ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह' है। ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह किसी ग्रह या चंद्रमा के साथ एक कक्षा साझा करते हैं। अधिकांश ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह बृहस्पति के साथ सूर्य की परिक्रमा करते हैं। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि क्षुद्र-ग्रह बेल्ट में जितने क्षुद्र-ग्रह होते हैं, उतने ही ट्रोजन क्षुद्र-ग्रह भी हो सकते हैं।



## क्षुद्र-ग्रह के प्रकार

रासायनिक संरचना के अनुसार क्षुद्र-ग्रहों को विभिन्न वर्गों में बांटा गया है। मुख्य रूप से ये तीन तरह के होते हैं- 1.कार्बन सतह वाले 2.सिलिकॉन सतह वाले और 3.धातु सतह वाले। ज्यादातर क्षुद्र-ग्रह कार्बन सतह वाले होते हैं। कुल क्षुद्र-ग्रहों में इनकी संख्या लगभग 75 फीसदी है, जबकि 17 फीसदी क्षुद्र-ग्रह सिलिकॉन सतह वाले होते हैं। बाकी 8 फीसदी में धातु सतह वाले या अन्य क्षुद्र-ग्रह शामिल हैं। *

प्रिपरेशन / अंजू जैन

# खुल रहे हैं स्कूल रहना है रेडी-कूल



बच्चों, समर वेकेशंस के बाद स्कूल खुल रहे हैं। स्कूल जाने के लिए खुद को खूब अच्छे से कैसे प्रिपेयर करो, इस सेशन में तुम्हारी स्टडी कैसे बेहतर ढंग से हो कि तुम्हारा रिजल्ट बेस्ट रहे, जानो।

बच्चों, गर्मियों की लंबी छुट्टियां बीत गई हैं। स्कूल खुलने वाले हैं। कुछ बच्चे तो स्कूल जाने के लिए उत्साहित होंगे, लेकिन कुछ बच्चे यह सोचकर उदास होंगे कि अब उनकी मस्ती खत्म। लेकिन बच्चों स्कूल जाना जरूरी है, पढ़ाई से ही तुम्हारा करियर बनता है, उज्ज्वल भविष्य बनता है। तुम स्कूल हमेशा उत्साह-उमंग के साथ जाओ। इससे तुम्हें स्कूल जाने और पढ़ने में तो मजा आएगा ही, साथ ही तुम स्टडी में पहले से कहीं अच्छी तरह परफार्म करोगे।

**कैलेंडर देखकर प्लान करो:** बच्चों, तुमने सुना होगा कि 'टाइम इज मनी।' इसलिए समय को कभी बर्बाद मत होने दो। इसे अपनी पढ़ाई, मनोरंजन, खेलकूद और आराम के लिए इस्तेमाल करो। इसके लिए एक-एक दिन की प्लानिंग करना जरूरी है। हमेशा अपने सामने एक कैलेंडर रखो और आने वाले वीक में क्या-क्या नया करना है, कब और कैसे करना है, पढ़ने और खेलने का क्या समय होगा, इसकी पूरी प्लानिंग करो और इसे सही ढंग से अमल में भी लाओ।

**ना छूटे रीडिंग की आदत:** समर वेकेशन में जब तुम्हें मौका मिला तो तुमने तरह-तरह की बुक्स की रीडिंग की होगी। यह आदत बनाए रखो। रोजाना कोई अच्छी किताब, बाल पत्रिका या अखबार पढ़ो। इससे तुम्हें देश-दुनिया के नए समाचार मिलेंगे, नई तकनीक और आविष्कारों का भी पता चलेगा, सामान्य ज्ञान बढ़ेगा, साथ ही पढ़ने में तुम्हारा इंटरेस्ट भी बना रहेगा।



**हेल्दी डाइट लो:** बच्चों, पढ़ाई में तुम्हारा दिमाग अच्छे से काम करे, तेज रहे, इसके लिए तुम्हारी बॉडी का फिट एंड एनर्जेटिक रहना बहुत जरूरी है, इसलिए हमेशा हेल्दी डाइट लो। तुम्हें विटामिन-मिनरल युक्त, सुपाच्य और ताजा भोजन करना होगा। घर का ही बना ताजा भोजन, दालें, फल, सब्जियां और दूध-दही का नियमित सेवन करो। इससे तुम हमेशा स्वस्थ रहोगे और पढ़ने में भी मन लगेगा। *



### खुलेंगे स्कूल तो आएगा मजा

स्कूल खुलने पर उदास होने के बजाय खुश होना चाहिए। क्योंकि लंबे समय बाद तुम्हें अपने क्लासमेट्स मिलेंगे, जिनके साथ तुम खूब मौज-मस्ती, खेलकूद और हंसी-मजाक करते थे। साथ ही वे टीचर्स भी मिलेंगे, जो तुम्हारी प्रॉब्लम्स को चुटकियों में सॉल्व कर देते हैं। बच्चों, याद रखो पढ़ाई-लिखाई एक बोझ नहीं, बल्कि तुम्हारे जीवन को सहज-सुगम, सफल और समृद्ध बनाने का माध्यम है। इसलिए अनमने ढंग से स्कूल जाने के बजाय हैप्पी, कूल और पॉजिटिव एटिट्यूड के साथ स्कूल जाने की तैयारी शुरू कर दो। हमारी गुड विशेज ...

## जीके क्विज-110

1. अठारहवीं लोकसभा के नए अध्यक्ष कौन बने हैं?
2. लगातार तीसरी बार किसे भारत का राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है?
3. पिछले दिनों किस देश ने अपनी पहली अंतरिक्ष एजेंसी KASA प्रारंभ की?
4. हाल ही में हैदराबाद किस राज्य की पूर्ण राजधानी बना है?
5. सापेक्षता का सिद्धांत (थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी) की खोज किसने की थी?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
7. 'लावणी' किस राज्य का पारंपरिक नृत्य है?
8. भारत में केसर का उत्पादन सबसे ज्यादा किस राज्य में होता है?
9. पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?



बच्चों, जीके क्विज-110 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-109 का उत्तर :** 1.उपेंद्र द्विवेदी, 2.पेमा खांडू, 3.महर्षि पतंजलि, 4.21 जून 2015, 5.जिमनास्टिक्स, 6.व्हांगहो, 7.किडनी, 8.फुटबॉल 9.स्कॉटलैंड 10.मैलिक अम्ल

**जीके क्विज-109 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, नितिन-दुर्ग, कबीर-हिसार, आरती-ईमेल से, अत्रेयन-ईमेल से, अजय-धमतरी, लीना-ईमेल से, अंजलि-ईमेल से, शुभम-बिलासपुर, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, क्षमानिधि-बेमेतरा, दिव्यम-रोहतक, केशव-भोपाल, आर्यन-रोहतक

## हंसगुल्ले

**टीचर** : मैंने ब्लैक बोर्ड पर क्या लिखा है, पढ़कर बताओ।
**रोहन** : तरबूजा।
**टीचर** : ठीक से देखो, तजुरबा लिखा है।
**रोहन** : सर, गर्मी इतनी ज्यादा पड़ रही है कि तजुरबा भी तरबूजा दिखाई दे रहा है।
**-आकाश, रोहतक**

**चिंटू** : मम्मी, एडमिशन फॉर्म में आइडेंटिफिकेशन मार्क के कॉलम में क्या लिखूं?
**मम्मी** : 'हाथ में मोबाइल' लिख दो।
**-अमन, रायपुर**




**पप्पू** : पढ़ाई कैसी चल रही है?
**गप्पू** : समंदर जितना सिलेबस है, नदी जितना पढ़ पाता हूं, बाल्टी भर याद होता है, गिलास भर लिख पाता हूं, चुल्लू भर नंबर आते हैं... उसी चुल्लू में डूबने का मन करता है।
**-हितेन, भोपाल**

कहानी
पवन कुमार वर्मा

मुर्गों को लगा कि अब वो जमाना गया, जब लोग उनकी बांग से सुबह जागते थे। मुर्गों ने एक आपात बैठक बुलाई कि क्या उन्हें अब सुबह-सुबह बांग देना चाहिए? युवा मुर्गों का मत था, बदले दौर को देखते हुए हमें बांग देना बंद कर देना चाहिए, लेकिन बूढ़े मुर्गे इस बात से सहमत नहीं थे, उन्होंने जो तर्क रखे, युवा मुर्गे आगे कुछ ना बोल सके। आखिर मुर्गों की इस बैठक में तय क्या हुआ?

# मुर्गों की आपात बैठक



आज मुर्गों ने आपात बैठक बुलाई थी, जिसे लेकर पूरे मुर्गा समाज में गहमा-गहमी थी। दूर-दूर से मुर्गे इस आपात बैठक में भाग लेने आए थे। दरअसल, कुछ वर्षों से मुर्गे बहुत परेशान थे। लोगों को सुबह जल्दी जगाने के लिए उन्हें बांग देने की आदत है- कुकड़ू-कू... कुकड़ू-कू। लेकिन अब उनकी बांग का कोई असर ही नहीं होता। लोग जल्दी सोना और जल्दी जागना भूल गए हैं। मुर्गे की बांग से जागना लोगों के लिए अब बीते जमाने की बात हो गई है। ऐसे में मुर्गों को क्या करना चाहिए? यह बैठक इसी पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में आए मुर्गे अपनी-अपनी जगह बैठ गए। कुछ मुर्गे तो केवल बढ़िया खाने की लालच में आए थे। वे इस प्रतीक्षा में थे कि बैठक जल्द समाप्त हो और वे खाने पर टूट पड़ें।

'भाइयों! अब आप बारी-बारी से अपनी बात रखना प्रारंभ करें।' इस घोषणा के साथ बैठक शुरू हो गई। सबसे पहले एक उत्साही नौजवान मुर्गे ने बड़े जोर-शोर से अपनी बात रखी, 'मुझे तो लगता है कि सुबह-सुबह हमारे बांग देने का कोई अर्थ नहीं रह गया है। रात-दिन का अंतर अब समाप्त हो चुका है। दुनिया बदल गई है। लोग चौबीस घंटे काम कर रहे हैं। जब सोकर उठने का समय होता है, तब लोग सोने जाते हैं। फिर क्यों हम उन्हें अनावश्यक परेशान करें?' 'मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। अब हमें भी बदलते वक्त और लोगों की सुविधानुसार खुद को बदलना चाहिए। इसी में समझदारी है भाई।' एक और नौजवान मुर्गे ने सभी को आगाह किया। तभी एक अधेड़ उम्र मुर्गे ने ऐसी बात कह दी कि पंडाल ठहाकों से गूंज उठा, 'भाई! कौन-सी बांग की बात कर रहे हैं आप? मैं जहां रहता हूं, वहां एक छात्रावास है, जिसमें पढ़ने वाले बच्चे रहते हैं। मैं सुबह बांग देने के लिए आंखें मलता जब बाहर आता हूं, तो हैरान रह जाता हूं। छात्रावास के बच्चे पहले से ही मैदान में कसरत और योग करते दिखाई देते हैं। हमसे पहले तो छात्रावास में लगी घंटी उन्हें जगा देती है। ऐसे में उन्हें हमारी बांग की क्या जरूरत?'

'लेकिन इसके बाद भी तो जल्दी उठने वालों की संख्या दिनों-दिन घट रही है। आखिर लोग सुबह जल्दी उठने का लाभ क्यों नहीं लेना चाहते? शायद इसी कारण लोगों का स्वास्थ्य समय से पहले गड़बड़ हो रहा है।' मंच पर बैठे एक मुर्गे ने उस अधेड़ उम्र मुर्गे की बात पर टिप्पणी की। 'भाई देखिए, चाहे कोई कुछ भी कहे, यह मामला बहुत गंभीर है। प्रकृति ने जो कार्य हमें सौंपा है, उसमें बाधा उत्पन्न हो रही है। अब हमें भी अपने लिए कोई और काम सोचना चाहिए। हम दिनों दिन अपनी पहचान खोते जा रहे हैं।' एक शांत स्वभाव वाले बूढ़े मुर्गे ने बड़ी विनम्रता से अपनी बात रखी। कुछ मुर्गों ने उसकी बात का भी समर्थन किया।

'अब आप लोग ही कोई सुझाव दीजिए। क्या हमें बांग देने का काम छोड़ देना चाहिए?' मंच पर बैठे एक मुर्गे ने पूछा।

'कतई नहीं। कम से कम मैं तो बांग देना नहीं छोड़ूंगा। यह कार्य हमारे पूर्वज करते आ रहे हैं। आज भी गांव-देहात में लोग हमारी बांग पर ही उठते हैं।' एक बूढ़ा मुर्गा कांपती आवाज में बोला। सभी की निगाहें उसकी ओर चली गईं। तभी एक और बूढ़ा मुर्गा लड़खड़ाती आवाज में बोला,'लोगों की सुविधा के लिए हमें अपने-आप को कतई नहीं बदलना चाहिए। वह भी तब, जब लोग जानबूझ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। मेरा तो मानना है कि इस समय हमारी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। हमें इसे और भी जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए।'

'मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं। मुझे विश्वास है कि देर-सवेर लोग इस बात को जरूर समझेंगे। वे सुबह जल्दी उठेंगे। हमें हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। अपना कार्य जोर-शोर से करते रहना चाहिए।' एक और बूढ़े मुर्गे ने कड़कती आवाज में अपनी बात रखी। उसकी बात समाप्त होते ही चारों ओर सन्नाटा छा गया। सभी एक-दूसरे की ओर देखने लगे। युवा मुर्गे भी खामोश रहे। उन बूढ़े मुर्गों की बात सुनकर सभी का टूटा विश्वास फिर से लौट आया था। धीरे-धीरे सभी बूढ़े मुर्गों की बातों पर सहमत हो गए। अंत में यह तय किया गया कि वे सुबह बांग देना बिल्कुल नहीं छोड़ेंगे। कभी न कभी तो वह दिन आएगा, जब लोग जल्दी सोने और जल्दी उठने के फायदे समझेंगे और इस आदत को अपनाएंगे। *

कविता
शिवचरण चौहान




## टिटहरी का गीत

टिट टिटहरी टिट टिटहरी
टी टी टी टी बोले।
उड़े गगन में ऊंचे चिड़िया
पंख हवा में तोले।।
नहीं टिटहरी बैठा करती
कभी किसी भी पेड़ में।
बैठा करती टीले ऊपर
कभी खेत की मेड़ में।
नन्हे-नन्हे बच्चे इसके
लगते कितने भोले।।
पंख हवा में तोले।।
लाल चोंच है,पीठ सिलेटी
और पैर हैं पीले।
ताल किनारे रहती
फिर भी पैर न करती गीले।
अरी टिटहरी घर आ मेरे
बिस्तर में आ सो ले।।
पंख हवा में तोले।।

## रंग भरो-153

**रंग भरो-153** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




**निशिता, दिल्ली**


दिव्यांश, दुर्ग


दिव्या, बिलासपुर


डॉली, मटियारी


दीक्षा, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आतिया-बहादुरगढ़, प्रगति-बिलासपुर, सौम्य-बालोद, युक्ति-धमतरी, दिशांत-महेंद्रगढ़, शुभम-बिलासपुर, लोकेश-रोहतक, कमल-महासमुंद, प्रिया-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, रौनक-धमतरी, कृश-बालोद


अंकित, धमतरी

## रंग भरो 154

बच्चों, इस चित्र में चिंटू अपने डॉगी को प्यार से खाना दे रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## एक समान चित्र खोजो

बच्चों, यहां मंकी के कई सारे चित्र दिए गए हैं। इनमें से दो चित्र बिल्कुल एक जैसे हैं। तुमको एक जैसे दिखने वाले दोनों चित्रों को खोजना है। जल्दी से खोजो जरा




उत्तर: d और e

**क्रिकेट : जाइंट किलर अफगानिस्तान का सपना टूटा, 9 विकेट से मिली हार**

# दक्षिण अफ्रीका 'चोकर्स' नहीं 'विनर्स', पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| तारोबा

अपने जांबाज प्रदर्शन से सभी का दिल जीतने वाले अफगानिस्तान का टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया जब दक्षिण अफ्रीका ने अपने पर लगा 'चोकर्स' का ठप्पा हटाते हुए उसे 9 विकेट से हराकर पहली बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अब दक्षिण अफ्रीका का सामना शनिवार को फाइनल में भारत या इंग्लैंड से होगा। इस हार के बावजूद हालांकि अफगान टीम फख्र के साथ सिर ऊंचा करके स्वदेश लौटेगी जिसने अपने जुझारू प्रदर्शन से समूचे क्रिकेट जगत को चौंका दिया है।

दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी का नमूना पेश करते हुए अफगानिस्तान को मात्र 56 रन पर आउट कर दिया। मार्को जेनसन ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि कैगिसो रबाडा ने 14 और एनरिच नॉर्किया ने सात रन देकर दो दो विकेट चटकाए। पावरप्ले के भीतर अफगानिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 28 रन था और पूरी टीम 11.5 ओवर में आउट हो गई। क्विंटोन डिकॉक का विकेट जल्दी गंवाने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने 8.5 ओवर में 60 रन आसानी से बना डाले। रीजा हेंडरिक्स 29 रन बनाकर और कप्तान एडेन माक्ररम 23 रन बनाकर नाबाद रहे।




### पिच खराब, की कड़ी आलोचना

'मैं खुद को परेशानी में नहीं डालना चाहता और मैं अंगूर खट्टे हैं जैसा मामला भी नहीं बनना चाहता लेकिन यह उस तरह की पिच नहीं थी जिस पर कोई विश्व कप का सेमीफाइनल खेलना चाहेगा।'

- **जोनाथन ट्रॉट,** कोच, अफगानिस्तान



'अगर पिच की बात करें तो हमें खुशी है कि इस पर दोबारा नहीं खेलना है। टी20 क्रिकेट में आप मनोरंजन चाहते हैं। पूरे टूर्नामेंट में पिचें चुनौतीपूर्ण थी। वैसे यह कहना मुश्किल है कि विकेट कठिन थी क्योंकि हमेशा यह बल्लेबाजों का खेल तो नहीं हो सकता। ऐसी विकेटों पर जीत के रास्ते निकालना अहम था।'

- **एडेन माक्ररम** कप्तान, द.अफ्रीका



### दिग्गज हुए खुश

'हम फाइनल में पहुंच गए। कप्तान एडेन माक्ररम और टीम के लिए बहुत खुश हूं। बस एक जीत और।'

- **ग्रीम स्मिथ** पूर्व कप्तान

'काफी जज्बाजी हो गया हूं। हम फाइनल में हैं। यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है।भावविभोर हूं।'

- **डेल स्टेन** तेज गेंदबाज

'दक्षिण अफ्रीका की टीम को पहली बार टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचने की बधाई।'

- **दक्षिण अफ्रीका सरकार**

'हमने ऐसे परिणाम की उम्मीद नहीं की थी लेकिन अफगानिस्तान टीम को पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन की शाबासी। दक्षिण अफ्रीका को भी पहली बार फाइनल में पहुंचने पर बधाई।'

- **अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड**

**कोपा अमेरिका**

## वेनेजुएला की टीम क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| इंगलवुड

*वेनेजुएला ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मैक्सिको को 1-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। मैच का एकमात्र गोल 57वें मिनट में सालोमोन रोन्डोन ने पेनल्टी किक पर किया। इस हार से मैक्सिको पर पहले दौर से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। वेनेजुएला ने अपने पहले मैच में इक्वाडोर को 2-1 से पराजित किया था और उसका ग्रुप बी में शीर्ष दो टीम में रहना तय है। वह अपना आखिरी मैच रविवार को जमैका के खिलाफ खेलेगा।*

## ग्रैंडमास्टर गुकेश ने बोगडान को हराया



*बुखारेस्ट। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में रोमानिया के डेक बोगडान-डैनियल को हराकर सकारात्मक शुरुआत की। इस टूर्नामेंट में चुनौती पेश कर रहे एक अन्य भारतीय आर प्रज्ञाननंदा ने कड़ी मेहनत की लेकिन उन्हें उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। अमेरिका के फैबियानो कारुआना भी शुरुआती दौर में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। उन्होंने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया।*

**खबर संक्षेप**



### लंदन में आयोजित होगी वैश्विक शतरंज लीग

**लंदन।** दूसरी वैश्विक शतरंज लीग का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वैश्विक शतरंज लीग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ और टेक महिंद्रा की संयुक्त पहल है। दस दिन तक चलने वाली इस लीग का आयोजन सेंट्रल लंदन के फ्रेंड्स हाउस में किया जाएगा जिसमें दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भाग लेंगे। यह लीग टीम आधारित प्रारूप में खेली जाएगी जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन सहित कई युवा खिलाड़ी भी भाग लेंगे। प्रत्येक टीम में 6 खिलाड़ी होंगे।

### बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज : कपिल

**नई दिल्ली।** जसप्रीत बुमराह मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने अब तक 23 ओवर में 11 विकेट चटकाए हैं।



भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा, 'बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। ये युवा हमसे कहीं बेहतर हैं। हमारे पास अधिक अनुभव था। वे बेहतर हैं।' बुमराह को इस समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज माना जाता है। भारत के लिए 26 टेस्ट खेल चुके इस गेंदबाज ने 159 विकेट चटकाए हैं। वह 89 वनडे में 149 विकेट और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 85 विकेट झटक चुके हैं।

### महिलाओं के लिए और टेस्ट की मांग

**चेन्नई।** दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट



ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट से पहले महिला क्रिकेट कैलेंडर में और अधिक टेस्ट मैच शामिल करने की मांग की। लौरा ने साथ ही अपने देश के घरेलू ढांचे में भी लाल गेंद वाले टूर्नामेंट को शामिल करने की मांग की। भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम यहां चेपक में इतिहास के अपने तीसरे और लगभग 10 वर्ष में पहले टेस्ट के लिए आमने सामने होंगी।

## किरण ने 400 मीटर में स्पर्धा में हासिल किया ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| पंचकुला

हरियाणा की किरण पहल ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में 50.92 सेकंड का समय निकालकर महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया।

महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में क्वालीफाइंग मार्क 50.95 सेकंड था जिससे किरण अगले महीने होने वाले ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने में सफल रही। यह इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ समय था और इसके साथ ही वह 51 सेकंड से कम समय में रेस पूरी करने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बनीं। वह गुजरात की देवी अनिबा जाला से आगे रहीं जिन्होंने 53.44 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान प्राप्त किया। केरल की स्नेहा के 53.51 सेकेंड से तीसरे स्थान पर रहीं।







### टेस्ट : भारत की युवा खिलाड़ियों पर नजर

**चेन्नई।** भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में जब आमने-सामने होंगी तो युवा विशेषकर पदार्पण करने वाली खिलाड़ियों पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। महिला खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट खेलने का कम मौका मिलता है और ऐसे में भारतीय टीम में शामिल कम से कम पांच खिलाड़ियों को यहां पदार्पण करने का मौका मिल सकता है। भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम एक दूसरे के खिलाफ लगभग एक दशक बाद टेस्ट मैच खेलेंगी।

## मुगुरुजा डब्लूटीए फाइनल्स की नई टूर्नामेंट निदेशक

**रियाद।** हाल ही में टेनिस को अलविदा कहने वाली दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन गार्बाइन मुगुरुजा सउदी अरब में 2024-26 में होने वाले डब्लूटीए फाइनल्स की टूर्नामेंट निदेशक होंगी। मुगुरुजा पहली पूर्व खिलाड़ी है जो सत्र की आखिरी चैंपियनशिप में यह पद संभालेंगी। शीर्ष आठ एकल खिलाड़ियों और शीर्ष आठ महिला युगल टीमों के बीच होने वाला यह एलीट टूर्नामेंट पहली बार इस साल सउदी अरब में दो से नौ नवंबर के बीच होगा। मुगुरुजा ने टूर पर आखिरी बार जनवरी 2023 में खेला था।



**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91 755 4027100, 2774340/42, वेबसाइट : www.mpstdc.com
Your host in the heart of India www.mpstdc.com
क्रमांक 124/यांत्रिकी/पविनि/24 दिनांक : 27.06.2024

**निविदा सूचना 63/2024_STDC_353945_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम : **जिला शहडोल स्थित इकाई सरसी आइलैंड में लेण्डस्केपिंग एवं अन्य सिविल कार्य। (10 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 122.49 लाख**
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 18.07.2024 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/115120/2024 **कार्यपालन यंत्री**

**कार्यालय नगर परिषद, सालीचौका जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)**
Phone:07791-251251, E-Mail- cmosalichoka@mpurban.gov.in
क्र./362/PWD/NP/2024 डिण्डौरी दिनांक-30/01/2024

**// निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीकृत प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2024_UAD_353340 dt.- 27.06.2024 | Construction Of Samudayak Bhawan At Ramjanki Mandir, Word No. 09, Salichouka | 03 माह 9,49,880.00 | 2,000/- 9,500/- | 29.07.2024 |
| 2024_UAD_353341 dt.-27.06.2024 | Construction of CC Road at Hariram Dhanak To Shamshangh Ward No. 15, Salichouka | 03 माह 11,91,357.00 | 2,000/- 9,500/- | 29.07.2024 |
| 2024_UAD_353342 dt.- 27.06.2024 | Construction Of C.C. Road at Chhannu Ahi To Kailash Verma Ward No. 05, Salichouka | 03 माह 13,93,400.00 | 2,000/- 10,500/- | 29.07.2024 |

शर्त :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से सामाचार पत्र में प्राकशन नहीं किया जायेगा।
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सालीचौका**

## श्रीलंकाई कोच सिल्वरवुड ने पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने बृहस्पतिवार को टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पद से इस्तीफा दे दिया। पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने भी सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सिल्वरवुड ने एक बयान में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब लंबे समय तक अपनों से दूर रहना है। अपने परिवार से सलाह लेने के बाद मैं भारी मन से घर लौटने और परिवार के साथ समय बिताने का फैसला ले रहा हूं। श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा रहना मेरे लिए फख्र की बात रही है। मैं काफी अच्छी यादें लेकर जा रहा हूं।'



**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी उत्तर (सा.) वनमण्डल, बालाघाट म.प्र.**
dfotnbghat@mp.gov.in Telephone No. : (07632) 247044

**GeM Bid Year 2024-25**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट के अंतर्गत कैम्पा मद से किराये के कुल 08 गश्ती वाहनों को मासिक दर लगाया जाना प्रस्तावित है। वनमण्डल के 07 परिक्षेत्रों एवं 01 उप वनमण्डल हेतु अनुबंधित वाहनों के लिये सर्विस प्रोवाईडर से निम्नानुसार GeM Bid के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

**सर्विस का विवरण**

| क्र. | GeM Bid No. | सामग्री का नाम | वाहन संख्या | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2024/B/5081615 Dt. 24-06-2024 | Monthly Basis Cab and Taxi Hiring Service - Without Fuel | 08 No. | 20000 |

उपरोक्त सर्विस से संबंधित निविदा/Bid में अधिरोपित नियम/शर्ते Bid के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।
**वनमण्डलाधिकारी**
G-12470/24 **उत्तर सा. वनमण्डल बालाघाट**

**कार्यालय नगर परिषद मानपुर जिला उमरिया (म.प्र.)**
Email-cmomanpur.uma@mpurban.gov.in
क्र./555/न. परि./2024 मानपुर, दिनांक 27/06/2024

**सर्व साधारण सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरीय निकाय का गठन दिनांक 17 नवम्बर 2020 को होने के उपरांत परिषद का गठन दिनांक 10 अगस्त 2022 को हो चुका है। गठन पश्चात परिषद द्वारा प्रस्ताव क्र. 05 दिनांक 21.04.2023 द्वारा निकाय क्षेत्र के आवासीय एवं गैर आवासीय (व्यवसायिक) भवनों/दुकानों/दैनिक/साप्ताहिक बाजार पर निम्नानुसार कर आरोपित किये जाते हैं :-
(1) समेकित कर :- 150 रु. वार्षिक।(2) सम्पत्ति कर :- म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित दर।(3) शिक्षा उपकर :- म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित दर।(4) विकास उपकर :- म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित दर।(5) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन :- 30 रु. मासिक।(6) जलकर:- गठन दिनांक से 50/- प्रतिमाह एवं दिनांक 21.04.2023 से 70/- मासिक कर निर्धारण।(7) वाहनों का किराया निर्धारण :- बड़ी बस 20/-, छोटी बस 10/-, मालवाहक वाहन 20/- एवं आटो एवं अन्य छोटे वाहन 10/- (8) भवन निर्माण के पूर्व भवन मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है।(9) पुरानी पंचायत की दुकानें निकाय गठन दिनांक 17 नवम्बर 2020 से 4000/- मासिक निर्धारित किया जाता है तथा काबिजदार तत्काल नया अनुबंध करावें अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।(10) अस्थायी दखल कर 05 फिट की दुकान 10/-, 10 फिट की दुकान 20/-, भूंजी मछली 10/-, कच्ची मछली 20/- (11) साप्ताहिक बाजार बैठकी थोक व्यापारी 30/-, हाथ ठेला (चलित) 10/-, हाथ ठेला (स्थायी) 20/- (12) नगर में कोई व्यापारी वाहन द्वारा सामान लाने आटो 10/-, छोटा हाथी/पिकप 20/-, मिनी ट्रक 50/-, ट्रक (बड़ा) 100/-, ट्रक बड़ा (सीमेण्ट) 200/-
अत: उपरोक्तानुसार समय पर समस्त करों का भुगतान करते हुए निकाय के विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करें।
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद मानपुर**
**जिला - उमरिया (म.प्र.)**

**कोर्ट विद्यमान अपर जिल्हाधिकारी, भंडारा यांचे न्यायालय**
अ.क्र.प्रस्तूतकार/अतिजि/कावि/३९६/२०२४ दि. २५/०६/२०२४
अ.क्र.प्रस्तूतकार/अतिजि/कावि/३९७/२०२४ दि. २५/०६/२०२४

**जाहीर सुचना**

अपिलार्थी :- **रविदयाल ईश्वरदयाल पटले**
राह. हरदोली ता. तुमसर विरूध्द
उत्तरार्थी :-
१. **उपविभागीय अधिकारी, तुमसर**
२. **लिलाबाई प्रितमलाल जैतवार,** राह. प्रितम विला, गडेवार नर्सिंगहोम. विनोबा भावे नगर, ता. तुमसर जि. भंडारा
३. **सुशिला गुरुप्रसाद बिसेन,** रा. पिपरिया ता. लालबर्रा जि. बालाघाट मध्यप्रदेश
४. **धनवंता दुर्गाप्रसाद बिसेन,** राह. कालीपत्थर ता. जि. जबलपूर मध्यप्रदेश.
या नोटीसव्दारे आपणांस सुचित करण्यात येते की, अपिलार्थी **श्री. रविदयाल ईश्वरदयाल पटले** राह. हरदोली ता. तुमसर यांनी आपल्या विरुद्ध अपील क्र. १०/आरटिएस-६४/२०२३-२४ आणि ११/आरटिएस-६४/२०२३-२४ दाखल केली आहे. आपण नोटीस घेणार तथा अपील प्रकरणातील उत्तरार्थी क्र. १ ते ४ विरूध्द अपील प्रकरण मा. न्यायालयात प्रलंबित आहे. आपल्या सर्वांच्या पत्यावर नोटीस पाठविण्यात आलेली आहे. परंतू नोटीस घेणार यास न्यायालयाचे नोटीस प्राप्त झालेली नाही किंवा अचुक पत्ता नसल्यामुळे ती आपणांस मिळाली नाही. त्यामुळे या जाहीर सुचनाव्दारे आपल्या विरूध्द दाखल केलेल्या अपिलाची सुचना देण्यात येत आहे. सदर अपील प्रकरणात **दिनांक ०५/०७/२०२४ रोजी सकाळी ११.०० वाजता** सुनावणी निश्चित केली आहे. सदर सुनावणीस आपण स्वतः अथवा आपण प्राधिकृत केलेली व्यक्ती यांनी हजर राहून आपले म्हणने सादर करावे. अन्यथा आपले काहीच म्हणने नाही असे गृहीत धरून एकतर्फी निर्णय घेण्यात येईल. याची नोंद घ्यावी.
ठिकाण : भंडारा
दि. २५/०६/२०२४ (शिक्का) **(श्रीमती आशा पठाण) अपर जिल्हाधिकारी, भंडारा**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ./स) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)**
**निविदा सूचना**
निविदा सूचना क्रमांक 03/वर्ष 2024-25/कार्य यंत्री यं. नरसिंहपुर, दिनांक 24/06/2024
निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई डी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु.राशि (रू लाख मे) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्रं. | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2024_PWDRB _353057_1 | नरसिंहपुर | विशेष मजबूतीकरण | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत गाडरवारा, कान्हरगांव मेंहगांव, आड़ेगांव मार्ग लंबाई 10.70 कि.मी. का **विशेष मजबूतीकरण** कार्य। | 203.89 | 2,04,000 | 15,000 | प्रथम आमंत्रण | 3 माह वर्षाऋतु रहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 2 | 2024_PWDRB _349898_2 | नरसिंहपुर | ए.आर.रोड़ | जिला नरसिंहपुर के नरसिंहपुर संभाग अंतर्गत सड़क, पुल, पुलिया, पेच एवं सी.सी. रोड़ फर्नीसर सहित आवश्यक रख-रखाव मरम्मत कार्य हेतु जोनल टेण्डर। (द्वितीय आमंत्रण) | 19.50 | 39,000 | 2,000 | द्वितीय आमंत्रण | 12 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 3 | 2024_PWDRB _349900_2 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण सड़क | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो हेतु मटेरियल सप्लाई का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 5.00 | 10,000 | 2,000 | द्वितीय आमंत्रण | 12 माह वर्षाऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 228.39 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नेलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 06.07.2024, (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 06.07.2024, (17.30) बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।
G-12496/24 **कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ./स) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)**




## प्रशासन का दावा, अवशेष फेंकने व पशु वध के साक्ष्य नहीं मिले

# पहाड़ी पर मिले पशु अवशेष 2 माह से 2 साल तक पुराने

जबलपुर।

कटंगी के पास तुल्लाबाबा की पहाड़ी पर मृत मवेशियों के कंकाल मिलने की घटना के बाद हरकत में आए प्रशासन ने इस संवेदनशील मामलें की जांच महज 24 घंटे में पूरी कर ली है। प्रशासन का दावा है कि पहाड़ी पर कुल 57 जानवरों के अवशेष मिले थे इसमें महज पांच गोवंश के अवशेष हैं। ये सभी जानवरों के अवशेष दो माह से सवा दो साल पुराने होना प्रतीत हो रहे है। प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी में यह भी कहा गया है कि इस बात के साक्ष्य नहीं मिले हैं कि तुल्ला बाबा की पहाड़ी में मृत जानवरों को लाकर कोई फेंकता रहा है। कहा जा रहा है कि दुर्गम पहाड़ी में पालतू एवं जंगली जानवर घूमते रहते हैं। दुर्घटना या सामान्य मृत्यु होने पर शव वहीं पड़े रहते हैं, जो बाद में अवशेष में परिवर्तित हो जाते हैं। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कहा है कि प्रकरण में पुलिस द्वारा विवेचना की जा रही है। विस्तृत छानबीन और साक्ष्य के आधार पर विधि अनुसार कार्रवाई होगी।

### पसली अवशेष जांच में तीन पशुओं को काटने की पुष्टि

पशु चिकित्सकों की रिपोर्ट में ये भी स्पष्ट हुआ है कि तीन अवशेष जो पसली के रुप में मिले थे उनकी जांच में यह प्रतीत होता है कि उनको धारदार हथियार से काटा गया है। किन्तु यह अभी स्पष्ट नहीं है कि पसली गौवंश की है। प्रथम दृष्टया यह प्रतीत नहीं होता कि 57 पशुओं को मारा गया। यह साक्ष्य भी नहीं मिले की घटनास्थल पर जानवरों को अवैध ढंग से काटा जाता है या वहां मृत जानवरों को फेंका जा रहा हैं। दुर्घटना या सामान्य मृत्यु होने पर शव वहीं पड़े रहते हैं जो कालान्तर में अवशेष में परिवर्तित हो जाते हैं। इस पूरे मामलें में कटंगी बजरंग दल अध्यक्ष की शिकायत के आधार पर जांच की गई।



### कलेक्टर ने कराई पूरी जांच

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने पूरे मामले में एसडीएम, एसडीओपी, सीएमओ, तहसीलदार और थाना प्रभारी तथा पशु चिकित्सक से जांच करवाई थी। बता दे कि बुधवार सुबह ग्रामीणों ने कटंगी के पास पहाड़ी पर मृत मवेशियों के अवशेष देखे। यह सूचना गांव में आग की तरह फैली और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

### बजरंग दल ने दी थी सूचना

पूरे घटना की सूचना बजरंग दल के कटंगी अध्यक्ष ने दी थी इसके बाद अन्य हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ देर बाद एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, टीआई पूजा उपाध्याय, प्रशासनिक व नगरपालिका अधिकारी, पशु चिकित्सक व पुलिस बल मौके पर पहुंचा। मवेशियों के अवशेष (कंकाल) एकत्र कर पहाड़ी से नीचे लाए गए। जिन्हें पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सालय भेजा गया।

## पांच अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जनसुनवाई में समय सीमा पर प्रकरणों के निराकरण नहीं करने पर चार राजस्व अधिकारियों को तथा जिला शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। जिनमें अनुभागीय राजस्व अधिकारी जबलपुर द्वारा सर्पदंश से मृत्यु होने के कारण आर्थिक अनुदान सहायता में विलंब करने पर, अनुभागीय अधिकारी आधारताल द्वारा धारणाधिकार से संबंधित शिकायत नहीं करने पर, तहसीलदार आधारताल द्वारा प्रमाणित नकल नहीं देने पर, नायब तहसीलदार रांझी द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने तथा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वीकृत अर्जित अवकाश के भुगतान नहीं करने के मामले को लेकर कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर एक सप्ताह के अंदर उत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। समयावधि में उत्तर प्रस्तुत नहीं करने पर उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये है। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि प्रति मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सभी जिला अधिकारी स्वयं काउंटर पर उपस्थित होकर आवेदन प्राप्त करें। पूर्व की जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर हितग्राही से संपर्प कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। प्रथम बार प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण न होने से यह देखा जा रहा है कि दूसरी बार आये आवेदनों की संख्या बढ़ रही है। जिससे यह प्रतीत होता है कि अधिकारियों द्वारा शिकायतों के निराकरण के लिये उचित प्रयास नहीं किये जा रहे है, जो ठीक नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जन सुनवाई के प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करें अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## अमानक गेहूं खरीदी मामले में 7 लोगों पर एफआईआर दर्ज

जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर इन्द्रना रोड मझौली स्थित जगदीश वेयर हाउस में गेहूँ उपार्जन में बरती गई अनियमितताओं और अमानक गेहूँ का भंडारण करने के मामले में खरीदी संस्था की अध्यक्ष, वेयर हाउस की मालिक, खरीदी केंद्र प्रभारी, गोदाम प्रभारी और सर्वेयर सहित सात आरोपियों के विरुद्ध मझौली थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सिद्धार्थ राय की रिपोर्ट पर पुलिस ने जमुनिया निवासी अनीता लोधी, इंद्राना मझौली निवासी प्रकाश चंद्र कुशवाहा, आईटीआई करमेता निवासी दुर्गा मिश्रा, खबरा मझौली निवासी केशव राय एवं अखिलेश राय, मझौली निवासी संदीप राजपूत और गणपत पटेल के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240